निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स

बोकारो स्टील प्लांट में राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन

• बोकारो, शनिवार 1 नवम्बर 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 164 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित

# लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर एक साथ दौड़ा झारखंड

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची/पलामू/जामताड़ा/कोडरमा।** भारत को एकता के सूत्र में बांधने वाले लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में पूरा देश मना रहा है। 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर झारखंड पुलिस की ओर से भी रन फॉर यूनिटी में भाग लिया गया। सरदार पटेल की 150 जयंती को देश राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मना रहा है। इसी कड़ी में रांची जिले के न्यू पुलिस लाइन में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया जिसमें ग्रामीण एसपी प्रवीण पुष्कर के नेतृत्व में मेजर समेत पुलिस लाइन के सैकड़ों जवानों ने भाग लिया। रन फॉर यूनिटी को लेकर रांची के ग्रामीण एसपी प्रवीण पुष्कर ने बताया कि 31 अक्टूबर का दिन हर भारतीय के लिए गर्व का दिन होता है। भारत को एकता के सूत्र में पिरोने वाले लौह पुरुष की संज्ञा पाने वाले सरदार वल्लभभाई पटेल का जन्म दिवस है। सरदार पटेल ने जिस तरह से पूरे भारत को टूटने से बचाते हुए उसे एक किया, यह एक लौह पुरुष ही कर सकते थे, जिस तरीके से सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश को एकजुट किया, उसी का मैसेज देने के लिए रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया है। लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के मौके पर पलामू में मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। मैराथन दौड़ का नेतृत्व पलामू के जोनल आईजी शैलेंद्र कुमार सिन्हा ने किया। मैराथन दौड़ में पलामू एसपी रीष्मा रमेशन, एसडीपीओ मणि भूषण प्रसाद, आलोक कुमार टूटी, डीएसपी राजीव रंजन एवं राजेश यादव, लायंस क्लब रोटरी क्लब एवं संत मरियम स्कूल के बच्चे शामिल हुए। राष्ट्रीय एकता दिवस के मौके पर

पलामू में शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मेदिनीनगर टाउन थाना में जोनल आईजी शैलेंद्र कुमार सिन्हा के नेतृत्व में, एकता को लेकर शपथ ली गई। राष्ट्रीय एकता दिवस को लेकर देश की एकता, अखंडता एवं भाईचारे के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की गई। इसके साथ ही सभी ने एक स्वर में देश की एकता और शांति बनाए रखने की अपील के साथ संदेश दिया। सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती को जामताड़ा पुलिस ने राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया। इस मौके पर जामताड़ा पुलिस द्वारा रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया, जिसमें राष्ट्रीय एकता के लिए जिला पुलिस विभाग के सभी पदाधिकारी पुलिस जवान ने भाग लिया और दौड़ लगाई। पुलिस कप्तान राजकुमार मेहता के नेतृत्व में जिला पुलिस प्रशासन के सभी पदाधिकारी, पुलिस जवान और महिला जवान ने भाग लिया और राष्ट्रीय एकता के लिए दौड़ लगाई। कोडरमा के तिलैया थाना में आयोजित रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम में पुलिस जवान, चैम्बर ऑफ कॉमर्स, समाजसेवी, विभिन्न सामाजिक संगठन समेत अन्य लोगों ने भाग लिया। कोडरमा के तिलैया थाना क्षेत्र में यह दौड़ तिलैया थाना से निकलकर कोडरमा रेलवे स्टेशन होते हुए झंडा चौक तक पहुंची। यहां पहुंचने के बाद तिलैया थाना प्रभारी ने मैराथन में भाग लिया और सभी लोगों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। थाना प्रभारी ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर हम सब को यह संकल्प लेने की आवश्यकता है कि हम एक ऐसे समाज का निर्माण करें जहां सभी धर्मों, सभी जातियों के लोग आपसी भाईचारा के साथ एकता की मिशाल पेश करें। इस मौके पर चैम्बर ऑफ कॉमर्स के रामरतन महर्षि और अविनाश सेठ ने बताया कि पुलिस द्वारा यह एक अच्छी पहल है। उन्होंने कहा कि पुलिस के एकता संदेश को हमें आत्मसात करने की जरूरत है। हमें आपस में मिल जुलकर रहना है और एकता की एक मिशाल पेश करनी है।

## संक्षिप्त समाचार

### वाहन की ठोकर से छात्र की मौत

**गुमला(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के सदर थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसे में 10वीं कक्षा के एक छात्र की मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। यह घटना बीएड कॉलेज के पास हुई जहां एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी। मृतक छात्र की पहचान गणेशपुर डिपा निवासी सिकंदर राम तुरी के पुत्र कार्तिक राम तुरी के रूप में हुई है। इस हादसे में सिसई के मेरेंगबिरा गांव निवासी लोहरा उरांव घायल हुए हैं।

### घर की छत पर मिली नाबालिग की लाश

**गिरिडीह(नबिटा ब्यूरो)।** पचंबा थाना क्षेत्र के डंडियाडीह में छठी क्लास की एक नाबालिग छात्रा की लाश उसके घर की छत से बरामद हुई है। मृतका का नाम महजबी परवीन है। घटना उस वक्त घटी जब मृतका की मां और बहन शादी की हल्दी रश्म में शामिल होने पड़ोसी के यहां गईं थी जबकि महजबी घर के बाहर ही खेल रही थी। हल्दी की रश्म के बाद जब दोनों घर लौटी तो घर के अंदर महजबी को नहीं पाया। आसपास भी गईं लेकिन महजबी कहीं न मिली जबकि दरवाजे पर ताला लटका देखा। फिर दूसरे के छत के सहारे वे अपने मकान की छत पर पहुंचे। यहां देखा कि महजबी का शव पड़ा हुआ है। लाश को देखते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

### नवजात का सिर मिला, धड़ गायब

**मेदिनीनगर(नबिटा ब्यूरो)।** पलामू जिले में एक नवजात शिशु की हत्या कर दी गई है। दो से तीन दिन के बच्चे का सिर धड़ से अलग कर दिया गया। उसका सिर शहर थाना क्षेत्र में झाड़ियों से बरामद हुआ है जबकि धड़ अभी तक नहीं मिला है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। यह घटना शहर थाना क्षेत्र की है। पांकी रोड पर जीएलए कॉलेज के आगे संत जेवियर स्कूल के पीछे हनुमान नगर में टेढ़वा नदी के किनारे झाड़ी में नवजात का कटा सिर मिला। बच्चे का धड़ मौके से गायब होने के कारण इलाके में सनसनी फैल गई है।

### एनजीओ संचालकों ने सिविल सर्जन का किया विरोध

**धनबाद(नबिटा ब्यूरो)।** शुक्रवार को रक्तदान अभियान को लेकर बुलाई गई एनजीओ संचालकों की बैठक अचानक रद्द होने पर उन्होंने सिविल सर्जन कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। एनजीओ प्रतिनिधियों ने सिविल सर्जन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए नाराजगी व्यक्त की। इंडियन रेडक्रॉस के माध्यम से सिविल सर्जन ने एनजीओ संचालकों को सुबह 11 बजे बैठक के लिए बुलाया था। इस बैठक का उद्देश्य जिले में रक्तदान शिविरों का बेहतर संचालन और जागरूकता बढ़ाना था। हालांकि, तय समय बीत जाने के बाद भी सिविल सर्जन स्वयं बैठक में शामिल नहीं हुए। लगभग एक घंटे तक इंतजार करने के बाद भी जब कोई आधिकारिक सूचना नहीं मिली तो निराश होकर उन्होंने कार्यालय परिसर के बाहर अपनी नाराजगी जताई।

## झारखंड पुलिस की वीरता को मिला बड़ा सम्मान

# आइपीएस अमोल होमकर, माइकल राज समेत कई पुलिस अधिकारियों को मिला केंद्रीय गृह मंत्रालय दक्षता पदक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** झारखंड पुलिस की वीरता को एक बार फिर से बड़ा सम्मान मिला है। अपने विशेष रणनीति के बल पर झारखंड में नक्सलियों का सफाया करने वाले आईपीएस अमोल वेणुकांत होमकर को केंद्रीय गृह मंत्रालय दक्षता पदक से नवाजा गया है। अमोल होमकर के अलावा झारखंड पुलिस के अन्य 13 पुलिस अफसरों को भी इस पदक से सम्मानित किया गया है। बता दें कि केंद्रीय गृह मंत्रालय दक्षता पदक हर साल 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर प्रदान किया जाता है। यह पदक पुलिसकर्मियों के द्वारा विशेष अभियान, जांच और फोरेंसिक विज्ञान में असाधारण सेवा के लिए प्रदान किया जाता है। जिन्हें पदकों से नवाजा गया है उनमें आईपीएस अमोल वेणुकांत होमकर आईपीएस माइकल राज, आईपीएस इंद्रजीत महता, आईपीएस सुरेंद्र कुमार झा, आईपीएस

मनोज स्वर्गियरी, डिप्टी कमांडेंट मिथिलेश कुमार, सब इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार, सब इंस्पेक्टर मंटू कुमार, कांस्टेबल दीनबंधु शेखर, कांस्टेबल पारस कुमार वर्मा, कांस्टेबल विकास कर्मकार, कांस्टेबल भागीरथ रजवार, कांस्टेबल शिवनंदन हांसदा एवं कांस्टेबल अजय मेहता शामिल हैं। ज्ञात हो कि साल 2025 के अप्रैल महीने में झारखण्ड के नक्सल इतिहास में पहली बार एक साथ आठ नक्सली मारे गए जिसमें एक करोड़ का इनामी भी शामिल था। झारखंड पुलिस से लेकर केंद्रीय गृह मंत्रालय तक इस सफलता को लेकर गुड फील करते नजर आए थे। अब केंद्रीय गृह मंत्रालय के द्वारा इस अभियान में शामिल 14 अफसरों और कर्मियों को पदकों से सम्मानित किया गया है। आपको बता दें कि झुमरा और पारसनाथ में मिली सफलता के पीछे की कहानी बड़ी दिलचस्प है। झारखंड के तीन दिग्गज आईपीएस अफसरों के दो महीने की मेहनत का फल था। एक करोड़ के इनामी विवेक और उसके सात साथियों का एनकाउंटर। तीन आईपीएस अफसरों में एक तो खुद तत्कालीन आईजी अभियान अमोल होमकर ही थे। बोकारो के लुगु पहाड़ में 21 जनवरी को दो माओवादियों को मार गिराया था। इसी अभियान के दौरान 15 लाख का इनामी रणविजय महतो गिरफ्तार भी हुआ था लेकिन 20 अप्रैल को जो हुआ उसने इतिहास बन दिया।

## महागठबंधन में बढ़ी खटास

# बिहार चुनाव में सीएम हेमंत सोरेन नहीं करेंगे प्रचार!

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** बिहार विधानसभा चुनाव में महागठबंधन के अंदर सीटें नहीं मिलने से नाराज झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष सह राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन चुनाव प्रचार से दूर रहेंगे। जेएमएम के इस रुख से कहीं ना कहीं झारखंड में महागठबंधन के अंदर जारी विवाद की खाई चौड़ी होती जा रही है। पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडे की मानें तो बिहार में हमें चुनाव लड़ने का मौका ही नहीं दिया गया। ऐसी स्थिति में वहां महागठबंधन को हमारे स्टार प्रचारक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जरूरत ही नहीं है और ना ही इस संदर्भ में उन्हें कोई आमंत्रण मिला है। अगर जरूरत होगी, परिस्थितियां बनेगी तो हमारे नेता निर्णय लेंगे लेकिन जहां तक मुझे जानकारी है पार्टी ने अब तक कोई ऐसा निर्णय नहीं लिया है। अगर हम बिहार में चुनाव ही नहीं लड़ रहे हैं तो चुनाव प्रचार किसका करेंगे। मनोज पांडे ने कहा कि वहां हम गठबंधन में है ही नहीं हैं। हमें मौका ही नहीं दिया गया तो हम चुनाव प्रचार किसका करेंगे। हम लोग तो महागठबंधन का धर्म निभा रहे हैं और झारखंड में सरकार चल रही है लेकिन बिहार में ऐसा नहीं है। अगर चुनाव प्रचार के लिए बोला जाएगा तो उस पर हमारे नेता निर्णय लेंगे। इधर प्रदेश कांग्रेस महासचिव आलोक दुबे ने उम्मीद जताते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बिहार चुनाव में जरूर स्टार प्रचारक के रूप में जाएंगे। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि कांग्रेस नेताओं के द्वारा उनसे संपर्क किया गया है। उन्होंने महागठबंधन के अंदर कोई नाराजगी नहीं होने का दावा करते हुए ऑल इज वेल की बात कही है।

# किराना दुकान-गोदाम में लगी भीषण आग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मेदिनीनगर।** शहर के कांदू मोहल्ला स्थित एक किराना दुकान और गोदाम में शुक्रवार सुबह भीषण आग लग गई। इस घटना में लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। अग्निशमन विभाग, पुलिस और स्थानीय लोगों की तत्परता से करीब चार घंटे बाद आग पर काबू पाया जा सका। यह दुकान विजय अग्रवाल की थी, जिसका संचालन पिछले तीन साल से किया जा रहा था। यहां खुदरा के साथ-साथ थोक सामानों की भी बिक्री होती थी। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है, हालांकि इसकी स्पष्ट पुष्टि नहीं हो पाई है। जानकारी के अनुसार, आग सुबह करीब 4 बजे लगी। दुकान मालिक विजय अग्रवाल अपने मकान के निचले हिस्से में यह दुकान और पीछे दो गोदाम चलाते थे। घर के लोगों ने आग देखकर तत्काल आसपास के लोगों को सूचित किया। सूचना मिलने पर शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर ज्योति लाल रजवार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तेज लपटों के कारण शुरुआती सफलता नहीं मिली। करीब दो घंटे बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का काम शुरू किया तब तक दुकान और गोदाम का काफी सामान जलकर नष्ट हो चुका था। एक-एक करके तीन दमकल गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया गया। दुकान और गोदाम का एक ही प्रवेश द्वार होने के कारण गोदाम को जलने से बचाना मुश्किल हो गया था। सुबह 8:30 बजे तक आग पर पूरी तरह नियंत्रण पा लिया गया। विजय अग्रवाल ने बताया कि आग से हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है, जिसके बाद ही सटीक जानकारी दी जा सकेगी। हालांकि, प्रारंभिक अनुमान के अनुसार लाखों रुपये का नुकसान होने की संभावना है।

# न्यायालय से जुड़े कार्यों को शीघ्र निपटाएं : एसएसपी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**धनबाद।** वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला पुलिस मुख्यालय स्थित सभागार में न्यायालय से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान न्यायालयों से प्राप्त आदेशों, प्रतिवेदनों, वारंट एवं कुर्की की कार्रवाई पर विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में एसएसपी ने कहा कि न्यायालय से प्राप्त सभी आदेशों पर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि माननीय न्यायालय से आने वाले सभी प्रतिवेदन और निर्देशों का निपटारा प्राथमिकता के आधार पर किया जाए, ताकि न्यायिक प्रक्रिया में अनावश्यक विलंब न हो। बैठक के दौरान एसएसपी प्रभात कुमार ने सभी कोर्ट नोडल पुलिस पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन मामलों में गवाही निर्धारित है, उन मामलों के गवाहों को गवाही की तिथि की जानकारी समय से पहले उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि इससे गवाहों की न्यायालय में उपस्थिति सुनिश्चित हो सकेगी और मामलों के शीघ्र निपटारे में सुविधा होगी। एसएसपी ने यह भी स्पष्ट किया कि बार-बार सूचना देने के बावजूद यदि कोई गवाह अनुपस्थित रहता है, तो संबंधित वरीय पदाधिकारी को इसकी सूचना दी जाए ताकि आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। बैठक के दौरान पूर्व में दिए गए निर्देशों की समीक्षा करते हुए एसएसपी ने कोर्ट नोडल अधिकारियों को कहा कि वे प्रत्येक मुकदमे से संबंधित सूचनाओं को नियमित रूप से अपडेट करें और सम्बन्धित पदाधिकारी तक समय पर पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि सभी पुलिस पदाधिकारी यह सुनिश्चित करें कि गवाही की तारीख, स्थान और मुक़द्दमे से जुड़ी जानकारी गवाहों तक पूर्व सूचना के माध्यम से पहुंच जाए ताकि सभी मुक़द्दमों का स्पीडी ट्रायल हो सके। बैठक के दौरान निर्देशित किया कि न्यायालयों से प्राप्त वारंट एवं कुर्की संबंधी आदेशों को यथाशीघ्र तामिल किया जाए। उन्होंने कहा कि अदालत से संबंधित सभी मामलों में समय पालन और पारदर्शिता पुलिस की जिम्मेदारी है, इसलिए प्रत्येक पुलिस पदाधिकारी व्यक्तिगत रूप से निरंतर इसकी निगरानी करें। बैठक में एसएसपी प्रभात कुमार, डीएसपी मुख्यालय 2 धीरेंद्र नारायण बंका, सभी कोर्ट नोडल पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान अधिकारियों ने विभिन्न लंबित न्यायालयी मामलों की स्थिति पर चर्चा की और उनके त्वरित निपटारे की रूपरेखा तैयार की।

# मिलनसार व समाजसेवी थे सरयू महतो : हेमंत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रामगढ़।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शुक्रवार को दुलमी प्रखंड क्षेत्र के होहद गांव पहुंचे। यहांउन्होंने रामगढ़ विधायक ममता देवी के ससुर एवं कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो के पिता दिवंगत सरयू महतो के श्राद्धकर्म में शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने स्वर्गीय सरयू महतो की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर नमन किया और शोकाकुल परिवार से मिलकर गहरी संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि स्वर्गीय सरयू महतो मिलनसार और समाजसेवी थे, जिन्होंने हमेशा जनता के बीच रहकर समाज को जोड़ने और लोगों की भलाई के लिए कार्य किया। उन्होंने कहा कि दुःख की इस घड़ी में राज्य सरकार और पूरा समाज परिवार के साथ खड़ा है। मुख्यमंत्री ने परिवार के सदस्यों से मिलकर उन्हें ढाढ़स बंधाया। श्राद्धकर्म के दौरान मुख्यमंत्री छोटे-छोटे बच्चों से बातचीत करते नजर आए। बच्चों से स्नेहपूर्वक बातें करते हुए उन्होंने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। श्रद्धांजलि सभा में झारखंड विधानसभा अध्यक्ष

रवींद्रनाथ महतो, पेयजल व स्वच्छता मंत्री योगेंद्र प्रसाद, ईचागढ़ विधायक सविता महतो, कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर समेत झामुमो, कांग्रेस और अन्य दलों के कई वरिष्ठ नेता, पंचायत प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे थे। सभी ने स्व। सरयू महतो की सादगी को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। जगह-जगह पुलिस बल की तैनाती की गयी थी। मौके पर रामगढ़ उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज, दुलमी बीडीओ अमित कुमार, चितरपुर सीओ दीपक मिंज समेत कई प्रशासनिक अधिकारी के अलावा परिवार के सदस्य बजरंग महतो, अमित महतो, संजय पटेल, शालिनी प्रिया सहित कई मौजूद थे।

बिहार-झारखण्ड का अपना अखबार

नवबिहार टाइम्स

आवश्यकता

1. बोकारो जिला मुख्यालय के अलावा प्रत्येक प्रखंड के लिए संवाददाता चाहिए।

2. नवबिहार टाइम्स के बोकारो कार्यालय के लिए उप सम्पादक/कार्यालय संवाददाता की आवश्यकता है। हिन्दी में समाचार लिखने और समाचार की समझ रखने वाले अनुभवी संवाददाता ही सम्पर्क करें। मानदेय-योग्यतानुसार।

3. बोकारो कार्यालय के लिए एक चतुर्थवर्गीय कर्मचारी की आवश्यकता है। बोकारो, चास या आस-पास का ही निवासी होना अनिवार्य है

सम्पर्क करें:-

7295863300/8210783623

'नवबिहार टाइम्स' कार्यालय, 31 कॉपरेटीव कॉलोनी बोकारो (झारखण्ड) मो0- 7004247547/6206165107

E-mai : nbtimesbihar@gmail.com

# केरेडारी सीएचसी की अव्यवस्था पर सांसद प्रतिनिधिमंडल का हजारीबाग सिविल सर्जन को ज्ञापन

## 15 दिनों में चिकित्सक की नियुक्ति का सिविल सर्जन ने दिया आश्वासन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हजारीबाग।** केरेडारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में चल रही कुव्यवस्था और चिकित्सीय लापरवाही के खिलाफ शुक्रवार को हजारीबाग लोकसभा सांसद मनीष जायसवाल के निर्देश पर सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार से मुलाकात की और उन्हें एक ज्ञापन सौंपा।

प्रतिनिधिमंडल ने सिविल सर्जन को अवगत कराया कि बीते दिनों छठ महापर्व के दौरान तालाब में डूबने से दो बच्चियों की मृत्यु की घटना के समय केरेडारी सीएचसी में कोई चिकित्सक मौजूद नहीं था, जिससे गंभीर चिकित्सीय लापरवाही उजागर हुई। इस पर प्रतिनिधिमंडल ने दोषी चिकित्सक और संबंधित स्वास्थ्यकर्मियों पर विभागीय कार्रवाई की मांग की, साथ ही केरेडारी सीएचसी में पर्याप्त संख्या में डॉक्टर और चिकित्सा कर्मियों की नियुक्ति की आवश्यकता जताई। बैठक के दौरान सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी और भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल मिश्रा भी उपस्थित रहे। सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार ने प्रतिनिधिमंडल को भरोसा दिलाया कि अगले 15 दिनों में केरेडारी सीएचसी में चिकित्सक की पदस्थापना सुनिश्चित कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि ड्यूटी से अनुपस्थित चिकित्सकों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई हेतु अनुशंसा की जा चुकी है, और संबंधित फाइल उच्च अधिकारियों को भेज दी गई है। डॉ. कुमार ने कहा, ह्यमामले की जांच प्रारंभ कर दी गई है। मैंने स्वयं घटना स्थल का निरीक्षण किया है और दोषी चिकित्सकों एवं कर्मियों पर कार्रवाई की गई है। हमारा प्रयास है कि 15 दिनों के भीतर केरेडारी सीएचसी की सभी स्वास्थ्य सेवाएं पूर्ण रूप से सुचारू कर दी जाएं, ताकि आम जनता को किसी प्रकार की कठिनाई न हो।ह्व सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह ने मीडिया से कहा कि यह घटना बेहद दुखद है। उन्होंने कहा, 'हमने सांसद मनीष जायसवाल जी के निर्देश पर सिविल सर्जन को ज्ञापन सौंपा है। यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो हम आंदोलन करने को बाध्य होंगे। जरूरत पड़ी तो सिविल सर्जन कार्यालय के बाहर धरना भी देंगे।' उन्होंने आगे कहा कि लोकसभा क्षेत्र की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना सांसद मनीष जायसवाल का संकल्प है, और प्रतिनिधिमंडल उस दिशा में पूर्ण निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगा।

# सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर निकाली गई रन फॉर यूनिटी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरही।** आजादी के बाद रियासतों में बंटे भारत को एकजुट करने वाले देश के पहले गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर रन फॉर यूनिटी निकाली गई। रन फॉर यूनिटी में बरही एसडीओ जोहन टुडु, एसडीपीओ अजीत कुमार विमल, बीडीओ जयपाल महतो, सीओ चंद्रशेखर कुणाल, पुलिस निरीक्षक सह थानाप्रभारी विनोद कुमार विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, पुलिसकर्मी और नागरिक शामिल थे। सभी लोग बरही चौक पर इकट्ठा हुए और एकता के लिए दौड़ लगाते हुए बरही के 203 कोबरा बटालियन के मुख्यालय तक गए। रन फॉर यूनिटी निकालने के पूर्व सभी लोगों ने सरदार वल्लभभाई पटेल को नमन किया और देश की एकता अखंडता और सद्भाव का संकल्प लिया। एसडीओ जोहन टुडु और एसडीपीओ अजीत कुमार विमल ने कहा कि आपसी सद्भाव और एकता से ही देश एकजुट रहेगा। देश की एकजुटता और विकास के लिए युवाओं को नशा से दूर रहना है। युवा ही देश के भविष्य हैं। नशे की आदत से अपराध और विघटन होता है। किसी भी परिस्थिति में युवाओं को नशे से दूर रहकर देश के विकास में योगदान देना होगा तभी श्रेष्ठ भारत का निर्माण होगा।

# राष्ट्रीय एकता दिवस पर हजारीबाग पुलिस ने दिलाई एकता की शपथ, निकाली 'रन फॉर यूनिटी'

नवीन सिन्हा

**हजारीबाग।** राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर हजारीबाग पुलिस ने गुरुवार को जिले भर में 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को सशक्त करने के उद्देश्य से भव्य शपथ ग्रहण समारोह और "Run For Unity" मैराथन का आयोजन किया।

मुख्य कार्यक्रम जिला मुख्यालय स्थित पुलिस लाइन परिसर में आयोजित हुआ, जिसकी अगुवाई पुलिस अधीक्षक श्री अंजनी अंजन ने की। इस अवसर पर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मियों, स्कूली छात्र-छात्राओं तथा बड़ी संख्या में नागरिकों ने देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने की शपथ ली। शपथ ग्रहण के उपरांत एकता मैराथन का शुभारंभ पुलिस लाइन से हुआ, जो त्रिमूर्ति चौक होते हुए झील परिसर तक संपन्न हुई। दौड़ में अपर पुलिस अधीक्षक श्री अमित कुमार, एसडीपीओ सदर श्री अमित आनंद, पुलिस उपाधीक्षक श्री मनोज कुमार सिंह, एसडीपीओ बैजनाथ प्रसाद, सार्जेंट मेजर कुमार देवव्रत, प्रशिक्षु आईपीएस श्रीमती श्रुति, नागरगोजे शुभम् भाऊ साहब, सार्जेंट शशि उरांव सहित अन्य पुलिस अधिकारी, स्कूली बच्चे और आम नागरिक शामिल हुए। इसी क्रम में जिले के सभी अनुमंडल व थाना क्षेत्रों में भी स्थानीय थाना प्रभारियों के नेतृत्व में एकता मैराथन और शपथ समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिसकर्मियों, स्वयंसेवी संगठनों, स्कूली छात्रों और नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर राष्ट्रीय एकता और साम्प्रदायिक सौहार्द का संदेश दिया। हजारीबाग पुलिस द्वारा आयोजित यह अभियान जिले में सामुदायिक सद्भाव और राष्ट्रीय एकता के प्रति साझा प्रतिबद्धता का जीवंत प्रतीक बन गया है।

# शिलान्यास के छह माह बाद भी नहीं शुरू हुआ सड़क निर्माण, ग्रामीणों में आक्रोश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरही।** बरही प्रखंड के रसोइया धमना पंचायत अंतर्गत लश्करी मोड़ से आंगनबाड़ी केंद्र लश्करी तक लगभग डेढ़ किलोमीटर लंबी जर्जर सड़क का निर्माण कार्य अब तक शुरू नहीं हो सका है। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण योजना मद से इस सड़क के निर्माण की स्वीकृति मिल चुकी है और शिलान्यास हुए छह माह बीत चुके हैं, लेकिन संवेदक द्वारा अब तक कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है।

स्थानीय ग्रामीणों में इसको लेकर गहरा आक्रोश है। उनका कहना है कि वे लंबे समय से टूटी-फूटी सड़क पर चलने को मजबूर हैं। बरसात के दिनों में सड़क पर जलजमाव और कीचड़ से राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क की स्थिति इतनी खराब है कि अक्सर बाइक सवार गिरकर चोटिल हो जाते हैं। क्षेत्र की अन्य सड़कों पर निर्माण कार्य प्रगति पर है, परंतु लश्करी मोड़ से आंगनबाड़ी केंद्र तक की यह सड़क अब भी उपेक्षा का शिकार बनी हुई है। इस मामले में पूछे जाने पर विधानसभा विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर ने संवेदक के प्रति नाराजगी जताई और कहा कि मौसम साफ होते ही कार्य प्रारंभ किया जाए, ताकि ग्रामीणों को और अधिक परेशानी का सामना न करना पड़े।

# राष्ट्रीय एकता दिवस का दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोलकात।** दक्षिण पूर्व रेलवे ने भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में 31.10.2025 को अपने मुख्यालय, गार्डन रीच में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया।

श्री अनिल कुमार मिश्रा, महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे ने रेलवे सुरक्षा बल की टुकड़ियों द्वारा प्रस्तुत औपचारिक परेड की सलामी ली। इस अवसर पर श्री सुमित्र मजूमदार, अपर महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, विभागों के प्रधान प्रमुख, अन्य वरिष्ठ अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित थे। श्री अनिल कुमार मिश्रा, महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे ने इस अवसर पर रेलवे सुरक्षा बल कर्मियों द्वारा आयोजित मोटरसाइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने गार्डन रीच स्थित दक्षिण पूर्व रेलवे मुख्यालय में आयोजित 'रन फॉर यूनिटी' (एकता दौड़) को भी हरी झंडी दिखाकर प्रारंभ किया, जिसका उद्देश्य राष्ट्रीय एकता दिवस का संदेश फैलाना था। विभागों के प्रधान प्रमुख, अधिकारी, बड़ी संख्या में सुरक्षा कर्मी, खेलकर्मी, सिविल डिफेंस के सदस्य तथा भारत स्काउट्स और गाइड्स के सदस्य इस दौड़ में शामिल हुए। राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन दक्षिण पूर्व रेलवे के चारों मंडलों— खड़गपुर, आद्रा, चक्रधरपुर और रांची — में भी किया गया।

# समाजसेवी हर्ष अजमेरा ने श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती

## ■ राष्ट्र की एकता, अखंडता और दृढ़ संकल्प के प्रतीक 'लौहपुरुष' को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

नवीन सिन्हा

**हजारीबाग।** भारत की एकता और अखंडता के प्रतीक, आधुनिक भारत के शिल्पकार एवं महान स्वतंत्रता सेनानी भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर समाजसेवी हर्ष अजमेरा द्वारा श्रद्धा और सम्मान के साथ कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें याद किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने लौहपुरुष सरदार पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर हर्ष अजमेरा ने कहा कि सरदार पटेल का जीवन देशभक्ति, साहस और दृढ़ निश्चय का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने स्वतंत्रता के बाद देश की 562 रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर अखंड भारत की नींव रखी, जो आज भी हर भारतीय के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा— "सरदार पटेल का जीवन हमें यह सिखाता है कि जब तक हम राष्ट्रहित को सर्वोपरि नहीं मानेंगे, तब तक सच्ची प्रगति संभव नहीं। आज के युवाओं को उनके आदर्शों और कार्यशैली से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए।" कार्यक्रम के दौरान उपस्थित समाजसेवियों और युवाओं ने भी 'राष्ट्रीय एकता दिवस' की शपथ ली और सरदार पटेल के दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

इस मौके पर हर्ष अजमेरा ने कहा कि देश की एकता और अखंडता की रक्षा के लिए हर नागरिक को अपनी भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने जिस भारत का सपना देखा था, उसे साकार करने के लिए हर भारतीय को समर्पण और ईमानदारी से कार्य करना होगा। कार्यक्रम के अंत में देशभक्ति गीतों के साथ राष्ट्रगान हुआ और सभी ने 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के नारे लगाए।

# बरही अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज और दवा की पर्याप्त व्यवस्था : डॉ. प्रकाश ज्ञानी

## ■ स्वास्थ्य उपाधीक्षक से मिला आइएफडब्लूजे का शिष्टमंडल, सुविधाओं की ली जानकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरही हजारीबाग।** इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट (आईएफडब्लूजे) का एक शिष्टमंडल शुक्रवार को बरही अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचा और स्वास्थ्य उपाधीक्षक (डीएस) डॉ. प्रकाश ज्ञानी से मुलाकात की। शिष्टमंडल ने अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं की विस्तृत जानकारी ली और क्षेत्र की जनता तक इन सेवाओं को पहुंचाने की आवश्यकता पर बल दिया।

डीएस डॉ. ज्ञानी ने बताया कि बरही अनुमंडलीय अस्पताल में लगभग सभी प्रकार की चिकित्सीय सेवाएं उपलब्ध हैं। नॉर्मल प्रसव के साथ-साथ सिजेरियन प्रसव की भी सुविधा है। उन्होंने कहा कि पब्लिक हेल्थ यूनिट (PHU) जल्द शुरू होने जा रही है, जहां सभी प्रकार की जांचें उपलब्ध होंगी। डॉ. ज्ञानी ने आगे बताया कि हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. मयंक के द्वारा ऑथोपेडिक उपचार, जबकि डॉ. रौशन कुमार के द्वारा सामान्य सर्जरी का कार्य जल्द प्रारंभ किया जाएगा, इसके लिए आवश्यक उपकरणों की व्यवस्था कर ली गई है। इसके अतिरिक्त अस्पताल में दांत, ईएनटी, कुपोषण, इमरजेंसी और ओपीडी की सुविधाएं भी सुचारू रूप से संचालित हो रही हैं। उन्होंने कहा कि अस्पताल में सभी प्रकार की आवश्यक दवाएं उपलब्ध हैं। शिष्टमंडल ने अस्पताल की एम्बुलेंस व्यवस्था की भी जानकारी ली। इस दौरान बताया गया कि प्राइवेट एम्बुलेंस को तय मानक और किराए पर संचालित किया जा रहा है, और मरीजों को पहले से इसकी जानकारी दी जाती है। आईएफडब्लूजे शिष्टमंडल ने अस्पताल की समग्र स्वास्थ्य व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया और इन सुविधाओं को जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता पर जोर दिया। साथ ही, कुछ चिकित्सकों की कार्यशैली पर असंतोष जताते हुए उनके सुधार की मांग भी की। शिष्टमंडल में जिला अध्यक्ष बिपिन बिहारी पांडेय, अनुमंडल अध्यक्ष कमल शंकर पंडित, मुख्य संरक्षक कृष्णा प्रजापति, उपाध्यक्ष रितेश गुप्ता, सचिव सोनू पंडित, कोषाध्यक्ष विकास कुमार, सोशल मीडिया प्रभारी मो. उस्मान और राकेश कुमार शामिल थे।

# सरदार पटेल जयंती पर बीएसएफ ने 'स्वच्छता एवं स्वास्थ्य' थीम पर 'फिट इंडिया फ्रीडम रन 6.0' का सफल समापन किया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग।** सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर सीमा सुरक्षा बल (BSF) ने 'स्वच्छता एवं स्वास्थ्य' थीम पर केंद्रित 'फिट इंडिया फ्रीडम रन 6.0' का सफलतापूर्वक समापन किया। यह विशेष अभियान 2 अक्टूबर 2025 से आरंभ होकर 31 अक्टूबर 2025 को 'यूनिटी रन' के साथ संपन्न हुआ।

इस वर्ष के आयोजन का उद्देश्य बल कर्मियों, उनके परिवारों और आम नागरिकों के बीच फिटनेस, स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति स्थायी संस्कृति का निर्माण करना था। यह पूरा अभियान बल मुख्यालय, सीमा सुरक्षा बल के निदेशानुसार महानिरीक्षक श्री धीरेन्द्र कुटे (भा.पु.से.), प्रशिक्षण केंद्र एवं विद्यालय, सीमा सुरक्षा बल के मार्गदर्शन में संचालित किया गया। अभियान के दौरान बल कर्मियों और स्थानीय नागरिकों के बीच स्वास्थ्य और फिटनेस के महत्व को रेखांकित करने हेतु विभिन्न शारीरिक एवं जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। 27 अक्टूबर 2025 को 'स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत' संदेश के साथ स्पेशल साइक्लिंग एवं प्लॉगिंग ड्राइव आयोजित की गई।

28 अक्टूबर 2025 को 'फिट इंडिया स्वच्छता फ्रीडम रन' का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में जवानों व स्थानीय लोगों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर महानिरीक्षक श्री धीरेन्द्र कुटे ने कहा 'प्लॉगिंग ड्राइव जैसी गतिविधियों ने हमारे बल कर्मियों को पर्यावरण संरक्षण और सार्वजनिक स्वास्थ्य के प्रति अपनी जिम्मेदारी को और अधिक गंभीरता से समझने के लिए प्रेरित किया है। यह पहल फिटनेस, स्वच्छता और राष्ट्र की एकता के भाव को जोड़ती है।' कार्यक्रम के अंतिम दिन 31 अक्टूबर को 'यूनिटी रन' के समापन के उपरांत राष्ट्रीय एकता शपथ समारोह का आयोजन किया गया। इसमें सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती— राष्ट्रीय एकता दिवस— के अवसर पर देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने की शपथ ली गई। यह आयोजन सीमा सुरक्षा बल की उस प्रतिबद्धता को दशार्ता है, जिसके तहत वह न केवल देश की सीमाओं की रक्षा कर रहा है, बल्कि एक स्वस्थ, स्वच्छ और एकजुट भारत के निर्माण में भी सक्रिय भूमिका निभा रहा है— जैसा कि लौह पुरुष सरदार पटेल ने सपना देखा था।

# दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा सतर्कता जागरूकता पर संगोष्ठी का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोलकाता।** दक्षिण पूर्व रेलवे ने 31.10.2025 को गार्डन रीच स्थित दक्षिण पूर्व रेलवे मुख्यालय में सतर्कता जागरूकता पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया। दक्षिण पूर्व रेलवे 27 अक्टूबर से 2 नवंबर, 2025 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह, 2025 मना रहा है, जो केंद्रीय सतर्कता आयोग द्वारा शुरू किए गए 'तीन माह के अभियान' (18 अगस्त से 17 नवंबर, 2025) का एक हिस्सा है।

इस संगोष्ठी के मुख्य अतिथि थे श्री पिनाकी चंद्र घोष, भारत के सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश एवं भारत के पहले लोकपाल।

इस अवसर पर श्री अनिल कुमार मिश्रा, महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, श्री सुमित्र सौमित्र मजूमदार, अपर महाप्रबंधक, श्री सुरिंदर पाल, वरिष्ठ उपमहाप्रबंधक एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी, तथा अन्य प्रमुख विभागाध्यक्ष और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। अपने संबोधन में श्री घोष ने अपने अनुभव साझा करते हुए पेशेवर ईमानदारी पर बल दिया और सभी को यह सलाह दी कि उन्हें सदैव सतर्कता के पहलू के प्रति सचेत रहना चाहिए और किसी भी प्रकार की अनैतिक गतिविधि में भाग नहीं लेना चाहिए। श्री मजूमदार, एजीएम/ एसईआर ने अपने भाषण में कहा कि पूर्ववर्ती कार्यों एवं कर्मचारियों के आचरण का विश्लेषण कर निवारक सतर्कता अपनाने से पारदर्शिता और सुशासन को बढ़ावा दिया जा सकता है। श्री मिश्रा, जीएम/एसईआर ने अपने संबोधन में कहा कि यह सतर्कता सप्ताह हमें ईमानदारी, निष्ठा और पारदर्शिता की जिम्मेदारी की याद दिलाता है।

इस वर्ष के सतर्कता जागरूकता सप्ताह की थीम— सतर्कता:हमारी साझा जिम्मेदारी— केवल एक नारा नहीं, बल्कि यह हमें संगठन के प्रति ईमानदार, पारदर्शी और जवाबदेह बनने की प्रेरणा देती है। संगोष्ठी के दौरान न्यायमूर्ति श्री पिनाकी चंद्र घोष तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा सतर्कता बुलेटिन 'मयार्दा 2025' का विमोचन किया गया। संगोष्ठी के अंत में मुख्यालय की सांस्कृतिक टीम द्वारा नुक्कड़ नाटक और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

# वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनायी गयी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के 150 वीं जयंती के उपलक्ष में पूरे देश में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया जा रहा है। जिसके जरिए देश की एकता अखंडता और सुरक्षा के प्रति हमारे संकल्प को दूर करने के लिए रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में गिरिडीह जिला प्रशासन द्वारा रन फॉर यूनिटी का कार्यक्रम किया गया। इसे लेकर गिरिडीह के पपरवा टांड स्थित नवीन पुलिस लाइन से यह निकलकर बडा चौक तक पहुंची।

इस मौके पर गिरिडीह के डीसी रामनिवास यादव तथा एसपी डॉक्टर विमल कुमार इसकी अगुवाई कर रहे थे। इस दौड़ के कार्यक्रम में एसडीएम गिरिडीह श्रीकांत विस्पूते ,डीएसपी नीरज सिंह, डीएसपी कौशर अली ,एस डिपीआओ जीत वाहन उरांव सहित गिरिडीह बिडिओ,सीओ गिरिडीह नगर थाना प्रभारी, मुफ्फसिल थाना प्रभारी के साथ-साथ कई प्रशासनिक पदाधिकारी, विभागीय अधिकारी शहर के गणमान्य लोग तथा स्कूल के बच्चे शामिल थे । इस मौके पर गिरिडीह डीसी रामनिवास यादव और एसपी डॉ विमल कुमार ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा आयोजित इस दौड़ के माध्यम से लोगों में एकता का संदेश दिया गया है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रशासन ,पुलिस कोमियो तथा मीडिया कर्मियों का सराहनीय योगदान रहा

# कालेधन को सफेद करने के लिए आईएएस विनय चौबे की पत्नी और उनके भाई के नाम पर बनाई गई थी शेल कंपनी

**रांची, एजेंसी।** झारखंड में शराब और जमीन घोटाले की जांच कर रहे भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने बड़ा खुलासा किया है। एसीबी की जांच रिपोर्ट के अनुसार कालेधन को सफेद बनाने के लिए निलंबित आईएएस अधिकारी विनय कुमार चौबे की पत्नी स्वप्ना संचिता और उनके भाई शिपिज त्रिवेदी के नाम पर कागज पर ब्रह्मास्त्र एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड नाम की कंपनी बनाई गई। उक्त शेल कंपनी के माध्यम से मनी लॉन्ड्रिंग की गई।

जांच में यह भी पता चला है कि रांची में बिना घोषित आय के 80 लाख रुपए मूल्य का आवासीय फ्लैट खरीदा गया। फ्लैट की खरीद के लिए न तो किसी बैंक ऋण का उल्लेख किया गया और न ही कोई वैध आंतरिक पूजी दिखाई गई। वित्तीय वर्ष 2015-16 की बैलेंस शीट में इस संपत्ति को दर्ज नहीं किया गया।

**2017-2023 के बीच खाते में आई बड़ी रकम, लाभार्थी का विवरण नहीं:** वर्ष 2017 से 2023 के बीच उक्त कंपनी के खातों में बड़ी रकम शॉर्ट टर्म एडवांस के रूप में दिखाए गए। लेकिन उक्त रकम किसने दी, उसके

लाभार्थी का कोई विवरण नहीं मिला। एसीबी को पता चला कि प्रविष्टियां फंड रूटिंग, लेयरिंग या एडजस्टमेंट एंट्रीज है। जो यह स्पष्ट संकेत दे रहा है कि मनी लान्ड्रिंग के चैनल के रूप में इस कंपनी का इस्तेमाल किया गया। जांच में यह भी पता चला कि कंपनी का रिजर्व व सरप्लस प्रारंभिक वर्षों में नगण्य था। लेकिन बाद में यह कई लाख रुपए तक बढ़ गया। जबकि कंपनी का किसी भी वर्ष कोई लाभ नहीं दिखाया गया। इससे यह पता चलता है कि कंपनी में बाहरी स्रोतों से धन डाला गया। उसे रिजर्व दिखाकर पूंजी वैध बनाई गई।

### आवासीय संपत्ति को व्यावसायिक कार्यालय बताया, कोई शैक्षणिक कार्य नहीं मिला

एसीबी की जांच में पता चला है कि विनय चौबे की पत्नी स्वप्ना संचिता और उनके भाई शिपिज त्रिवेदी ने उक्त आवासीय संपत्ति को जीएसटी रजिस्ट्रेशन में व्यावसायिक कार्यालय दिखाया। जबकि ब्रह्मास्त्र एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड नाम की कंपनी का कोई भी शैक्षणिक कार्य नहीं मिला। जांच के दौरान वहां किसी भी प्रकार का शैक्षणिक या व्यावसायिक गतिविधियों के प्रमाण नहीं मिले। 2018 के बाद कंपनी की आय लगभग शून्य रही। वहां कोई स्टाफ नहीं मिला और न ही उक्त कंपनी से कोई आय मिली। इन तथ्यों से यह स्पष्ट होता है कि ब्रह्मास्त्र एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड का उपयोग केवल शिक्षा के नाम पर पैसे के लेन-देन को वैध दिखाने के लिए एक आवरण के रूप में किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### एक्शन मोड में बाबूलाल मरांडी, दो दिग्गज नेताओं को बीजेपी से निकाला

**रांची, एजेंसी।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी के निर्देश पर पूर्वी सिंहभूम के पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष सौरभ चक्रवर्ती को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है।

भाजपा के प्रदेश महामंत्री मनोज कुमार सिंह ने पत्र जारी कर पूर्वी सिंहभूम जिला के चार पार्टी नेताओं को पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के कारण पार्टी से बाहर करने की जानकारी दी है। घाटशिला उपचुनाव प्रचार में इन नेताओं का आचरण पार्टी उम्मीदवार के खिलाफ पाया गया है। निष्कासित किए जाने वाले नेताओं में पूर्वी सिंहभूम के पूर्व जिलाध्यक्ष सौरभ चक्रवर्ती, जिला परिषद उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा, पूर्व मंडल अध्यक्ष तुषारकांत और सक्रिय कार्यकर्ता सुरेश महली शामिल हैं।

इसके अलावा घाटशिला मंडल भाजपा के अध्यक्ष कौशिक कुमार को तत्काल प्रभाव से पार्टी से बाहर करने की जानकारी दी गई है। कौशिक कुमार घाटशिला उपचुनाव में पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन के खिलाफ प्रचार में शामिल पाए गए।

दूसरी ओर, घाटशिला विधानसभा उपचुनाव को लेकर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। 11 नवंबर को होने वाले इस उपचुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने गुरुवार को उस समय रणनीतिक बढ़त हासिल की, जब पूर्वी सिंहभूम जिले के भाजपा के कई प्रमुख नेताओं ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समक्ष झामुमो की सदस्यता ग्रहण कर ली।

इसे भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन से जुड़ी नाराजगी का सीधा परिणाम बताया जा रहा है। बाबूलाल सोरेन पूर्व सीएम चंपई सोरेन के पुत्र है। यह घटना भाजपा के लिए बड़ा झटका साबित हो रही है, क्योंकि घाटशिला सीट पर स्थानीय भाजपा नेताओं का असंतोष अब झामुमो के पक्ष में जाता दिख रहा है। झामुमो ने दिवंगत मंत्री रामदास सोरेन के पुत्र सोमेश सोरेन को प्रत्याशी बनाया है, जो पहली बार चुनाव लड़ रहे हैं। झामुमो की सदस्यता ग्रहण करने वालों में पूर्वी सिंहभूम जिला परिषद के उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष (ग्रामीण) एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सौरभ चक्रवर्ती, घाटशिला भाजपा मंडल अध्यक्ष कौशिक सिन्हा, मुसाबनी भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष तुषार पात्रों, भाजपा मीडिया प्रभारी सुरेश महाली तथा जमशेदपुर के प्रसिद्ध जंबू अखाड़ा के अध्यक्ष बंटी सिंह शामिल हैं। इन सभी ने हेमंत सोरेन के हाथों सदस्यता ली।

### प्रेमिका से मिलने आये प्रेमी की हुई धुनाई, अस्पताल में भर्ती

**धनबाद, एजेंसी।** बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के तिलैया पंचायत अंतर्गत एक गांव में गुरुवार की सुबह ग्रामीणों ने एक विवाहिता से मिलने आये उसके प्रेमी की जमकर पिटाई कर दी. इसके बाद उसे बरवाअड्डा पुलिस के हवाले कर दिया. पुलिस ने घायल प्रेमी को एसएनएमएमसीएच धनबाद में भर्ती कराया है. ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार बेहराकुदर-बरोरा निवासी मनीष कुमार दास (26) का प्रेम प्रसंग उक्त गांव की दो बच्चों की मां से चल रहा था. युवक सुबह अपनी प्रेमिका से मिलने आया था. इसकी जानकारी गांव के लोगों को लगी, तो ग्रामीण एकजुट होकर महिला के घर पहुंच गये. ग्रामीणों की भीड़ देख युवक दीवार फांदकर भागने लगा. ग्रामीणों ने खदेड़कर उसे पकड़ लिया और उसकी जमकर धुनाई की. ग्रामीण उसे महिला से शादी कराने के लिए गांव के सामने स्थित मंदिर ले जाने लगे. ग्रामीणों का कहना था कि मनीष शादी रचाकर महिला को अपने साथ रखे. इस बीच सूचना मिलने पर बरवाअड्डा पुलिस पहुंची और युवक हिरासत में लेकर इलाज के लिए अस्पताल भेजा. दूसरी तरफ, महिला के पति ने बरवाअड्डा थाना में लिखित शिकायत की है. कहा है कि दो युवक सुबह बाइक से उनके घर पहुंचे. उनकी पत्नी से छेड़छाड़ करने लगे. पत्नी के गले से सोने की चेन व घर में रखा 20 हजार रुपये लूटकर भागने लगे. इस दौरान एक युवक को ग्रामीणों ने पकड़ लिया. पुलिस मामले की छानबीन कर रही है.

### निकाय चुनाव को लेकर मुख्यालय ने मांगी संवेदनशील बूथों की रिपोर्ट

**धनबाद, एजेंसी।** राज्य में नगर निगम चुनाव को लेकर प्रशासन की तैयारी तेज हो गयी है. राज्य निर्वाचन मुख्यालय ने सभी जिलों से बूथवार रिपोर्ट तलब की है, इसमें संवेदनशील व अति संवेदनशील बूथों का विस्तृत विवरण मांगा गया है. वहीं मतदान के लिए उपयोग किये जाने वाले भवनों की स्थिति, पहुंच मार्ग, सुरक्षा व्यवस्था और बुनियादी सुविधाओं का ब्योरा भी मांगा गया है. यह रिपोर्ट निर्वाचन प्रक्रिया को सुचारू, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से तैयार की जा रही है. जानकारी के अनुसार निर्वाचन मुख्यालय के निर्देशानुसार, जिले के सभी अंचलों व नगर निकायों से संबंधित अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों के सभी मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन कर रहे हैं. इसमें बूथों की सुरक्षा, बिजली-पानी की व्यवस्था, दिव्यांगों की सुविधा, सीसीटीवी कवरेज, भवन की मजबूती व संभावित भीड़ की स्थिति का विशेष रूप से आकलन किया जा रहा है. संवेदनशील बूथों की पहचान के लिए पिछले चुनावों के मतदान प्रतिशत, आपराधिक घटनाएं, विवादित इलाकों की रिपोर्ट और पुलिस इनपुट को भी ध्यान में रखा जा रहा है.

## निकाय चुनाव की तैयारी बैठक में नहीं पहुंचे प्रभारी, प्रदेश अध्यक्ष ने सबकी कर दी छुट्टी

रांची, एजेंसी। झारखंड प्रदेश कांग्रेस की ओर से राज्य के सभी यूएलबी के चुनाव को लेकर तैयारियों के क्रम में गुरुवार को बुलाई गई अहम बैठक में कोई पहुंचा ही नहीं।

पार्टी ने दलगत आधार पर चुनाव नहीं होने के बावजूद कांग्रेस कर्मियों को बड़े पैमाने पर मैदान में उतारने और जीत सुनिश्चित कराने का निर्णय लिया है। इस निर्णय के आलोक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के माध्यम से गुरुवार को सभी निकाय प्रभारियों की बैठक बुलाई गई थी।

बैठक में अधिसंख्य निकायों के प्रभारी और पर्यवेक्षक पहुंचे ही नहीं। नतीजा यह रहा कि नाराज प्रदेश अध्यक्ष ने सभी को कार्यमुक्त कर जिला अध्यक्षों को इसकी जिम्मेदारी सौंप दी और अब इनकी पहली बैठक तीन नवंबर को बुलाई गई है। बैठक में सभी जिला पर्यवेक्षकों एवं जिला अध्यक्षों की मौजूदगी रहेगी।

जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया विभाग के चेयरमैन सतीश पाल मुंजनी ने बताया कि बैठक में प्रदेश संगठन सृजन-2025 के कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की जाएगी। सभी पर्यवेक्षकों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने-अपने जिलों में आयोजित बैठकों की अद्यतन रिपोर्ट के साथ उपस्थित हों। बैठक में मुख्य रूप से ग्राम पंचायत कांग्रेस कमेटियों की अद्यतन स्थिति, वार्ड कमेटियों (यूएलबी) के गठन की प्रगति एवं जिला कांग्रेस कमेटियों की बैठकों में विधायकों की उपस्थिति का विवरण लेकर आने के लिए कहा गया है।

## 800 मीटर दौड़ में नेहा और अनुपा ने मारी बाजी, शॉट पुट में कांति विजेता

**रांची, एजेंसी।** स्कूली शिक्षा व साक्षरता विभाग झारखंड सरकार, झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद की पहल पर 3 दिवसीय आयोजित राज्य स्तरीय स्कूली एथलेटिक्स प्रतियोगिता का गुरुवार को मोरहाबादी स्थित बिरसा मुंडा स्टेडियम में शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के निदेशक शशि रंजन शामिल हुए। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग का निरंतर प्रयास है कि राज्य के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए एक सशक्त मंच मिले। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी केवल पदक जीतने के लिए नहीं, बल्कि खेल को करियर के रूप में अपनाने के लिए भी आगे बढ़ें। विशिष्ट अतिथि खेल निदेशक शेखर जमुआर ने कहा कि झारखंड के खिलाड़ी भविष्य में राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि पहले के समय में खेल को गंभीरता से नहीं लिया जाता था, लेकिन आज खेल से सम्मान, प्रतिष्ठा और करियर सब कुछ प्राप्त किया जा सकता है।

**गुब्बारे उड़ाकर उद्घाटन किया:** इससे पूर्व अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन व गुब्बारा उड़ाकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, कांके की छात्राओं की खूबसूरत बैंड प्रस्तुति से सभी प्रभावित हुए। प्रतियोगिता में करीब 2500 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं, जिनमें अधिकांश ग्रामीण क्षेत्रों के सरकारी विद्यालयों से आए हैं। राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन ए सोरेंग ने अतिथियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। मौके पर कोषाध्यक्ष शिवेंद्र नाथ दुबे, नवीन झा, चंद्रदेव, शिवकुमार आदि शामिल थे।

### चिकित्सकों व स्वास्थ्यकर्मियों की निगरानी होगी सख्त

## उपायुक्त ने जिले के 186 स्वास्थ्य केंद्रों में बायोमीट्रिक सिस्टम लगाने का दिया निर्देशकल से सदर अस्पताल के ओपीडी के चिकित्सकों को तीन बार बनानी होगी हाजिरी

**धनबाद, एजेंसी।** धनबाद जिले में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार और चिकित्सकों की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता लाने के लिए जिला प्रशासन ने निगरानी की व्यवस्था कड़ी कर दी है. उपायुक्त आदित्य रंजन के निर्देश पर अब जिले के सभी चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों की निगरानी की जायेगी. इसके लिए बायोमीट्रिक मशीन, वीडियो कॉल से जांच और परफॉर्मेंस रिपोर्टिंग जैसे कई नियम लागू किये जायेंगे. उपायुक्त के निर्देश पर कई नियम एक नवंबर से लागू हो जायेंगे. पिछले दिनों उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई स्वास्थ्य समिति की बैठक में तय किया गया है कि जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी), अर्बन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (यूसीएचसी), प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी), अर्बन प्राथमिकी स्वास्थ्य केंद्र (यूपीएचसी) और आरोग्य आयुष्मान मंदिरों में बायोमीट्रिक उपस्थिति सिस्टम लगाया जायेगा. कुल 186 स्वास्थ्य केंद्रों में इस तकनीक को लागू करने का निर्णय लिया गया है. इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि चिकित्सक और स्वास्थ्यकर्मी अपने ड्यूटी में समय पर उपस्थित रहे और लोगों को समय पर उपचार मिले.

उपायुक्त के निर्देश पर वीडियो कॉल सेल के गठन का पहले ही आदेश हो चुका है. इस व्यवस्था के तहत स्वास्थ्य विभाग के नियुक्त एक अधिकारी रैंडम आधार पर वीडियो कॉल के माध्यम से स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण करेंगे. वह कॉल कर चिकित्सक और स्वास्थ्यकर्मियों की उपस्थिति की रियल-टाइम की जांच करेंगे. यदि किसी स्वास्थ्य केंद्र पर अनुपस्थिति या लापरवाही पायी गयी, तो संबंधित अधिकारी और चिकित्सक के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी.

**सदर अस्पताल के चिकित्सक एक से तीन बार दर्ज करेंगे उपस्थिति:** सदर अस्पताल में एक नवंबर से सभी ओपीडी चिकित्सकों को दिन में तीन बार बायोमीट्रिक उपस्थिति दर्ज करानी होगी. पहली उपस्थिति सुबह नौ बजे, दूसरी दोपहर एक बजे तथा तीसरी शाम पांच बजे दर्ज करनी होगी. यह व्यवस्था इसलिए की गयी है ताकि चिकित्सक अस्पताल में मौजूद रहे और मरीजों की सेवा में कोई बाधा नहीं आये. अगर कोई चिकित्सक निर्धारित समय पर उपस्थिति दर्ज नहीं करता है, तो उनका वेतन रोका जायेगा.

**परफॉर्मेंस रिपोर्ट के आधार पर मिलेगा वेतन:** जिला प्रशासन ने अब चिकित्सकों की कार्यकुशलता का मूल्यांकन भी तय किया है. नवंबर से सदर अस्पताल समेत सभी स्वास्थ्य केंद्रों के चिकित्सकों को अपनी मासिक परफॉर्मेंस रिपोर्ट सिविल सर्जन के माध्यम से उपायुक्त को सौंपनी होगी. रिपोर्ट में चिकित्सकों को यह विवरण देना होगा कि उन्होंने माह में कितने मरीजों को ओपीडी में देखा. इंडोर वार्ड में कितने मरीजों का इलाज किया, कितने ऑपरेशन किये और अन्य स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित गतिविधियों में उनकी भागीदारी रही. रिपोर्ट की समीक्षा उपायुक्त स्तर पर की जायेगी. जिन चिकित्सकों का प्रदर्शन असंतोषजनक पाया जायेगा. उनके खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई की जायेगी.

**जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवा दिलाना उद्देश्य:** उपायुक्त आदित्य रंजन ने पिछले दिनों हुई स्वास्थ्य समिति की बैठक में यह स्पष्ट किया कि इस पूरी व्यवस्था का उद्देश्य चिकित्सकों पर दबाव बनाना नहीं, बल्कि जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है. जिले के कई ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकों की अनुपस्थिति की शिकायतें लगातार मिल रही थीं. अब बायोमीट्रिक और वीडियो कॉलिंग निगरानी व्यवस्था लागू होने से इस पर अंकुश लगेगा.

## चंद्रपुरा प्लांट से जुड़ी हैं प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की यादें

**बोकारो, एजेंसी।** डीवीसी के चंद्रपुरा थर्मल पावर प्लांट की तीन नंबर यूनिट से भारत की पूर्व प्रधानमंत्री स्व इंदिरा गांधी की यादें जुड़ी हुई हैं. सात जुलाई 1968 को इंदिरा गांधी इस यूनिट का उद्घाटन करने चंद्रपुरा आयी थीं. हवाई मार्ग से बोकारो आने के बाद रेल मार्ग से स्पेशल सैलून से चंद्रपुरा स्टेशन पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया गया था. उन्हें देखने व सुनने के लिए लोगों की काफी भीड़ उमड़ी थी. स्टेशन से आयोजन स्थल तक जाने के लिए कार की व्यवस्था की गयी थी. मगर लोगों की भीड़ को देखते हुए उन्होंने कार से जाने से मना कर दिया था. इसके बाद खुली जीप मंगायी गयी और उस पर वह सवार होकर लगभग डेढ़ किलोमीटर दूर आयोजन स्थल पहुंचीं थीं. इस दौरान लोगों की कतारें किनारे खडी थी. डीवीसी गेस्ट हाउस के पास मैदान में कार्यक्रम के लिए स्टेज बनाया गया था. यूनिट के उद्घाटन के बाद उनका भाषण शुरु हुआ तो बारिश होने लगी. हजारों लोगों ने बारिश में भींग कर इंदिरा गांधी का भाषण सुना. डीवीसी की ओर से आम लोगों के लिए पंडाल नही बनाया गया था. इंदिरा गांधी को यह ठीक नहीं लगा और उन्होंने नाराजगी भी जतायी थी. मालूम हो कि इस तीन नंबर यूनिट को दो साल पहले रिटायर घोषित कर दिया गया है. इसके अलावा इंदिरा गांधी तीन अक्टूबर 1972 को बतौर प्रधानमंत्री बोकारो आयी थी. यहां उन्होंने बोकारो स्टील प्लांट की एक नंबर यूनिट के अलावा ब्लास्ट फर्नेस का उद्घाटन किया था. साथ ही एक महत्ती जनसभा को भी संबोधित किया था. गांधी परिवार के कई लोग आ चुके हैं बेरमो -पूर्व प्रधानमंत्री स्व इंदिरा गांधी जहां बेरमो व बोकारो आयीं, वहीं पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी गिरिडीह आये थे. इसके अलावा कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी वर्ष 2005 में बेरमो के ढोरी मैदान में कांग्रेस व इंटक नेता स्व राजेंद्र प्रसाद सिंह के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करने आयी थी. जबकि वर्ष 2009 के विस चुनाव में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के पुत्र व कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी बेरमो के करगली फुटबॉल मैदान में कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद्र प्रसाद सिंह के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करने आये थे.

### बुरी हालत में हैं, खाने तक के पैसे नहीं, अफ्रीका के ट्यूनीशिया में फंसे झारखंड के 48 मजदूर

**रांची, एजेंसी।** झारखंड के हजारीबाग,गिरिडीह और बोकारो जिले के मजदूरों का विदेश में फंसने का सिलसिला जारी है. झारखंड के प्रवासी मजदूरों के विदेश में फंसे होने का मामला एक बार फिर सामने आया है. इस बार झारखंड के गिरिडीह, बोकारो और हजारीबाग जिले के 48 प्रवासी मजदूर अफ्रीका के ट्यूनीशिया में फंसे हुए हैं. पिछले तीन माह से मजदूरों को कंपनी की ओर से मजदूरी का भुगतान नहीं किया जा रहा है. इस वजह से मजदूरों के सामने खाने-पीने का संकट खड़ा हो गया है. वहां फंसे मजदूरों ने वीडियो संदेश में अपना दर्द साझा करते हुए कहा है, ''हम यहां बहुत बुरी हालत में हैं. कंपनी ने हमारा वेतन रोक दिया है और हमारे पास खाने तक के पैसे नहीं बचे हैं. हम बस किसी तरह अपने घर वापस लौटना चाहते हैं.'' साथ ही उन्होंने बकाया वेतन के भुगतान की मांग भी की है. इस सिलसिले में प्रवासी श्रमिकों के मुद्दे पर काम करनेवाले सामाजिक कार्यकर्ता सिकन्दर अली ने केंद्र और राज्य सरकार से मजदूरों के सकुशल वतन वापसी के लिए ठोस कूटनीतिक पहल करने की मांग की है. उन्होंने कहा कि विदेशों में फंसने वाले मजदूरों का यह कोई पहला मामला नहीं है. इससे पहले भी कई बार प्रवासी मजदूर ज्यादा पैसे कमाने की लालच में विदेश जाकर फंस चुके हैं. काफी मशक्कत के बाद उनकी वतन वापसी कराई गई. इसके बावजूद प्रवासी मजदूर पुरानी घटनाओं से सबक नहीं ले रहे हैं. वहीं पिछले छः महीने पूर्व साउथ अफ्रीका के नाइजर से 25 अप्रैल 2025 को बगोदर के दोंदलो पंचायत के संजय महतो, चंद्रिका महतो, राजू महतो, फलजीत महतो एवं मुंडरो के उत्तम महतो का अपहरण कर लिया गया जिसका अभी तक कुछ भी पता नहीं चल सका है. ऐसे में सरकार को मजदूरों के पलायन को रोकने के लिए रोजगार की व्यवस्था करने की जरूरत है.

## बिहार से आकर धनबाद के सोने-चांदी की दुकानों में कर थे डकैती की तैयारी, पुलिस ने हथियार के साथ दबोचा

**धनबाद, एजेंसी।** दीपावली और छठ जैसे प्रमुख पर्वों के मद्देनजर अपराध नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर धनबाद पुलिस अलर्ट मोड में है. इसी वजह से रविवार रात पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी. दरअसल एंटी क्राइम टीम ने वाहन जांच अभियान के दौरान बैंक मोड़ थाना क्षेत्र के विसरा चौक के पास हथियार के साथ दो शातिर अपराधी को गिरफ्तार कर लिया.

सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार, रात करीब 8:45 बजे विसरा चौक की ओर से तेज रफ्तार में आ रही एक मोटरसाइकिल को पुलिस ने रुकने का संकेत दिया. लेकिन बाइक सवार दो युवक पुलिस को चकमा देकर भागने लगे. पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए पीछा कर दोनों को पकड़ लिया. तलाशी में उनके पास से एक देशी पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं. पुलिस की पूछताछ में दोनों ने स्वीकार किया कि वे पिछले चार-पांच दिनों से धनबाद के सोने-चांदी की दुकानों की रेकी कर रहे थे. रविवार को ज्यादातर दुकानें बंद होने के

कारण वे वारदात को अंजाम नहीं दे सके. उन्होंने पुलिस को यह भी बताया कि उनके साथ चार अन्य साथी भी थे, जो दूसरी बाइक से फरार हो गए.

**दोनों अपराधियों के खिलाफ बिहार के कई थानों में दर्ज हैं गंभीर मामले:** पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अपराधी अजय कुमार के खिलाफ बिहार के विभिन्न थानों में कई गंभीर मामले दर्ज हैं. जिनमें आर्म्स एक्ट, हत्या, डकैती, चोरी और मारपीट के मामले शामिल हैं. वहीं दिलीप यादव भी मोतिहारी जिले के कई मामलों में वांछित है, जिसमें हत्या और एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज मुकदमे शामिल हैं.

**धनबाद पुलिस फरार अपराधियों की तलाश में जुटी:** धनबाद पुलिस अब फरार अपराधियों की तलाश में जुटी है और इलाके में सघन छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है.

## 1 करोड़ के इनामी माओवादी विवेक सहित 8 को मार गिराने वाली टीम को मिला केंद्रीय गृहमंत्री पदक

**रांची, एजेंसी।** बोकारो जिले के लुगु पहाड़ पर 21 अप्रैल को मुठभेड़ में एक करोड़ के इनामी विवेक सहित आठ माओवादियों को मुठभेड़ में मार गिराने वाली पूरी टीम को केंद्रीय गृह मंत्री दक्षता पदक 2025 से अलंकृत किया गया है।

पदक पाने वाली टीम में दो आईजी, दो डीआईजी, एक एसपी, एक डिप्टी कमांडेंट, दो दारोगा व छह सिपाही शामिल हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने शुक्रवार को इससे संबंधित सूची जारी कर दी है।

इस वर्ष केंद्रीय गृह मंत्री दक्षता पदक पाने वालों में देश के 1364 जवान व अधिकारी शामिल हैं। इनमें झारखंड के 14 अधिकारी-जवान शामिल हैं। इनके अलावा इंवेस्टिगेशन फील्ड के 93, फोरेंसिक साइंस फील्ड के नौ वैज्ञानिकों को भी यह सम्मान दिया गया है।

बोकारो के लुगु पहाड़ पर सुरक्षा बलों से मुठभेड़ की यह घटना बेहद महत्वपूर्ण है। इस मुठभेड़ में मारे गए सभी आठों माओवादी कुख्यात थे, जिन्हें सटकी सूचना व बेहतर रणनीति की बदौलत सुरक्षा बलों ने मार गिराने में सफलता हासिल की थी। इसमें सुरक्षा बलों की ओर से किसी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा था।

सुरक्षा बलों ने जिन माओवादियों को मार गिराया था, उनमें एक करोड़ का इनामी माओवादियों का सेंट्रल कमेटी सदस्य प्रयाग मांझी उर्फ विवेक उर्फ फुचना व नागो मांझी उर्फ करण उर्फ लेतरा, स्पेशल एरिया कमेटी सदस्य व बिहार से तीन लाख का इनामी अरविंद यादव उर्फ अविनाश, दस लाख रुपये का इनामी जोनल कमेटी सदस्य साहेबराम मांझी, सक्रिय माओवादी गंगाराम उर्फ पवन लंगड़ा, महेश, तालो दी, महेश मांझी उर्फ मोटा उर्फ डोरा तथा रंजू मांझी उर्फ संथाली शामिल थे।

आईजी अमोल वीनुकांत होमकर, आईजी डॉ. माइकल राज एस, डीआईजी इंद्रजीत महथा, डीआईजी सुरेंद्र कुमार झा, एसपी मनोज स्वर्गियारी, डिप्टी कमांडेंट मिथिलेश कुमार, दारोगा जितेंद्र कुमार, दारोगा मंटू कुमार, सिपाही दीनबंधु शेखर, सिपाही पारस कुमार वर्मा, सिपाही विकास कर्मकार, सिपाही भागीरथ रजवार, सिपाही शिवनंदन हांसदा व सिपाही अजय मेहता।

# केरेडारी सीएचसी की अव्यवस्था पर सांसद प्रतिनिधिमंडल का हजारीबाग सिविल सर्जन को ज्ञापन

## 15 दिनों में चिकित्सक की नियुक्ति का सिविल सर्जन ने दिया आश्वासन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हजारीबाग।** केरेडारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में चल रही कुव्यवस्था और चिकित्सीय लापरवाही के खिलाफ शुक्रवार को हजारीबाग लोकसभा सांसद मनीष जायसवाल के निर्देश पर सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार से मुलाकात की और उन्हें एक ज्ञापन सौंपा।

प्रतिनिधिमंडल ने सिविल सर्जन को अवगत कराया कि बीते दिनों छठ महापर्व के दौरान तालाब में डूबने से दो बच्चियों की मृत्यु की घटना के समय केरेडारी सीएचसी में कोई चिकित्सक मौजूद नहीं था, जिससे गंभीर चिकित्सीय लापरवाही उजागर हुई। इस पर प्रतिनिधिमंडल ने दोषी चिकित्सक और संबंधित स्वास्थ्यकर्मियों पर विभागीय कार्रवाई की मांग की, साथ ही केरेडारी सीएचसी में पर्याप्त संख्या में डॉक्टर और चिकित्सा कर्मियों की नियुक्ति की आवश्यकता जताई। बैठक के दौरान सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी और भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल मिश्रा भी उपस्थित रहे। सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार ने प्रतिनिधिमंडल को भरोसा दिलाया कि अगले 15 दिनों में केरेडारी सीएचसी में चिकित्सक की पदस्थापना सुनिश्चित कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि ड्यूटी से अनुपस्थित चिकित्सकों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई हेतु अनुशंसा की जा चुकी है, और संबंधित फाइल उच्च अधिकारियों को भेज दी गई है। डॉ. कुमार ने कहा, ह्लमामले की जांच प्रारंभ कर दी गई है। मैंने स्वयं घटना स्थल का निरीक्षण किया है और दोषी चिकित्सकों एवं कर्मियों पर कार्रवाई की गई है। हमारा प्रयास है कि 15 दिनों के भीतर केरेडारी सीएचसी की सभी स्वास्थ्य सेवाएं पूर्ण रूप से सुचारू कर दी जाएं, ताकि आम जनता को किसी प्रकार की कठिनाई न हो।ह्व सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह ने मीडिया से कहा कि यह घटना बेहद दुखद है। उन्होंने कहा, 'हमने सांसद मनीष जायसवाल जी के निर्देश पर सिविल सर्जन को ज्ञापन सौंपा है। यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो हम आंदोलन करने को बाध्य होंगे। जरूरत पड़ी तो सिविल सर्जन कार्यालय के बाहर धरना भी देंगे।' उन्होंने आगे कहा कि लोकसभा क्षेत्र की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना सांसद मनीष जायसवाल का संकल्प है, और प्रतिनिधिमंडल उस दिशा में पूर्ण निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगा।

# सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर निकाली गई रन फॉर यूनिटी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरही।** आजादी के बाद रियासतों में बंटे भारत को एकजुट करने वाले देश के पहले गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर रन फॉर यूनिटी निकाली गई। रन फॉर यूनिटी में बरही एसडीओ जोहन टुडु, एसडीपीओ अजीत कुमार विमल, बीडीओ जयपाल महतो, सीओ चंद्रशेखर कुणाल, पुलिस निरीक्षक सह थानाप्रभारी विनोद कुमार विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, पुलिसकर्मी और नागरिक शामिल थे। सभी लोग बरही चौक पर इकट्ठा हुए और एकता के लिए दौड़ लगाते हुए बरही के 203 कोबरा बटालियन के मुख्यालय तक गए। रन फॉर यूनिटी निकालने के पूर्व सभी लोगों ने सरदार वल्लभभाई पटेल को नमन किया और देश की एकता अखंडता और सद्भाव का संकल्प लिया। एसडीओ जोहन टुडु और एसडीपीओ अजीत कुमार विमल ने कहा कि आपसी सद्भाव और एकता से ही देश एकजुट रहेगा। देश की एकजुटता और विकास के लिए युवाओं को नशा से दूर रहना है। युवा ही देश के भविष्य हैं। नशे की आदत से अपराध और विघटन होता है। किसी भी परिस्थिति में युवाओं को नशे से दूर रहकर देश के विकास में योगदान देना होगा तभी श्रेष्ठ भारत का निर्माण होगा।

# राष्ट्रीय एकता दिवस पर हजारीबाग पुलिस ने दिलाई एकता की शपथ, निकाली 'रन फॉर यूनिटी'

नवीन सिन्हा

**हजारीबाग।** राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर हजारीबाग पुलिस ने गुरुवार को जिले भर में 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को सशक्त करने के उद्देश्य से भव्य शपथ ग्रहण समारोह और "Run For Unity" मैराथन का आयोजन किया।

मुख्य कार्यक्रम जिला मुख्यालय स्थित पुलिस लाइन परिसर में आयोजित हुआ, जिसकी अगुवाई पुलिस अधीक्षक श्री अंजनी अंजन ने की। इस अवसर पर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मियों, स्कूली छात्र-छात्राओं तथा बड़ी संख्या में नागरिकों ने देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने की शपथ ली। शपथ ग्रहण के उपरांत एकता मैराथन का शुभारंभ पुलिस लाइन से हुआ, जो त्रिमूर्ति चौक होते हुए झील परिसर तक संपन्न हुई। दौड़ में अपर पुलिस अधीक्षक श्री अमित कुमार, एसडीपीओ सदर श्री अमित आनंद, पुलिस उपाधीक्षक श्री मनोज कुमार सिंह, एसडीपीओ बैजनाथ प्रसाद, सार्जेंट मेजर कुमार देवव्रत, प्रशिक्षु आईपीएस श्रीमती श्रुति, नागरगोजे शुभम् भाऊ साहब, सार्जेंट शशि उरांव सहित अन्य पुलिस अधिकारी, स्कूली बच्चे और आम नागरिक शामिल हुए। इसी क्रम में जिले के सभी अनुमंडल व थाना क्षेत्रों में भी स्थानीय थाना प्रभारियों के नेतृत्व में एकता मैराथन और शपथ समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिसकर्मियों, स्वयंसेवी संगठनों, स्कूली छात्रों और नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर राष्ट्रीय एकता और साम्प्रदायिक सौहार्द का संदेश दिया। हजारीबाग पुलिस द्वारा आयोजित यह अभियान जिले में सामुदायिक सद्भाव और राष्ट्रीय एकता के प्रति साझा प्रतिबद्धता का जीवंत प्रतीक बन गया है।

# शिलान्यास के छह माह बाद भी नहीं शुरू हुआ सड़क निर्माण, ग्रामीणों में आक्रोश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरही।** बरही प्रखंड के रसोइया धमना पंचायत अंतर्गत लश्करी मोड़ से आंगनबाड़ी केंद्र लश्करी तक लगभग डेढ़ किलोमीटर लंबी जर्जर सड़क का निर्माण कार्य अब तक शुरू नहीं हो सका है। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण योजना मद से इस सड़क के निर्माण की स्वीकृति मिल चुकी है और शिलान्यास हुए छह माह बीत चुके हैं, लेकिन संवेदक द्वारा अब तक कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है।

स्थानीय ग्रामीणों में इसको लेकर गहरा आक्रोश है। उनका कहना है कि वे लंबे समय से टूटी-फूटी सड़क पर चलने को मजबूर हैं। बरसात के दिनों में सड़क पर जलजमाव और कीचड़ से राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क की स्थिति इतनी खराब है कि अक्सर बाइक सवार गिरकर चोटिल हो जाते हैं। क्षेत्र की अन्य सड़कों पर निर्माण कार्य प्रगति पर है, परंतु लश्करी मोड़ से आंगनबाड़ी केंद्र तक की यह सड़क अब भी उपेक्षा का शिकार बनी हुई है। इस मामले में पूछे जाने पर विधानसभा विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर ने संवेदक के प्रति नाराजगी जताई और कहा कि मौसम साफ होते ही कार्य प्रारंभ किया जाए, ताकि ग्रामीणों को और अधिक परेशानी का सामना न करना पड़े।

# राष्ट्रीय एकता दिवस का दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोलकात।** दक्षिण पूर्व रेलवे ने भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में 31.10.2025 को अपने मुख्यालय, गार्डन रीच में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया।

श्री अनिल कुमार मिश्रा, महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे ने रेलवे सुरक्षा बल की टुकड़ियों द्वारा प्रस्तुत औपचारिक परेड की सलामी ली। इस अवसर पर श्री सुमित्र मजूमदार, अपर महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, विभागों के प्रधान प्रमुख, अन्य वरिष्ठ अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित थे। श्री अनिल कुमार मिश्रा, महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे ने इस अवसर पर रेलवे सुरक्षा बल कर्मियों द्वारा आयोजित मोटरसाइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने गार्डन रीच स्थित दक्षिण पूर्व रेलवे मुख्यालय में आयोजित 'रन फॉर यूनिटी' (एकता दौड़) को भी हरी झंडी दिखाकर प्रारंभ किया, जिसका उद्देश्य राष्ट्रीय एकता दिवस का संदेश फैलाना था। विभागों के प्रधान प्रमुख, अधिकारी, बड़ी संख्या में सुरक्षा कर्मी, खेलकर्मी, सिविल डिफेंस के सदस्य तथा भारत स्काउट्स और गाइड्स के सदस्य इस दौड़ में शामिल हुए। राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन दक्षिण पूर्व रेलवे के चारों मंडलों— खड़गपुर, आद्रा, चक्रधरपुर और रांची — में भी किया गया।

# समाजसेवी हर्ष अजमेरा ने श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती

## ■ राष्ट्र की एकता, अखंडता और दृढ़ संकल्प के प्रतीक 'लौहपुरुष' को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

नवीन सिन्हा

**हजारीबाग।** भारत की एकता और अखंडता के प्रतीक, आधुनिक भारत के शिल्पकार एवं महान स्वतंत्रता सेनानी भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर समाजसेवी हर्ष अजमेरा द्वारा श्रद्धा और सम्मान के साथ कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें याद किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने लौहपुरुष सरदार पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर हर्ष अजमेरा ने कहा कि सरदार पटेल का जीवन देशभक्ति, साहस और दृढ़ निश्चय का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने स्वतंत्रता के बाद देश की 562 रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर अखंड भारत की नींव रखी, जो आज भी हर भारतीय के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा— "सरदार पटेल का जीवन हमें यह सिखाता है कि जब तक हम राष्ट्रहित को सर्वोपरि नहीं मानेंगे, तब तक सच्ची प्रगति संभव नहीं। आज के युवाओं को उनके आदर्शों और कार्यशैली से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए।" कार्यक्रम के दौरान उपस्थित समाजसेवियों और युवाओं ने भी 'राष्ट्रीय एकता दिवस' की शपथ ली और सरदार पटेल के दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

इस मौके पर हर्ष अजमेरा ने कहा कि देश की एकता और अखंडता की रक्षा के लिए हर नागरिक को अपनी भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने जिस भारत का सपना देखा था, उसे साकार करने के लिए हर भारतीय को समर्पण और ईमानदारी से कार्य करना होगा। कार्यक्रम के अंत में देशभक्ति गीतों के साथ राष्ट्रगान हुआ और सभी ने 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के नारे लगाए।

# बरही अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज और दवा की पर्याप्त व्यवस्था : डॉ. प्रकाश ज्ञानी

## ■ स्वास्थ्य उपाधीक्षक से मिला आइएफडब्लूजे का शिष्टमंडल, सुविधाओं की ली जानकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरही हजारीबाग।** इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट (आईएफडब्लूजे) का एक शिष्टमंडल शुक्रवार को बरही अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचा और स्वास्थ्य उपाधीक्षक (डीएस) डॉ. प्रकाश ज्ञानी से मुलाकात की। शिष्टमंडल ने अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं की विस्तृत जानकारी ली और क्षेत्र की जनता तक इन सेवाओं को पहुंचाने की आवश्यकता पर बल दिया।

डीएस डॉ. ज्ञानी ने बताया कि बरही अनुमंडलीय अस्पताल में लगभग सभी प्रकार की चिकित्सीय सेवाएं उपलब्ध हैं। नॉर्मल प्रसव के साथ-साथ सिजेरियन प्रसव की भी सुविधा है। उन्होंने कहा कि पब्लिक हेल्थ यूनिट (PHU) जल्द शुरू होने जा रही है, जहां सभी प्रकार की जांचें उपलब्ध होंगी। डॉ. ज्ञानी ने आगे बताया कि हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. मयंक के द्वारा ऑथोपेडिक उपचार, जबकि डॉ. रौशन कुमार के द्वारा सामान्य सर्जरी का कार्य जल्द प्रारंभ किया जाएगा, इसके लिए आवश्यक उपकरणों की व्यवस्था कर ली गई है। इसके अतिरिक्त अस्पताल में दांत, ईएनटी, कुपोषण, इमरजेंसी और ओपीडी की सुविधाएं भी सुचारू रूप से संचालित हो रही हैं। उन्होंने कहा कि अस्पताल में सभी प्रकार की आवश्यक दवाएं उपलब्ध हैं। शिष्टमंडल ने अस्पताल की एम्बुलेंस व्यवस्था की भी जानकारी ली। इस दौरान बताया गया कि प्राइवेट एम्बुलेंस को तय मानक और किराए पर संचालित किया जा रहा है, और मरीजों को पहले से इसकी जानकारी दी जाती है। आईएफडब्लूजे शिष्टमंडल ने अस्पताल की समग्र स्वास्थ्य व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया और इन सुविधाओं को जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता पर जोर दिया। साथ ही, कुछ चिकित्सकों की कार्यशैली पर असंतोष जताते हुए उनके सुधार की मांग भी की। शिष्टमंडल में जिला अध्यक्ष बिपिन बिहारी पांडेय, अनुमंडल अध्यक्ष कमल शंकर पंडित, मुख्य संरक्षक कृष्णा प्रजापति, उपाध्यक्ष रितेश गुप्ता, सचिव सोनू पंडित, कोषाध्यक्ष विकास कुमार, सोशल मीडिया प्रभारी मो. उस्मान और राकेश कुमार शामिल थे।

# सरदार पटेल जयंती पर बीएसएफ ने 'स्वच्छता एवं स्वास्थ्य' थीम पर 'फिट इंडिया फ्रीडम रन 6.0' का सफल समापन किया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग।** सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर सीमा सुरक्षा बल (BSF) ने 'स्वच्छता एवं स्वास्थ्य' थीम पर केंद्रित 'फिट इंडिया फ्रीडम रन 6.0' का सफलतापूर्वक समापन किया। यह विशेष अभियान 2 अक्टूबर 2025 से आरंभ होकर 31 अक्टूबर 2025 को 'यूनिटी रन' के साथ संपन्न हुआ।

इस वर्ष के आयोजन का उद्देश्य बल कर्मियों, उनके परिवारों और आम नागरिकों के बीच फिटनेस, स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति स्थायी संस्कृति का निर्माण करना था। यह पूरा अभियान बल मुख्यालय, सीमा सुरक्षा बल के निदेशानुसार महानिरीक्षक श्री धीरेन्द्र कुटे (भा.पु.से.), प्रशिक्षण केंद्र एवं विद्यालय, सीमा सुरक्षा बल के मार्गदर्शन में संचालित किया गया। अभियान के दौरान बल कर्मियों और स्थानीय नागरिकों के बीच स्वास्थ्य और फिटनेस के महत्व को रेखांकित करने हेतु विभिन्न शारीरिक एवं जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। 27 अक्टूबर 2025 को 'स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत' संदेश के साथ स्पेशल साइक्लिंग एवं प्लॉगिंग ड्राइव आयोजित की गई।

28 अक्टूबर 2025 को 'फिट इंडिया स्वच्छता फ्रीडम रन' का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में जवानों व स्थानीय लोगों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर महानिरीक्षक श्री धीरेन्द्र कुटे ने कहा 'प्लॉगिंग ड्राइव जैसी गतिविधियों ने हमारे बल कर्मियों को पर्यावरण संरक्षण और सार्वजनिक स्वास्थ्य के प्रति अपनी जिम्मेदारी को और अधिक गंभीरता से समझने के लिए प्रेरित किया है। यह पहल फिटनेस, स्वच्छता और राष्ट्र की एकता के भाव को जोड़ती है।' कार्यक्रम के अंतिम दिन 31 अक्टूबर को 'यूनिटी रन' के समापन के उपरांत राष्ट्रीय एकता शपथ समारोह का आयोजन किया गया। इसमें सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती— राष्ट्रीय एकता दिवस— के अवसर पर देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने की शपथ ली गई। यह आयोजन सीमा सुरक्षा बल की उस प्रतिबद्धता को दशार्ता है, जिसके तहत वह न केवल देश की सीमाओं की रक्षा कर रहा है, बल्कि एक स्वस्थ, स्वच्छ और एकजुट भारत के निर्माण में भी सक्रिय भूमिका निभा रहा है— जैसा कि लौह पुरुष सरदार पटेल ने सपना देखा था।

# दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा सतर्कता जागरूकता पर संगोष्ठी का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोलकाता।** दक्षिण पूर्व रेलवे ने 31.10.2025 को गार्डन रीच स्थित दक्षिण पूर्व रेलवे मुख्यालय में सतर्कता जागरूकता पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया। दक्षिण पूर्व रेलवे 27 अक्टूबर से 2 नवंबर, 2025 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह, 2025 मना रहा है, जो केंद्रीय सतर्कता आयोग द्वारा शुरू किए गए 'तीन माह के अभियान' (18 अगस्त से 17 नवंबर, 2025) का एक हिस्सा है।

इस संगोष्ठी के मुख्य अतिथि थे श्री पिनाकी चंद्र घोष, भारत के सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश एवं भारत के पहले लोकपाल।

इस अवसर पर श्री अनिल कुमार मिश्रा, महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, श्री सुमित्र सौमित्र मजूमदार, अपर महाप्रबंधक, श्री सुरिंदर पाल, वरिष्ठ उपमहाप्रबंधक एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी, तथा अन्य प्रमुख विभागाध्यक्ष और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। अपने संबोधन में श्री घोष ने अपने अनुभव साझा करते हुए पेशेवर ईमानदारी पर बल दिया और सभी को यह सलाह दी कि उन्हें सदैव सतर्कता के पहलू के प्रति सचेत रहना चाहिए और किसी भी प्रकार की अनैतिक गतिविधि में भाग नहीं लेना चाहिए। श्री मजूमदार, एजीएम/ एसईआर ने अपने भाषण में कहा कि पूर्ववर्ती कार्यों एवं कर्मचारियों के आचरण का विश्लेषण कर निवारक सतर्कता अपनाने से पारदर्शिता और सुशासन को बढ़ावा दिया जा सकता है। श्री मिश्रा, जीएम/एसईआर ने अपने संबोधन में कहा कि यह सतर्कता सप्ताह हमें ईमानदारी, निष्ठा और पारदर्शिता की जिम्मेदारी की याद दिलाता है।

इस वर्ष के सतर्कता जागरूकता सप्ताह की थीम— सतर्कता:हमारी साझा जिम्मेदारी— केवल एक नारा नहीं, बल्कि यह हमें संगठन के प्रति ईमानदार, पारदर्शी और जवाबदेह बनने की प्रेरणा देती है। संगोष्ठी के दौरान न्यायमूर्ति श्री पिनाकी चंद्र घोष तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा सतर्कता बुलेटिन 'मयार्दा 2025' का विमोचन किया गया। संगोष्ठी के अंत में मुख्यालय की सांस्कृतिक टीम द्वारा नुक्कड़ नाटक और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

# वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनायी गयी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के 150 वीं जयंती के उपलक्ष में पूरे देश में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया जा रहा है। जिसके जरिए देश की एकता अखंडता और सुरक्षा के प्रति हमारे संकल्प को दूर करने के लिए रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में गिरिडीह जिला प्रशासन द्वारा रन फॉर यूनिटी का कार्यक्रम किया गया। इसे लेकर गिरिडीह के पपरवा टांड स्थित नवीन पुलिस लाइन से यह निकलकर बडा चौक तक पहुंची।

इस मौके पर गिरिडीह के डीसी रामनिवास यादव तथा एसपी डॉक्टर विमल कुमार इसकी अगुवाई कर रहे थे। इस दौड़ के कार्यक्रम में एसडीएम गिरिडीह श्रीकांत विस्पूते ,डीएसपी नीरज सिंह, डीएसपी कौशर अली ,एस डिपीआओ जीत वाहन उरांव सहित गिरिडीह बिडिओ,सीओ गिरिडीह नगर थाना प्रभारी, मुफ्फसिल थाना प्रभारी के साथ-साथ कई प्रशासनिक पदाधिकारी, विभागीय अधिकारी शहर के गणमान्य लोग तथा स्कूल के बच्चे शामिल थे । इस मौके पर गिरिडीह डीसी रामनिवास यादव और एसपी डॉ विमल कुमार ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा आयोजित इस दौड़ के माध्यम से लोगों में एकता का संदेश दिया गया है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रशासन ,पुलिस कोमियो तथा मीडिया कर्मियों का सराहनीय योगदान रहा

# रांची स्थित सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के कार्यालयों में निरीक्षण

## अवर सचिव सुजीत नाथ चरण ने आकाशवाणी, दूरदर्शन केन्द्र, सीबीसी और पत्र सूचना कार्यालय का किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के अवर सचिव सुजीत नाथ चरण ने देश व्यापी चलाए जा रहे विशेष स्वच्छता अभियान 5.0 के अंतर्गत रांची स्थित सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय (एमआइबी) के विभिन्न कार्यालयों- आकाशवाणी, दूरदर्शन केन्द्र और पत्र सूचना कार्यालय (पीआइबी), केंद्रीय संचार ब्यूरो का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परिसर की स्वच्छता व्यवस्था देखकर संतोष व्यक्त किया और

अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर दूरदर्शन केन्द्र, रांची के उप महानिदेशक (अभियांत्रिकी) दुर्गा चरण हेम्ब्रम और पीआइबी रांची के कार्यालय प्रमुख राजेश सिन्हा ने अवर सचिव का स्वागत किया। उनके साथ सहायक निदेशक (अभियांत्रिकी) किशोर कुमार साहू, कार्यक्रम प्रमुख सुधीर कुमार,

कार्यक्रम अधिशासी पूर्णिमा कुमारी, आहरण एवं वितरण अधिकारी सुशील कुमार, सहायक अभियंता कबिता बेहेरा, आकाशवाणी के कर्मचारी टी के मांझी, पत्र सूचना कार्यालय के मीडिया एवं संचार अधिकारी राजेश सिन्हा, क्षेत्रीय प्रसार अधिकारी ओंकार नाथ पांडेय और सूचना सहायक प्रिंस कुमार समेत अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के उपरांत, अवर सचिव सुजीत नाथ चरण ने "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत पीआइबी परिसर में पौधरोपण किया और पर्यावरण संरक्षण में सभी के सहभागिता की अपील की। उन्होंने कहा कि कर्मचारीगण पौधा लगाकर, उसकी देखभाल भी करें। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा आयोजित विशेष स्वच्छता अभियान 5.0 का उद्देश्य सरकारी परिसरों में स्वच्छता, अपशिष्ट प्रबंधन और हरित कार्यालयों के निर्माण को बढ़ावा देना है।

# बाइकों की टक्कर में दो की मौत

**गुमला(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के सदर थाना क्षेत्र में गुरुवार रात दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना फोरी और पसंगा गांव के बीच हुई। मृतकों की पहचान बसुआ निवासी रमेश उरांव और पसंगा निवासी संतोष गोप के रूप में हुई है। रमेश उरांव अपनी बाइक पर कार्तिक उरांव और खेतो उरांव के साथ बसुआ गांव लौट रहे थे। वे रास्ते में गिरे मोबाइल को लेने जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही एक अन्य बाइक से उनकी टक्कर हो गई। इस बाइक पर पसंगा निवासी संतोष गोप, जोरू उरांव और कुम्भाटोली निवासी रोपना पन्ना सवार थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइक के परखच्चे उड़ गए। रमेश उरांव और संतोष गोप ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। कार्तिक उरांव, खेतो उरांव, जोरू उरांव और रोपना पन्ना गंभीर रूप से घायल हुए हैं। स्थानीय लोगों ने तुरंत घटनास्थल पर पहुंचकर घायलों को गुमला सदर अस्पताल पहुंचाया जहां उनका इलाज जारी है।

# गुरु गोविंद सिंह एजुकेशनल सोसायटीज टेक्निकल कैंपस में आइएसटीइ फैकल्टी कन्वेंशन 2025 का उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोकारो।** गुरु गोबिंद सिंह एजुकेशनल सोसायटीज टेक्निकल कैंपस, बोकारो में इंडियन सोसायटी फॉर टेक्निकल एजुकेशन तथा झारखंड यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी के तत्वावधान में आयोजित आई.ए.टी.ई. फैकल्टी कन्वेंशन 2025 – बिहार एवं झारखंड सेक्शन का दो दिवसीय कार्यक्रम गुरुवार को शुभारंभ हुआ। उद्घाटन दिवस के उद्घाटीय एवं तकनीकी सत्र गरिमामय वातावरण में संपन्न हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आइएसटीइ नई दिल्ली के सचिव डॉ. एस. एम. अली रहे। वहीं कार्यक्रम के चीफ पैट्रन, कुलपति जेयूटी रांची डॉ. डी. के. सिंह वर्चुअल रूप से जुड़े। गुरु गोबिंद सिंह एजुकेशनल सोसायटी, बोकारो के अध्यक्ष श्री तरसेम सिंह कार्यक्रम में सम्मानित उपस्थिति रहे। पैट्रन एवं संस्थान सचिव श्री सुरेंद्र पाल सिंह, तथा आइएसटीइ बिहार–झारखंड सेक्शन के अध्यक्ष एवं एमआइटी मुजफ्फरपुर के प्राचार्य डॉ. एम. के. झा भी मंच पर उपस्थित थे। दीप प्रज्वलन तथा अतिथियों के स्वागत-सत्कार—पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह प्रदान—के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। जी.जी.पी.एस.–चास के छात्रों द्वारा प्रस्तुत शबद-गान ने समारोह में आध्यात्मिक आभा भर दी। तत्पश्चात कॉलेज निदेशक डॉ. प्रियदर्शी जरुहार ने स्वागत भाषण दिया। उद्घाटन सत्र में अतिथियों द्वारा आइएसटीइ फैकल्टी कान्वेंशन 2025 की बुक ऑफ प्रोसीडिंग्स का लोकार्पण किया गया। साथ ही ISTE नई दिल्ली द्वारा कॉलेज में फैकल्टी चैप्टर की स्थापना एवं आरंभ किया गया। इस अवसर पर प्रदेश भर से चयनित 21 फैकल्टी सदस्यों को आइएसटीइ की ओर से बेस्ट फैकल्टी अवार्ड प्रदान किए गए। समारोह को संबोधित करते हुए संस्थान के अध्यक्ष श्री तरसेम सिंह ने कॉलेज के विज़न और मिशन पर प्रकाश डाला तथा उन्नति की शुभकामनाएं दी।

## राष्ट्रीय एकता दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पकरीबरावां।** प्रखण्ड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय कचना में शुक्रवार को राष्ट्रीय एकता दिवस पर कार्यक्रम आयोजित की गई। विद्यालय के प्रधानाध्यापक संजय कुमार सुमन, शिक्षक मिठमोहन कुमार, शिक्षिका बेबी कुमारी, रफत अंजुम एवं विद्यालय के बच्चों ने लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण किया। प्रधानाध्यापक ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल भारत के एकता के शिल्पकार थे। उन्होंने स्वतंत्रता के बाद देश को एकजुट का महत्वपूर्ण प्रयास किया। भारत की एकता और अखंडता को बनाये रखने के उनके योगदान काफी महत्वपूर्ण है।

# अफ्रीका के ट्यूनीशिया में फंसे झारखंड के 48 मजदूर

**गिरिडीह।** झारखंड के प्रवासी मजदूर एक बार फिर विदेश में फंस गए हैं। झारखंड के गिरिडीह, हजारीबाग और बोकारो के 48 प्रवासी मजदूर इस बार अफ्रीका के ट्यूनेशिया में फंसे हुए हैं। कंपनी के द्वारा मजदूरों के बीच काम के बदले मजदूरी का भुगतान नहीं किया जा रहा है। साथ ही समय से अधिक काम कराया जा रहा है। इससे मजदूरों को वहां रहने एवं खाने-पीने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विदेश में फंसे मजदूरों ने एक वीडियो भेजकर अपनी पीड़ा को साझा करते हुए सरकार से मदद की अपील की है। मजदूरों के हित में कार्य करने वाले सिकंदर अली को मजदूरों ने वीडियो भेजा है। मजदूरों के द्वारा भेजे गए वीडियो को उन्होंने पत्रकारों के साथ शेयर किया है। उन्होंने भी सरकार से विदेश में फंसे मजदूरों के हित में कार्य करने की मांग की है। इधर बगोदर विधायक नागेन्द्र महतो ने मामले को गंभीरता से लिया है। उन्होंने कहा है कि उनसे भी श्रमिकों ने सम्पर्क किया है। वे इस मामले को लेकर विदेश मंत्री को पत्र लिखकर वहां फंसे मजदूरों की सकुशल रिहाई और मजदूरी भुगतान किए जाने की दिशा में पहल किए जाने की मांग करेंगे। साथ ही वहां मजदूरों की सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने की मांग करेंगे। सिकदर ने बताया कि जो मजदूर फंसे उनमें हजारीबाग जिले से 19 मजदूर शामिल हैं। इन मजदूरों में विष्णुगढ़ प्रखंड के ऊंचाधान निवासी अमरदीप चौधरी, जिवाधन महतो, धानेश्वर महतो, जागेश्वर कुमार महतो, गोविद कुमार महतो, खिरोधर महतो, नागेंद्र कुमार महतो, कैलाश महतो, नीलकंठ महतो, अनंतलाल महतो (बंदखारो), खुशलाल महतो (बंदखारो), जगतपाल महतो (बलकमक्का), मुकेश कुमार (खरकी), मंटू महतो (ज्ञानगढ़ा), गंगाधर महतो (मुरगामो), मुकेश कुमार(चानो), दिनेश तुरी (खरना), देवेंद्र ठाकुर (खरना), शंकर घांसी (खेदाडीह) शामिल हैं। जबकि गिरिडीह के 14 मजदूर हैं, जिनमें बगोदर प्रखंड के नंदलाल महतो(माहुरी), संतोष महतो (अडवारा), गुरुचरण महतो (बेको), मनोज कुमार मंडल (दोंदलो), खुबलाल महतो(दोंदलो), अशोक कुमार (मुंडरो), सरिया के झंडू महतो(कोसी), सेवा महतो(कोसी), मुरली मंडल (उलीबार), सुखदेव सिह (लोवाबार)। डुमरी के संजय कुमार(जरूवाडीह), पीरटांड के संजय कुमार महतो (खुखरा)। गिरिडीह सदर के सुनील टूडू (बेरागढा खुर्द) एवं मिरुलाल हसदा शामिल हैं। इसी तरह बोकारो जिले के चंद्रपुरा प्रखंड के फतेहपुर के अजय कुमार, अनिल कुमार एवं गोपाल महतो (खलचो), पेटरवार के राजेश करमाली। गोमिया के लालू करमाली (चिलगो), जगन्नाथ महतो (चिलगो), रूपलाल महतो (चुन्नू महुआटांड़), दीपक सिह (तिसरी), कारु सिह (तिसरी), जगन्नाथ महतो (सीधाबारा), बिरसाही तुरी (सीधाबारा), सुबोध मरांडी (तिसरी), मनोज कुमार रविदास (करी), खेदन सिह (क्रुकनालो), सुखदेव महतो(तिसरी) शामिल हैं।

# एकता और सतर्कता के संदेश के साथ 'एकता और अखंडता के लिए पदयात्रा' का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पतरातु (रामगढ़)।** राष्ट्रीय एकता दिवस एवं सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 के उपलक्ष्य में, पतरातु विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड द्वारा टाउनशिप परिसर में 'एकता और अखंडता के लिए पदयात्रा' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों में राष्ट्रीय एकता, पारदर्शिता और नैतिक आचरण के मूल्यों को सुदृढ़ करना था।

कार्यक्रम का नेतृत्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी ए. के. सहगल ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत एकता प्रतिज्ञा

के साथ हुई, जिसमें सभी ने जीवन और कार्य के प्रत्येक क्षेत्र में एकता, सत्यनिष्ठा और सतर्कता की भावना को बनाए रखने का संकल्प लिया। ए. के. सहगल ने अपने संबोधन में संगठन में सतर्कता, एकता और नैतिक जिम्मेदारी की संस्कृति को बढ़ावा देने के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा कि यही मूल्य एनटीपीसी की निरंतर प्रगति और सफलता की आधारशिला हैं।

मौके पर अनुपम मुखर्जी, मुख्य महाप्रबंधक (प्रोजेक्ट), विष्णु दत्ता दाश, महाप्रबंधक (प्रोजेक्ट), ओ. पी. सोलंकी, महाप्रबंधक (मेंटेनेंस), संगीता दाश, महाप्रबंधक (टीएस), रेनू सहगल, अध्यक्ष, स्वर्णरेखा महिला समिति, विभिन्न विभागाध्यक्षगण तथा सीआईएसएफ यूनिट के कमांडेंट एवं जवान, वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी एवं उनके परिवारजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## हंगामा करते तीन शराबी गिरफ्तार

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज पुलिस ने डाकबंगला के पास नशे की हालत में हंगामा कर रहे तीन शराबियों को हिरासत में लेकर मंगलवार को उन्हें औरंगाबाद न्यायालय भेज दिया। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि नौआखाप निवासी अयोध्या पासवान और गोह थाना क्षेत्र के थानापुर निवासी उमेश पासवान को डाकबंगला के पास शराब के नशे में उपद्रव करते हुए पकड़ा गया। दोनों को नियंत्रित कर थाने लाया गया। वहीं, राजाविगहा निवासी जितेंद्र कुमार के खिलाफ उसकी मां दौलती देवी ने आवेदन देकर आरोप लगाया था कि वह नशे में घर पर हंगामा और मारपीट करता है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने जितेंद्र को हिरासत में लिया।

# भाजपा के कई नेता झामुमो में शामिल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** घाटशिला उप चुनाव से पहले झारखंड मुक्ति मोर्चा ने भाजपा को जोर का झटका दिया है। पूर्वी सिंहभूम जिले के भारतीय जनता पार्टी के कई नेता और पदाधिकारियों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थामा है। गुरुवार को कांके स्थित सीएम के आवासीय कार्यालय में सीएम हेमंत सोरेन के समक्ष सभी ने झामुमो की सदस्यता ली है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सभी को पार्टी में स्वागत किया। झामुमो में शामिल होने वाले में सिंहभूम जिला परिषद के उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष (ग्रामीण) सह प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सौरभ चक्रवर्ती, घाटशिला भाजपा मंडल अध्यक्ष कौशिक सिन्हा, मुसाबनी भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष तुषार पात्रों, भाजपा के मीडिया प्रभारी सुरेश महाली तथा जमशेदपुर के सुप्रसिद्ध जंबू अखाड़ा के अध्यक्ष बंटी सिंह सहित कई अन्य शामिल रहे। झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल होने के बाद कार्यकर्ताओं ने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन सरकार की नीतियों से प्रभावित होकर झामुमो में शामिल हुए हैं। साथ ही बीजेपी पर जमकर हमला बोला। गौरतलब है कि झामुमो में शामिल होने वाले नेताओं को बीजेपी ने पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया है। इन लोगों पर घाटशिला उपचुनाव में एनडीए प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन के खिलाफ चुनाव प्रचार करने का आरोप लगा है। इसलिए बीजेपी ने इनलोगों को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। आज के कार्यक्रम में झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय प्रवक्ता सह पूर्व विधायक कुणाल षड़ंगी एवं जिला परिषद अध्यक्षा बारी मुर्मू उपस्थित रहे।

# चक्रवाती तूफान मोंथा के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त, किसान परेशान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली।** प्रखंड क्षेत्र में मोंथा नामक चक्रवाती तूफान से तीन दिनों से लगातार रिमझिम बारिश हो रही है। इससे आमलोगों का जीवन अस्त-व्यस्त हो चुका है। शुक्रवार को लगने वाले साप्ताहिक हाट में लोगों की भीड़ नगण्य रही, जिससे व्यापार में मंदी देखी गई। जबकि सामान्य दिनों में आसपास के दर्जनों गांवों से हजारों की संख्या में लोग साप्ताहिक हाट में खरीदारी करते दिखाई देते थे। वहीं दूसरी ओर किसान भी लगातार हो रहे बारिश से चिंतित दिखाई दे रहे हैं। साथ ही रबी फसलों पर भी बुरा प्रभाव देखने को मिल रहा है। चक्रवाती तूफान मोंथा के कारण हो रही बारिश से हो रहे फसलों के नुकसान को लेकर क्षेत्र के किसानों की चिंता लगातार बढ़ रही है। क्षेत्र में धान की खड़ी फसलों के गिरने के मामले सामने आ रहे है।वहीं असमय जलजमाव फसल के लिए मुसीबत बनती जा रही है। चक्रवाती तूफान मोंथा की वजह से मंगलवार की शाम से रजौली क्षेत्र में शुरू हुआ बारिश का सिलसिला शुक्रवार को भी बदस्तूर जारी है। पूरे दिन आसमान बादलों से ढ़का रहा। मौसम विभाग के अनुसार अगले एक-दो दिनों तक मौसम सामान्य होने की उम्मीद नहीं है। बारिश के सिलसिले का असर सड़को और बाजारों में लोगों की आवाजाही पर साफ तौर पर दिख रहा है। बहरहाल मौसम के प्रतिकूल रुख से क्षेत्र के किसान चिंतित और हकलाने हो रहे हैं।वहीं आमजन भी काफी परेशान हो

रहे हैं। वहीं मौसम विभाग ने लोगों, विशेष रूप से किसानों को खुले मैदानों, पेड़ों या बिजली के खंभों के पास जाने से बचने की सलाह दी है। चक्रवाती तूफान के कारण क्षेत्र में तापमान में भारी की गिरावट देखी जा रही है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि नवंबर के पहले सप्ताह से सुबह और शाम में ठंड का एहसास बढ़ने की उम्मीद है। इस मौसम में लोग सर्दी,खांसी और बुखार से परेशान हैं। इस बाबत प्रखंड कृषि पदाधिकारी रौशन कुमार ने बताया कि प्रखंड के अधिकांश किसानों द्वारा धान की खेती में आवश्यकता से अधिक मात्रा में यूरिया का प्रयोग किया गया है और इसकी जानकारी अंतिम दिनों में दी गई है,जो सुधरने की स्थिति में नहीं है। साथ ही कहा कि कृषि समन्वयक द्वारा क्षेत्र में निरीक्षण करने पर जानकारी मिली है कि अधिकांश किसानों द्वारा फसलों का बीमा भी नहीं करवाया गया है। उन्होंने जिले के वरीय पदाधिकारी से बात करके अग्रतर कार्रवाई की बात कही है।

# जन सुराज लड़ रही व्यवस्था परिवर्तन की लड़ाई : अभिराम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जहानाबाद विधानसभा में विभिन्न प्रत्याशियों का चुनाव अभियान जोरो पर चल रहा है। सभी प्रत्याशी जोर लगाए हुए हैं। इधर जन सुराज पार्टी के प्रत्याशी अभिराम सिंह ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। जहानाबाद विधानसभा क्षेत्र के रतनी प्रखंड के कई गांवों में घर-घर जाकर संपर्क कर लोगों से आशीर्वाद मांग रहे हैं। शुक्रवार को प्रत्याशी सिंह ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की जन्म जयंती पर जहांगीरपुर में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आजादी के बाद सरदार पटेल ने पूरे भारत को एकता के सूत्र में पिरोया। उन्होंने सरदार पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि इनके प्रयास से ही देसी रियासतों का विलय संभव हुआ, जिसके कारण विशाल और समृद्ध भारत देश का सपना साकार हो सका।

जहांगीरपुर के बाद श्री सिंह सैकड़ों समर्थकों के साथ दयालचक पहुंचे और घर-घर जाकर लोगों से संपर्क कर आशीर्वाद मांगा। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जन सुराज पार्टी बिहार में व्यवस्था परिवर्तन की लड़ाई लड़ रही है। सत्ता में आने के बाद यह पार्टी सबसे पहला काम रोजी-रोजगार के लिए बिहार से होने वाले पलायन को रोकेगी। स्थानीय स्तर पर युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। महिलाओं को स्वरोजगार के लिए कम ब्याज पर लोन उपलब्ध कराया जाएगा। कृषि से मनरेगा को जोड़ा जायेगा और व्यावसायिक खेती को बढ़ावा दिया जायेगा। दयालचक के बाद अभिराम सिंह कुंडिला पहुंचे और घर-घर जाकर वोट मांगा। कुंडिला के बाद अभिराम सिंह मिरजापुर, झरखा और उचिटा गांव में भी गए और लोगों से इस बार अपने बेटे के चेहरे को याद कर वोट करने की अपील की। इस मौके पर नाथुन शर्मा, सिंटू शर्मा, सुधीर शर्मा, कुंदन शर्मा,सुरेश शर्मा, अनीश कुमार, विभीषण कुमार, नवल शर्मा, पंकज शर्मा सहित अन्य लोग अभिराम सिंह के लिए जनसमर्थन जुटाने में सक्रिय रहे।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. 222-एस/1/डब्लू-I I दिनांक: 29.10.2025,** मंडल अभियंता/III, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, डीआरएम बिल्डिंग, काइज़र स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाइन ई-निविदाएं आमंत्रित किए जाते हैं: **निविदा सं.: टीएन-130-25-26; कार्य का नाम :** सियालदह मंडल में बिल्डिंग, एफओबी, लिफ्ट और एस्केलेटर के लिए मिट्टी की जांच और संरचनात्मक डिज़ाइन, ड्राइंग एवं जीएडी तैयार करने का प्रावधान। **निविदा मूल्य :** रु. 1,24,51,542.45; **ईएमडी :** रु. 2,12,300.00; **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 24.11.2025 को 15.00 बजे। **कार्य की पूर्णता अवधि:** 12 (बारह) महीने। **निविदा खोलने की तिथि एवं समय:** 24.11.2025 को 15.30 बजे। निविदा दस्तावेज और विवरण **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध हैं। निविदा के लिए बोलियाँ उपरोक्त वेबसाइट पर ई-टेंडरिंग के माध्यम से प्रस्तुत की जानी हैं। मैन्युअल रूप से प्रस्तुत प्रस्तावों को तुरंत अस्वीकार कर दिया जाएगा।

(SDAH-241/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. 222-एस/1/डब्लू-I I दिनांक: 30.10.2025,** मंडल अभियंता/III, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, डीआरएम बिल्डिंग, काइज़र स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाइन ई-निविदाएं आमंत्रित किए जाते हैं: **निविदा सं.: टीएन-132-25-26; कार्य का नाम :** डी ईएन/III/सियालदह के अधिकार क्षेत्र में कृष्णानगर-लाल गोला सेक्शन में आरसीसी बॉक्स और छत पर आरसीसीयू-ट्रफ के साथ लिमिटेड हाइट सबवे (एलएचएस) बनाकर लेवल क्रॉसिंग गेट नं. 98 और लेवल क्रॉसिंग गेट नं. 119 को खत्म करना। **निविदा मूल्य :** रु. 16,96,24,515.90; **ईएमडी :** रु. 9,98,100.00; **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 24.11.2025 को 15.00 बजे। **कार्य की पूर्णता अवधि:** 06 (छह) महीने। **निविदा खोलने की तिथि एवं समय:** 24.11.2025 को 15.30 बजे। निविदा दस्तावेज और विवरण **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध हैं। निविदा के लिए बोलियाँ उपरोक्त वेबसाइट पर ई-टेंडरिंग के माध्यम से प्रस्तुत की जानी हैं। मैन्युअल रूप से प्रस्तुत प्रस्तावों को तुरंत अस्वीकार कर दिया जाएगा।

(SDAH-242/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं.: एसडीएसटीई-आरईएचएबी-एएसटीई-बीडब्ल्यूएन-25;दिनांक: 30.10.2025,** मंडल संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियर-1, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा - 711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** हावड़ा मंडल के एएसटीई/बर्द्धमान के अधिकार क्षेत्र में संकेतन संपत्तियां की विश्वसनीयता में सुधार के लिए सिग्नलिंग गियर का पुनर्वास और सुधार; **बोली का प्रकार:** सामान्य निविदा; **निविदा का प्रकार:** खुला; **निविदा बंद होने की तिथि:** 21.11.2025 15:00 बजे। **विज्ञापित मूल्य (रु.):** 2,10,46,071.45; **बोली शैली:** प्रत्येक अनुसूचित वस्तु के लिए सिंगल दर; **बयाना राशि / बोली सुरक्षा (रु.) :** 2,55,200.00; **निविदा दस्तावेज लागत (रु.) :** 0.00; **अनुबंध का प्रकार:** कार्य; **बोली प्रारंभ तिथि:** 07.11.2025; **बोलियों के लिए रैंकिंग क्रम:** निम्नतम से उच्चतम; **बोली प्रणाली:** सिंगल पैकेट; **निविदा अपलोड करने की तिथि और समय:** 30.10.2025 को 15.29 बजे; **निविदा अनुभाग:** एस और टी; **प्रस्ताव की वैधता (दिन):** 60; **समापन की अवधि:** 12 (बारह) महीने; **अनुबंध श्रेणी:** व्यय।

(HWH-367/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**सं. डब्ल्यू(2)623/एलएचएस/एसडीएएच/2/25-26. दिनांक: 30.10.2025.** मुख्य अभियंता, पूर्व रेलवे, 17, एन. एस. रोड, कोलकाता - 700001 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-टेंडरिंग हेतु निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **ई-निविदा सं. डब्ल्यू (2)623/एलएचएस/एसडीएएच/2/25-26 ; कार्य का नाम :** सियालदह मंडल/पूर्व रेलवे के कृष्णनगर-लालगोला शाखा में आरसीसी बॉक्स और छत पर कवर्ड आरसीसीयू-ट्रफ वाले लिमिटेड हाइट सबवे (एलएचएस) बनाकर लेवल क्रॉसिंग गेट नं. 100/ई, 78/ई, 76/ई, 144/ई, 149/ई, 169/ई, 94, 122 और 141/टी को खत्म करना; **कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 76,56,09,974.97; **बयाना राशि:** रु. 39,78,100.00; **पूर्णता अवधि:** 10 (दस) माह; **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 21.11.2025 को 14:00 बजे। निविदा दस्तावेजों का विवरण वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकर्ताओं से अनुरोध है कि वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन प्रस्तुत करें। कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा।

(MISC-262/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# देवोत्थान के बाद कल से मांगलिक कार्यों का होगा शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** 8 जून के बाद विवाह एवं दूसरे मांगलिक कार्य एवं शुभ मुहूर्त बंद रहने के कारण पिछले पांच महीना तक कोई भी शादी विवाह का रस्म अदा नहीं किया गया। गुरु के अस्त होने के कारण पिछले पांच महीने से मांगलिक कार्य पर ब्रेक लग गया है। 6 जुलाई के बाद से हरीशयनी एकादशी के बाद कोई भी शुभ कार्य आयोजित नहीं हुआ है। बताया जाता है कि धरती के पालनहार भगवान विष्णु 4 माह तक क्षीर सागर में शयन के बाद कार्तिक शुक्ल पक्ष एकादशी को देवोत्थान एकादशी पर निद्रा से जागते हैं, इसके बाद ही कोई मांगलिक कार्य प्रारंभ होता है। इस संबंध में आचार्य डॉ श्रीनिवास शर्मा बताते हैं कि 8जून से गुरु के अस्त होने के बाद से विवाह का शुभ मुहूर्त नहीं था। ऐसे जोड़े जिनकी विवाह तय भी हो गई थी उन्हें पांच माह तक शादी के शुभ मुहूर्त के लिए इंतजार करना पड़ा। उन्होंने बताया कि विवाह का शुभ मुहूर्त अब 02 नवंबर से प्रारंभ हो रहा है जो इस वर्ष 6 दिसंबर तक चलेगा। ज्योतिष विधा के जानकारों के मुताबिक शादी-विवाह एवं मांगलिक कार्यों के लिए ग्रहों की शुभता बहुत जरूरी है। बताया जाता है कि शादी के शुभ मुहूर्त के लिए नवग्रह में से गुरु, शुक्र और सूर्य का उदित होना या उनका आपस में संयोग होना आवश्यक है। ज्योतिष शास्त्रियों के अनुसार रवि और गुरु का संयोग शादी के मुहूर्त

के लिए अत्यंत फलदाई और शुभ माना जाता है। नवंबर- दिसंबर माह में विवाह की शुभ मुहूर्त -- चतुर्मास के समापन और देवउठनी एकादशी के बाद नवम्बर माह में विवाह का शुभ मुहूर्त प्रारंभ होगा। नवंबर माह में 2,3,6,8,12,13,16,17,18,21,22 ,23,25 एवं 30 नवम्बर तक कुल चौदह दिनों तक विवाह का शुभ मुहूर्त होगा। वहीं दिसंबर माह में मात्र तीन दिन-4,5 एवं 6 दिसंबर को विवाह का शुभ मुहूर्त होगा। आचार्य शैलेन्द्र शर्मा बताते हैं कि 6 जुलाई को यानि आषाढ़ मास में देवशयनी एकादशी थी। माना जाता है कि इस दिन से 4 माह तक के लिए धरती के पालनहार भगवान विष्णु क्षीर सागर में शयन या विश्राम के लिए चले जाते हैं। इसलिए इन चार माह में कोई भी मांगलिक कार्य आयोजित नहीं की गई।

## डायन बताकर बुजुर्ग महिला की हत्या

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिला में सोनुवा प्रखंड के बालजुड़ी गांव में अंधविश्वास में हत्या का एक और दर्दनाक मामला सामने आया है। गांव के ही कुछ लोगों ने 60 वर्षीय बुजुर्ग महिला की डायन-बिसाही का आरोप लगाकर हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपितों ने शव को गोईलकेरा जाने वाली पुलिया के पास फेंक दिया। शुक्रवार सुबह जब ग्रामीणों की चहलपहल बढ़ी तो उन्होंने पुलिया के पास बुजुर्ग महिला का शव पड़ा देखा। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। जानकारी मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मृतका की पहचान कर ली गयी है, जो अपने छोटे बेटे शिव कुमार पूर्ति, बहू सुखमती पूर्ति और बेटी सूर्यमणि कुंकल के साथ गांव में रहती थी। बताया जाता है कि गांव में पिछले कुछ दिनों से महिला पर डायन होने का संदेह जताया जा रहा था। गुरुवार देर रात गांव के ही कुछ लोगों ने उसे घर से बाहर बुलाया और उसकी बेरहमी से हत्या कर दी। इस घटना की जानकारी मिलते ही सोनुवा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी शशिबाला भेंगरा ने कहा कि प्रथम दृष्टया यह मामला अंधविश्वास से जुड़ा प्रतीत होता है। उन्होंने कहा कि इस अमानवीय कृत्य में शामिल लोगों की पहचान की जा रही है।

## संपादकीय

# महिलाएँ कहीं भी सुरक्षित क्यों नहीं?

अमेरिका ने इस साल जून में अपने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की थी कि भारत में महिलाएं अकेले यात्रा न करें। इस एडवाइजरी में कुछ राज्यों का जिक्र करते हुए कहा गया था कि भारत में रेप के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। जब यह सलाह आई, तो काफी हंगामा मचा। इसे भारत के अपमान के तौर पर देखा गया, लेकिन इंदौर और कोलकाता की हालिया घटनाएं बताती हैं कि देश में महिलाओं की सुरक्षा वाकई चिंताजनक है। इंदौर में ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम की दो खिलाड़ियों से छेड़छाड़ हुई, जबकि कोलकाता में एक पांच सितारा होटल के नाइट क्लब में महिला से यौन हिंसा की गई। इंदौर की घटना दिन के उजाले में हुई, कोलकाता की रात में, लेकिन दोनों वारदात भीड़ भरे इलाकों में हुई। दोनों जगह पुलिस ने तुरंत कार्रवाई का दावा किया, पर यह समस्या केवल इन दोनों मामलों तक सीमित नहीं है।आम धारणा है कि देश के दूरदराज के इलाकों, छोटे शहरों या कस्बों के मुकाबले महानगरों में महिलाएं ज्यादा सुरक्षित हैं - वहां वे अपनी पसंद का पहन सकती हैं, कहीं आ-जा सकती हैं, लेकिन ये दोनों केस इस धारणा को गलत साबित करते हैं। इससे यही जाहिर होता है कि जगह कोई भी हो, लेकिन महिलाओं को लेकर सोच कमोबेश एक जैसी है और हर जगह उन्हें एक जैसे खतरों व चुनौती का सामना करना पड़ता है। इंदौर और कोलकाता को केवल इसलिए भी महज दो घटनाएं कहकर खारिज नहीं कर सकते, क्योंकि देश में हर दिन ऐसी सैकड़ों घटनाएं होती हैं। एनसीआरबी का डेटा बताता है कि 2023 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के 4.5 लाख केस दर्ज किए गए। इसमें करीब 84 हजार केस छेड़खानी के थे, जबकि 29 हजार से ज्यादा मामले रेप के।इन आंकड़ों को खंगालिए तो पता चलता है कि महिलाएं कहीं सुरक्षित नहीं हैं - न घर में न बाहर। और अपराध की छाया हर उम्र पर पड़ रही है। ऐसे माहौल में जब मध्य प्रदेश के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के जैसा बयान आता है, जिसमें जिम्मेदारी पीड़िताओं पर डाल दी जाती है, तो इससे एक तरह से आरोपियों को बचने की ढाल मिल जाती है। क्रिकेट विश्वकप बड़ा इवेंट है। आगे भी देश को कई बड़े आयोजनों की मेजबानी करनी है, पर ऐसी वारदात से विदेशी पर्यटकों, दर्शकों, खिलाड़ियों में भरोसा कम होता है। वारदात के बाद सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद करना पर्याप्त नहीं है, जब तक समाज महिलाओं के लिए सुरक्षित नहीं बनेगा, तब तक आधी आबादी असल में सुरक्षित नहीं हो सकती।

**सरदार वल्लभभाई पटेल देश की एकता और अखंडता के मसीहा माने जाते हैं। भारत के नवनिर्माण में उनका अप्रतिम योगदान है। वे बचपन से ही साहसी और कठोर इच्छाशक्ति? वाले थे। राष्ट्रीय एकता दिवस मनाकर हम उनकी सेवाओं और योगदान का स्मरण कर भारत की एकता-अखंडता को समृद्ध करने का संकल्प दोहराते हैं। नई पीढ़ी को सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन और व्यक्ति?त्व और योगदान से परिचित कराना अनिवार्य है। बहुत कम लोग जानते हैं कि सरदार पटेल के पिताश्री झबेर भाई झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की सेना में रहकर 1857 की क्रांति में भाग ले चुके थे। यह जानना भी जरूरी है कि यदि सरदार पटेल अपनी सूझबूझ और कूटनीति से नेतृत्व नहीं करते तो स्वतंत्र भारत में शांतिपूर्ण स्थि?ति नहीं होती।**

# जयंती पर विशेषः अखंड भारत के निर्माता सरदार पटेल

( अवनीश सोमकुवर)

**भारतीय प्रशासनिक तंत्र के वास्तुकारः** भारत की एकता और अखंडता का जो स्वरूप आज हम देखते हैं वह सरदार वल्लभभाई पटेल के योगदान के बिना पूरा नहीं हो पाता। नवोदित राष्ट्र के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल ने देशी रियासतों का भारतीय संघ में विलय कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। दिल्ली के मेटकाफ हाउस में 21 अप्रैल 1947 को भारतीय प्रशासनिक सेवा के पहले बैच के अधिकारियों को संबोधन में उन्होंने स्वतंत्र भारत के सिविल सेवकों के कार्यों को रेखांकित किया था। उन्होंने कहा था कि पूर्ववर्ती अधिकारी आम जनता से अलग-थलग रहते थे। अब आपका कर्तव्य है कि आप भारत के आम आदमी को अपना समझें। नये भारत के प्रशासन तंत्र का निर्माण करने की जिम्मेदारी सरदार पटेल ने ली। उन्होंने आधुनिक भारतीय प्रशासनिक सेवा की नींव रखी। इसी कारण उन्हें 'संरक्षक संत' भी कहा जाता है। पटेल ने यह महसूस किया कि अनुभवी सिविल सेवक ही देश की स्थिरता सुनिश्चित कर सकते हैं। उन्होंने सिखाया कि ईमानदारी से अपनी राय दें। सरदार पटेल ने भारत को एक सशक्त प्रशासनिक संस्था दी। ऐसी संस्था जो आज भी सुशासन, निष्ठा और दक्षता का प्रतीक है। उनकी दूरदर्शिता, कर्मनिष्ठा और संगठनात्मक क्षमता ने भारतीय प्रशासनिक सेवा को राष्ट्र की प्रशासनिक रीढ़ के रूप में स्थापित किया।

**भारत निर्माताः** सरदार पटेल स्वतंत्र और अखंड भारत के निर्माता थे। वे साफ कहते थे कि सामूहिक प्रयास से हम अपने देश को नई ऊँचाइयों तक ले जा सकते हैं, जबकि एकता की कमी हमें नई विपत्तियों के सामने ला खड़ा करेगी। आधुनिक भारत के निर्माता माने जाने वाले सरदार वल्लभभाई पटेल ने अंग्रेजों के भारत छोड़ने के बाद सभी रियासतों विशेषकर हैदराबाद, जूनागढ़ और कश्मीर को भारतीय संघ में मिलाने में निर्णायक भूमिका निभाई। छोटी बड़ी रियासतों की संख्या 562 थी। इन्हें एक साथ लाने का काम एक कुशल प्रशासक ही कर सकता था।

खेड़ा, बोरसद और बारडोली के किसानों को ब्रिटिश शासन के विरुद्ध अहिंसक असहयोग आंदोलन के लिए संगठित किया और गुजरात के सबसे प्रभावशाली नेताओं में से एक बन गए। बारडोली में किसानों के नो-टैक्स आंदोलन का नेतृत्व करने के बाद उन्हें सरदार की उपाधि दी गई।

अगर सरदार पटेल न होते तो भारत का स्वरूप आज के भारत जैसा नहीं होता। यह दो हिस्सों में बँटा होता। एक हिस्सा लोकतांत्रिक भारत और दूसरा रियासतों का होता जो राजाओं और उनके वंशजों द्वारा शासित होता। आधे भारतीय लोकतांत्रिक शासन में रहते, जबकि बाकी किसी न किसी राजशाही के अधीन रहते। एकता, स्वतंत्रता और समानता जैसे सिद्धांत एक हिस्से में होते, दूसरे में नहीं। भारत का एक भाग न्याय और स्वतंत्रता के सिद्धांतों से शासित होता, जबकि दूसरा उनसे वंचित रहता। अंततः परिणाम यह होता कि अराजकता और अव्यवस्था फैल जाती और अखंड भारत की परिकल्पना अंकुरित होने के पहले ही बिखर जाती।

**सरदार पटेल की सूझबूझ से हुआ भारत एकः** सरदार पटेल की बुद्धिमत्ता, दूरदृष्टि, देशभक्ति, कूटनीतिक कौशल और न्यायप्रियता ने एक जटिल राजनीतिक व सामाजिक समस्या को बिना किसी विद्रोह या संघर्ष के सुलझा दिया। वे एक महान स्वप्नदृष्टा थे। उन्होंने अखण्ड भारत की कल्पना को जीवंत रूप दिया। भारत का संघ के रूप में एकीकरण स्वतंत्रता के बाद भारतीय इतिहास की सबसे बड़ी उपलब्धि? है। स्वतंत्रता के बाद के सबसे उथल-पुथल भरे दौर में सरदार पटेल की दूरदर्शिता और दृढ़ संकल्प ने भारत की एकता को मजबूती दी। लॉर्ड माउंटबेटन ने भी भारत के एकीकरण को स्वतंत्र भारत की पहली बड़ी सफलता बताया था। सरदार पटेल एक ऐसे राजनेता थे जिनमें यथार्थवाद, व्यावहारिक सोच और देशभक्ति का अद्भुत संगम था।

**हैदराबाद और जूनागढ़ का मामलाः** रियासतों को यह विकल्प दिया गया था कि वे भारत या पाकिस्तान में शामिल हों या स्वतंत्र रहें। जब हैदराबाद के निज़ाम ने पाकिस्तान में शामिल होने या स्वतंत्र रहने का सपना देखा, तो पटेल ने ऑपरेशन पोलो के तहत सैन्य कार्रवाई कर हैदराबाद को भारत में मिला लिया। पाँच दिनों तक चली इस कार्रवाई में सितंबर 1948 में हैदराबाद को मुक्त कराया गया। जब भारत की एकता संकट में थी, तब देश को सरदार पटेल के रूप में वह नेता मिला जिसने कठिन परिस्थिति में अद्भुत धैर्य, समझदारी और दृढ़ निश्चय का परिचय दिया। उन्होंने भारत के विखंडन को रोका। इसी तरह, गुजरात की जूनागढ़ रियासत का मामला भी पटेल ने अत्यंत कुशलता से सुलझाया। सरदार पटेल एक बहुआयामी व्यक्तित्व थे। वे गतिशील राजनेता, उत्कृष्ट संगठनकर्ता, कुशल प्रशासक और निपुण वार्ताकार थे। स्वतंत्र भारत के निर्माण में उनके द्वारा दिया गया योगदान हर भारतीय को गर्व महसूस कराता है।

# देव उठनी एकादशी क्यों है खास ,तिथि, शुभ मुहूर्त और पूजा विधि

देव उठनी एकादशी (जिसे प्रबोधिनी एकादशी भी कहा जाता है) खास मानी जाती है क्योंकि इस दिन भगवान विष्णु चार महीने की योगनिद्रा से जागते हैं। यह दिन चातुर्मास की समाप्ति और मांगलिक कार्यों की पुनः शुरुआत का प्रतीक है। इस दिन के कुछ विशेष कारण जो इसे खास बनाते हैं

एकादशी तिथि प्रारंभ- 1 नवंबर 2025, सुबह 09,11 में।

तिथि समाप्त- 2 नवंबर 2025, सुबह 07.31 पर।

पारण (व्रत खोलने) समय- 2 नवंबर 2025 को दोपहर के समय में।

भगवान विष्णु का जागरण

आषाढ़ शुक्ल एकादशी के दिन भगवान विष्णु शयन करते हैं (देवशयनी एकादशी), और कार्तिक शुक्ल एकादशी को वे जागते हैं। इसलिए इसे देव उठनी या देव प्रबोधिनी एकादशी कहा जाता है।

शुभ कार्यों की शुरुआत

इस दिन से विवाह, गृह प्रवेश, यज्ञ, व्रत, उपनयन संस्कार जैसे सभी शुभ कार्यों की शुरुआत मानी जाती है, जो चातुर्मास में वर्जित रहते हैं।

तुलसी विवाह

देव उठनी एकादशी को भगवान विष्णु (शालिग्राम) और माता तुलसी का विवाह भी कराया जाता है, जो बहुत पुण्यदायी होता है। इसे तुलसी विवाह कहा जाता है।

पापों से मुक्ति और मोक्ष का द्वार

इस दिन व्रत, दान और भगवान विष्णु के नाम का स्मरण करने से पापों का नाश होता है और मोक्ष की प्राप्ति होती है।

कार्तिक मास का महत्त्व

यह एकादशी कार्तिक मास में आती है, जो स्वयं में ही भगवान विष्णु और देवी लक्ष्मी का अत्यंत प्रिय महीना माना गया है

**उपवास और पूजा की तैयारी ऐसी करें:** * सुबह जल्दी उठकर स्नान करें, साफ-सफाई का विशेष ध्यान दें।

* पूजा स्थल पर विष्णु-जी या शालिग्राम स्थापित करें, साथ में तुलसी-पौधा रखें।
* पीले पुष्प, तुलसी दल, गंगाजल, पंचामृत इत्यादि सामग्री से देव का अभिषेक करें।
* शंख-घंटी बजाकर मन्त्र-जप करें- जैसे 'ऊँ नमो भगवते वासुदेवाय'।
* तुलसी-विवाह (तुलसी एवं शालिग्राम) का प्रबंध करें - इसे शुभ कार्यों की शुरुआत माना जाता है।
* व्रत रखें - निर्जल या फलाहार, स्वास्थ्य के अनुरूप।
* दूसरे दिन (द्वादशी) तिथि के उदय के बाद पारण करें।

उपाय और विशेष बातें

* घर के मंदिर में दीपक जलाएं, तुलसी को रोली-चंदन आदि से पूजें
* व्रत के साथ दान-पुण्य करें – इसका विशेष पुण्य माना जाता है।
* घर में विवाह, गृह-प्रवेश जैसे मांगलिक कार्य इस दिन से फिर शुरू किए जा सकते हैं।

क्यों करें व्रत?

यह दिन चार माह की चातुर्मास अवधि के बाद भगवान विष्णु के जागरण का प्रतीक है

व्रत रखने, पूजा करने से समृद्धि, परिवारिक खुशियाँ और आध्यात्मिक लाभ होता माना गया है।

# दुविधा में दिख रहा विपक्ष का गठबंधन

(कांतिलाल मांडोत)

गाजर की पूंगी बजी तो बजी, नहीं तो तोड़ खाई- यह लोकोक्ति बिहार के चुनाव में महागठबंधन पर चरितार्थ होती लग रही है। महागठबंधन आज इसी दुविधा में है। वह यही प्रयास कर रहा है कि गाजर की पूंगी बज जाए, जिसके लिए अशोक गहलोत भी बुलाए गए। हालांकि, मुख्यमंत्री के चेहरे की घोषणा होने के बाद से ही राहुल गांधी बिहार की जनसभा में कहीं दिख नहीं रहे हैं। क्या वह नाराज हैं? वैसे, कांग्रेस या राहुल गांधी की दुविधा से बेखबर राजद नेता आपसी मनमुटाव को किनारा कर प्रचार-प्रसार में जुट गए हैं।सत्तारूढ़ दल की नजर में विपक्ष की उपयोगिता खत्म हो गई है। बिहार में भाषण के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि समय बदल गया है और अब लालटेन की आवश्यकता नहीं है। लगे हाथ उन्होंने जंगलराज की भी याद दिला दी और कहा कि महागठबंधन की सरकार आएगी, तो बिहार को लूटने का ही काम होगा, जैसा पिछली उसकी सरकारों के समय किया गया था। तो क्या पूरे परिवार को भ्रष्टाचार में शामिल कर लेने वाले लालू यादव की पार्टी को बिहार की जनता फिर से पसंद करेगी? इसका पता तो तभी चलेगा, जब जनादेश आएगा, लेकिन सभी अपनी-अपनी ताल ठोक रहे हैं। एनडीए फिर से सरकार बनने के दावे कर रहा है, तो विपक्षी गठबंधन भी सत्ता परिवर्तन और तेजस्वी यादव के नेतृत्व में सरकार बनाने के सपने देखने लगा है। हालांकि, एक सच यह भी है कि प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की राजनीतिक छवि साफ और भरोसेमंद रही है। बिहार में भारी विकास हुआ है। गांव पहले शहरों से कटे हुए थे, रेल सुविधा या आवागमन के पर्याप्त साधन नहीं थे, पर अब पक्की सड़कें बन गई हैं और इंटरनेट की मदद से लोगों को रोजगार भी मिल रहे हैं। आज का नौजवान अपने पैरों पर खड़ा है और आधी आबादी की भी कामकाजी दुनिया में हिस्सेदारी बढ़ी है। कानून-व्यवस्था को लेकर भी सरकार अपने वायदों पर खरी उतरी है।हालांकि, एक चर्चा यह भी है कि यदि बिहार में सत्ता परिवर्तन होता भी है, तो सरकार चलाना राजद से संभव न हो सकेगा, क्योंकि अराजकता फिर इस कदर फैल जाएगी कि तेजस्वी यादव उसे संभाल नहीं पाएंगे। ऐसी सूरत में कांग्रेस भी उनको शायद ही बर्दाश्त करेगी। एक समय भले ही कांग्रेस अकेले दम पर सरकार बनाने की क्षमता रखती थी, लेकिन आज उसकी यह स्थिति नहीं है, इसलिए उसे मजबूरन राजद व अन्य दलों के साथ समझौता करना पड़ा है। चूंकि ये राजनीतिक समझौते मजबूरी में किए गए हैं, इसलिए इसके टिकने की गारंटी कितनी रहेगी, यह कोई भी आसानी से समझ सकता है। (यह लेखक के अपने विचार हैं)

# विकास की नई ऊंचाइयां छूने को तैयार मध्यप्रदेश

**मध्यप्रदेश अपनी स्थापना की 70वीं वर्षगांठ मना रहा है। सभी नागरिकों को बधाई और शुभकामनाएं। प्रदेश के नागरिकों के लिए यह शुभ अवसर है। उत्साह और उल्लास के साथ यह अवसर प्रदेश की उपलब्धियों पर गर्व करने का है। आज उन सभी महान विभूतियों को याद करने का भी अवसर है, जिन्होंने मध्यप्रदेश के निर्माण में अपना योगदान दिया। आज हम इस बात को दृढ़ आत्मविश्वास के साथ कह सकते हैं कि मध्यप्रदेश अब पूरी तरह से बदल चुका है। अब और अधिक ऊंचाइयां तय करने के लिए तैयार है। मध्यप्रदेश के सामने 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का लक्ष्य है। भारत के अमृतकाल में मध्यप्रदेश ने भी अपने महत्वाकांक्षी लक्ष्य तय किए हैं। वर्ष 2047 तक 2 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का निर्माण करना सर्वोच्च लक्ष्य है। इसे हासिल करते हुए मध्यप्रदेश स्वयं भी पूर्ण रूप से विकसित राज्य बन जाएगा। अर्थव्यवस्था की दृष्टि से मध्यप्रदेश आज महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़ा है और विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने के लिये तैयार है।**

(जगदीश देवड़ा)

मध्यप्रदेश अपनी युवा शक्ति के साथ आर्थिक विकास को तेज गति से आगे ले जाने की क्षमता रखता है। मध्यप्रदेश की धरा पर हर जरूरी संसाधन है जो विकास के लिए आधार स्तंभ हैं। कृषि क्षेत्र में खाद्यान्न, दलहन उत्पादन में अग्रणी राज्य में है। आधुनिक सिंचाई की आदर्श संरचनाएं स्थापित है। बिजली की भरपूर उपलब्धता है। ग्रामीण बुनियादी ढांचे में सुधार और पर्याप्त औद्योगिक निवेश है। उद्योगों के लिए 1.2 लाख एकड़ से ज्यादा लैंड-बैंक है। वर्तमान में 112 से ज्यादा औद्योगिक क्षेत्र विकसित हो रहे हैं । साथ ही 14 ग्रीन फील्ड औद्योगिक स्थलों की भी पहचान की गई है। उद्योगों के लिए सबसे जरूरी आकर्षक नीतियां मध्यप्रदेश ने बनाई है, जिससे प्रदेश में व्यवसाय करना बहुत आसान हो गया है।

प्राकृतिक संसाधनों की समृद्धि के लिए मध्यप्रदेश विख्यात है। यहां की जमीन उपजाऊ है, जल संसाधनों की कमी नहीं है। भारत की सबसे बड़ी वन संपदा प्रदेश में उपलब्ध है। समृद्ध सांस्कृतिक विरासत भी है। वर्ष 2029 तक राज्य की जीएसडीपी दोगुनी करने का लक्ष्य रखा गया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश ने एक ऐसे समाज की कल्पना की है जहां गरीब से गरीब व्यक्ति भी समृद्ध हो।

संपूर्ण विकसित मध्यप्रदेश के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए राज्य को आर्थिक विकास, भौतिक अधोसंरचना, सामाजिक अधोसंरचना निर्माण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रयास करने होंगे। इसके लिए इसी वर्ष चार प्रमुख मिशनों को लांच किया गया है। इसका उद्देश्य गरीब, युवा, किसान और नारी शक्ति को सशक्त बनाना है। यह चार मिशन मध्यप्रदेश 2047 के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने के लिए आधार स्तंभ साबित होंगे। मध्यप्रदेश उद्योग और सेवाओं पर आधारित अर्थव्यवस्था की संरचना और रणनीति में बदलाव की योजना बना रहा है।

अगले 10 वर्षों में राज्य में उद्योग और सेवाओं में वृद्धि होगी क्योंकि निवेश और उत्पादन मध्यप्रदेश देश के निर्माण क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है। वैश्विक स्तर पर उत्पादन बढ़ाने और स्थानीय ग्रामीण उद्योगों और एमएसएमई सेक्टर को सशक्त बनाने की ओर हम अग्रसर हैं। स्वदेशी की अवधारणा को मध्यप्रदेश में पल्लवित होने का एक अनुकूल वातावरण मिला है। स्वदेशी अर्थव्यवस्था को अपनाकर देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाया जा सकता है।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के सक्षम नेतृत्व में हम सभी स्वदेशी अर्थव्यवस्था को अपनाने के लिए प्रतिबद्ध है। सबसे जरूरी कृषि और संबंधित क्षेत्रों के विकास करना, इसके लिए क्लस्टर आधारित दृष्टिकोण अपनाया जाएगा। मूल्य संवर्धन को बढ़ावा देकर किसानों को मदद की जाएगी। एग्रो प्रोसेसिंग हब, कोल्ड चैन, बाजार संपर्क, उत्पादों के मूल संवर्धन को अधिकतम करते हुए एक विस्तृत रोड मैप तैयार किया जाएगा।

भौतिक अधोसंरचना में सिंचाई एक बड़ा क्षेत्र है। मध्यप्रदेश की तैयारी है कि 2029 तक शुद्ध बोए गए क्षेत्र में सिंचाई का क्षेत्र 85 प्रतिशत तक पहुंच जाए। इसी प्रकार वर्ष 2030 तक ऊर्जा क्षेत्र में 50प्रतिशत नवकरणीय ऊर्जा से प्राप्त करने का लक्ष्य रखा है। ऊर्जा की वर्तमान स्थापित क्षमता 27109 मेगावाट है जिसे 2029 तक बढ़कर 60,000 मेगावाट करना है।ॉ

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में जिस प्रकार से नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में निवेश आ रहा है उससे यह लक्ष्य हासिल करना आसान हो जाएगा। सामाजिक आधारभूत संरचना को मजबूत करने के लिए कार्ययोजना बनाई जा रही है। शिक्षा और कौशल विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। स्कूल शिक्षा में सकल नामांकन दर को 2029 तक 90 प्रतिशत और उच्च शिक्षा में 35प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य है।

इसी प्रकार स्वास्थ्य सेवा अधोसंरचना को भी निरंतर मजबूत बनाने के प्रयास हैं। स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए 8000 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश करने की योजना बना रहे हैं। मध्यप्रदेश खुद को एक क्षेत्रीय चिकित्सा केंद्र के रूप में विकसित करने की योजना पर काम कर रहा है जिसमें उज्जैन मेडिसिटी जैसी पहल शामिल है। इसी प्रकार शहरों की अधोसंरचना सुधारने के लिए स्थानीय निकायों को पूरी तरह से आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूत बनाया जा रहा है। ग्राम पंचायत को निरंतर सक्षम बनाने का काम चल रहा है।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का मूल मंत्र है सबका साथ सबका विकास। इसे आत्मसात करते हुए मध्यप्रदेश विकास की नई ऊंचाइयां छूने के लिए तैयार है। नागरिकों के सहयोग से विकास के नए लक्ष्यों को प्राप्त करना कठिन नहीं है। भारत देश परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है और साथ ही मध्यप्रदेश भी तेजी से बदल रहा है। एक बार पुनः मध्यप्रदेश स्थापना दिवस की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं। (लेखक मध्यप्रदेश शासन के उप मुख्यमंत्री हैं)

# सरकार से पहले किसानों तक पहुंच गये बिचौलिये

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

हजारीबाग। धान की फसल इस बार बंपर हुई है। जिले में करीब 2 लाख 41 हजार टन उत्पादन का अनुमान लगाया जा रहा है। इस शानदार पैदावार से जहां किसानों के चेहरों पर मुस्कान है, वहीं बिचौलिए भी सक्रिय हो उठे हैं।

खेतों में अभी धान की कटाई शुरू भी नहीं हुई है, लेकिन सरकार से पहले बिचौलिए गांव-गांव और खेत-खेत पहुंचकर किसानों से एडवांस बुकिंग करने में जुट गए हैं। जानकारी के अनुसार, हजारीबाग जिले के इचाक, कटकमसांडी, बड़कागांव, विष्णुगढ़ और बरकट्ठा प्रखंडों के कई गांवों में बिचौलिए किसानों से संपर्क कर रहे हैं। वे 1200 से 1500 रुपये प्रति क्विंटल की दर से खेत में खड़े धान की बुकिंग कर रहे हैं। नकद भुगतान और तुरंत उठाव का लालच देकर ये बिचौलिए किसानों को सरकारी दर का इंतजार न करने की सलाह दे रहे हैं।

किसान भी गोदाम की कमी, भंडारण की परेशानी और सरकारी खरीद प्रक्रिया की देरी से चिंतित हैं। उनका कहना है कि सरकारी खरीद केंद्रों की व्यवस्था कब शुरू होगी, इसका कोई भरोसा नहीं है। किसान अशोक महतो बताते हैं कि सरकार हर साल देर से खरीद शुरू करती है। जब तक पैक्स खुले, तब तक हमारा धान खराब होने लगता है। मजबूरी में कम दाम पर बेच देते हैं।

पिछले वर्ष हजारीबाग जिले में 71 पैक्स केंद्रों के माध्यम से सरकारी धान खरीद की गई थी। इस बार कृषि विभाग की तैयारी का दावा तो किया जा रहा है, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई पहल नहीं दिख रही। न पैक्स की सूची जारी हुई है, न किसानों को खरीद तिथि की जानकारी दी गई है। मालूम हो कि पिछली बार सरकार ने 2300 रुपये प्रति क्विंटल के दर से धान खरीदा था, जिस पर 100 रुपये बोनस भी दिया गया था।

## मौसम ने रोकी सियासी उड़ान

# सड़क मार्ग से निकले सीएम

### लोगों से मिलकर किया अभिनंदन, मांगा समर्थन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना/शिवाजीनगर।** खराब मौसम और तेज बारिश के कारण मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की दरभंगा में प्रस्तावित सभा शुक्रवार को रद्द कर दी गई। हालांकि, उन्होंने सड़क मार्ग से दरभंगा जिले के बेनीपुर और कुशेश्वरस्थान विधानसभा क्षेत्रों में पहुंचकर रोड शो किया और जनता से जदयू उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान की अपील की।

बेनीपुर और कुशेश्वरस्थान पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पाग, चादर और माला पहनाकर स्वागत किया।

मुख्यमंत्री के साथ जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा भी मौजूद रहे। रोड शो के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता एक बार फिर विकास की सरकार को मौका दे, ताकि राज्य में जारी योजनाएं और तेजी से आगे बढ़ सकें।

मुख्यमंत्री की कुशेश्वरस्थान में बड़ी सभा आयोजित की जानी थी, लेकिन भारी बारिश और हेलीकॉप्टर उड़ान रद्द होने के कारण कार्यक्रम

स्थगित करना पड़ा। इसके बाद नीतीश कुमार ने सड़क मार्ग से समस्तीपुर होते हुए कुशेश्वरस्थान पहुंचकर रोड शो किया।

**शिवाजीनगर से संवाददाता के अनुसार** एनडीए के पक्ष में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का शिवाजीनगर प्रखंड में शुक्रवार दोपहर जनसभा कार्यक्रम का आयोजन होना था।

लेकिन मौसम के बेरुखी के कारण शिवाजीनगर के राधा कृष्ण गोबिंद गोस्वामी इंटर महाविद्यालय परिसर में आयोजित मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का कार्यक्रम स्थगित हो गया। जिसके बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार रोड शो के माध्यम से रोसरा होते हुए शिवाजीनगर प्रखंड के बल्लीपुर स्थल चौक डुमरा चौक के रास्ते दरभंगा जिले के कुशेश्वरस्थान के लिए प्रस्थान कर गए ।

काफिले के बीच रोड शो दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने समर्थकों को हाथ हिलाकर अभिवादन किया। साथ में सांसद संजय झा भी मौजूद थे। झमाझम बारिश के बाद भी मुख्यमंत्री के एक झलक पाने को लेकर क्षेत्र के सभी चौक चौराहों पर समर्थकों की भीड़ उमड़ी हुई थी। एनडीए के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मुख्यमंत्री के स्वागत में सड़कों पर बैनर झंडा के साथ मुख्यमत्री नीतीश कुमार जिंदा बाद के नारे लगाते दिखे।

रोड शो दौरान सुरक्षा और विधि व्यवस्था को लेकर शिवाजी नगर बीडीओ आलोक कुमार सिंह, सीओ वीणा भारती, शिवाजीनगर थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार, हथौड़ी थानाध्यक्ष मौसम कुमारी के साथ अन्य पदाधिकारी और काफी संख्या में पुलिस बल मौजूद थे। रोड शो दौरान बारिसनगर विधान सभा क्षेत्र के विधायक अशोक कुमार मुन्ना,जदयू प्रत्याशी डॉ मांजरिक मृणाल ,रोसड़ा भाजपा प्रत्याशी वीरेंद्र कुमारएवं एनडीए प्रत्याशी और पदाधिकारी, कार्यकर्ता भी शामिल थे।

# छठ के बाद वापसी की लगी होड़

## टिकट खिड़कियों पर बैकलाग का तनाव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद।** छठ महापर्व की पावन छटा के बीच रेलवे स्टेशनों पर एक अलग ही जंग का माहौल है। रविवार को जहां कुछ यात्रियों ने छुट्टी मिलते ही अपनों के लिए घर की राह पकड़ी तो वहीं अब नजरें महापर्व के पारण के बाद की वापसी यात्रा पर टिकी हैं। धनबाद स्टेशन पर गूंजते छठ के लोकगीतों के मधुर स्वर के बीच टिकट खिड़कियों पर बैकलाग का तनाव है।

दरअसल, यह चुनौती सिर्फ जाने की नहीं बल्कि लौटने की है। मंगलवार को पारण होते ही घर वापसी के लिए यात्रियों का सैलाब उमड़ने वाला है जिसका असर अभी से टिकटों पर दिख रहा है। देश की राजधानी दिल्ली की ओर जाने वाली दोनों राजधानी ट्रेनों में टिकट बुकिंग संभव नहीं।

यही नहीं सिर्फ राजधानी ही नहीं स्पेशल ट्रेनों का हाल भी बुरा है। 28 अक्टूबर को नई दिल्ली के लिए

चलने वाली चार स्पेशल ट्रेनों सहित रोजाना चलने वाली धनबाद-नई दिल्ली स्पेशल और हावड़ा-नई दिल्ली स्पेशल में 31 अक्टूबर तक एक भी सीट खाली नहीं है।

सबसे अधिक विकट स्थिति मुंबई और सूरत जाने वाली ट्रेनों की है। 12321 मुंबई मेल में दो नवंबर तक नो रूम है। धनबाद-सूरत (13425) एक्सप्रेस में तो आठ नवंबर तक टिकट मिलना असंभव है और दिसंबर तक लंबी वेटिंग लिस्ट है। यहां तक कि दक्षिण भारत की ओर जाने वाली एलेप्पी एक्सप्रेस के स्लीपर और एसी क्लास भी पूरी तरह भर चुके हैं।

# हाफिजा बनी फलक नाज को लोगों ने दी बधाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया।** अररिया प्रखंड के सरजमीं दीनी अदारा जामीअतुलफलाह लिलबनात में एक दिवसीय दीनी इजलास ए आम सह दुआइया मजलिस का आयोजन देर शाम दुआ के साथ संपन्न हो गया। इस मदरसा में तालीम हासिल करने वाले कुल 250 बच्चियों के बीच दुआईया मजलिस ए आम सह दीनी तालीम पर चर्चा किए । मौके पर इसी मदरसा से हाफिजा बनी बच्ची फलक नाज (पिता मो फिरोज) को मदरसे के शिक्षकों वो सदर अलहाज इसराइल साहब ने मुबारकबाद देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। वहीं मदरसे के बच्चियों ने ईमान वो दीनी तालीम की फजीलत पर अपनी अपनी बातें रखीं । दुआइया मजलिस में देश दुनिया की मौजूदा हालात और हमारी जिम्मेदारी के अलावा तालीम और इस्लाहे माशरा पर भी उस्तादों का खिताब हुआ। दुआइया मजलिस की सदारत मदरसा हाजा के नाजिम मुफ्ती मोहम्मद असरार साहब ने की, जबकि निजामत हाजी शब्बीर साहब ने की। वहीं दुआईया मजलिस को मदरसा हाजा के सेक्रेटरी मौलाना व मुफ्ती मो गुफरान हैदर साहब , मदरसा हाजा के हेड मौलवी मुफ्ती असरारुल हक साहब, हाफिज जुल्फकार अली साहब,मौलाना साकिब नदीम साहब , कारी जसीम साहब ने भी संबोधित किया । दुआइया मजलिस में अपनी तकरीर पेश करते हुए उलेमाओं ने कहा की आज के बदलते जमाने में जरूरत इस बात की है की हम अपने बच्चों को दीनी तालीम और बेहतर तरबियत के साथ साथ आधुनिक एवं तकनीकी शिक्षा भी प्रदान करें। मदरसा के शिक्षकों ने कहा तालीम से ही तरक्की के सभी रास्ते खुलते हैं। आज वही कौम और मुल्क तरक्की याफ्ता वो जिंदा है ,जहां तालीम है। इस अवसर पर दुआईया

मजलिस की सदारत कर रहे मौलाना ने कहा की तालीम वो तरबियत के साथ साथ जरूरी है की समाज में फैली बुराइयों को भी सब मिलकर समाप्त करने की दिशा में सार्थक प्रयास करें । आज हमारा युवा नस्ल पूरी तरह नशा की चपेट में आ गया है ,अगर इसे जल्द नहीं रोका गया तो इसके भयानक नतीजे होने वाले हैं। इसपर भी सबसे पहले काम करने की जरूरत है। मौके पर मदरसा के सदर हाजी इसराइल साहब ने कहा कि मौजूदा हालात में देश में अमन शांति के लिए जरूरी है की आपसी प्रेम और सद्भाव को बढ़ाया जाए। हमारा मुल्क गंगा जमुनी तहजीब का बेहतरीन गहवारा है ।इसे हर हाल में बनाए रखता हम सब की जिम्मेदारी है। उन्होंने आगे कहा कि अभी विधानसभा का चुनाव होने वाला है। मौके पर बिहार से बाहर रहने वाले सभी लोगों से अपील किया के वह लोकतंत्र के इस महापर्व में घर आकर मतदान में बढ़- चढ़कर हिस्सा लें। मदरसा के संथापक अध्यक्ष सह सिटी हॉस्पिटल के निदेशक ने फलक नाज को उनके सुनहरे भविष्य की कामना करते हुए उन्हें ढेर सारी मुबारकबादी व दुआए दी।

# फोरलेन परियोजना में तेजी के लिए प्रशासन सख्त

## तोड़े जायेंगे 45 दुकानें

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** फोरलेन परियोजना के कार्य में गति लाने के लिए जिला प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया को और सख्त कर दिया है। गौरतलब है कि नगर निगम क्षेत्र में अब तक प्रशासन ने बड़े पैमाने पर कार्रवाई करते हुए पहले चरण में 24 दुकानों को को तोड़ दिया है। वंही अब दूसरे चरण की तैयारी चल रही है, जिसके तहत करीब 45 और दुकानों को हटाने की योजना बनाई जा रही है इसी क्रम में गुरुवार को गिरिडीह एसडीएम श्रीकांत यशवंत विस्पुते ने पूरे क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने पाया कि कई होटल, दुकानदार और मकान मालिकों ने सड़क निर्माण विभाग आरसीडी की भूमि पर अवैध रूप से निर्माण कर रखा है। इसे लेकर एसडीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए

कि फोरलेन परियोजना में बाधा डालने वाले किसी भी अवैध निर्माण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा बहरहाल गिरिडीह प्रशासन ने संकेत दिया है कि आने वाले दिनों में ऐसे सभी अवैध ढांचों पर बुलडोजर चलाया जाएगा। इसके साथ ही, संबंधित विभागों को आवश्यक तैयारियां पूरी करने का निर्देश दिया गया है ताकि कार्य में किसी प्रकार की देरी न हो। वंही प्रशासन का मानना है कि फोरलेन परियोजना शहर के विकास और यातायात में सुगमता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई में किसी तरह की ढिलाई नहीं बरती जाएगी।

# उपायुक्त ने किया बिरसा मुंडा जिला पुस्तकालय का औचक निरीक्षण

## पुस्तकालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से भी की मुलाकात

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खूंटी।** उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी आर. रॉनिटा द्वारा आज बिरसा मुंडा जिला पुस्तकालय, खूंटी का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने पुस्तकालय में छात्र-छात्राओं के बैठने की व्यवस्था, अध्ययन हेतु आवश्यक पुस्तकों की उपलब्धता, पठन-पाठन के अनुकूल वातावरण तथा पुस्तकालय परिसर की स्वच्छता आदि का बारीकी से जायजा लिया। उपायुक्त ने पुस्तकालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से भी मुलाकात की और उनकी आवश्यकताओं एवं समस्याओं को सुना। उन्होंने छात्रों से पुस्तकालय की सुविधाओं एवं व्यवस्था से संबंधित सुझाव भी प्राप्त किए और संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि पुस्तकालय जिले के विद्यार्थियों एवं पाठकों के लिए एक महत्वपूर्ण अध्ययन केंद्र है, अतः इसकी समुचित देखभाल एवं नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए। सभी

आवश्यक एवं जरूरी पुस्तकों की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए पाठकों की सुविधा के लिए बेहतर व्यवस्था बनाए रखी जाए। उपायुक्त ने पुस्तकालय परिसर में स्थित कैंटीन का भी निरीक्षण किया तथा कैंटीन परिसर एवं उसके आस-पास साफ-सफाई की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित कर्मियों को निर्देशित किया कि स्वच्छता को प्राथमिकता दी जाए और छात्रों के लिए स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित किया जाए।

# पैसा मांगने पर बदमाशों ने वेटर को मारी गोली

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** जिले के राष्ट्रीय राजमार्ग 19 पर एक लाइन होटल में वेटर को करीब सात की संख्या में आए अपराधियों से खाने का पैसा मांगना भारी पड़ गया। होटल में अपराधियों ने वेटर को गोली मारकर दहशत फैलाने के उद्देश्य से तीन राउंड फायरिंग की और फिर फरार हो गए। घटना बीती देर रात करीब 2 बजे शिवसागर थाना क्षेत्र स्थित होटल हाईवे हंगामा की बताई जाती है। वहीं, घायल वेटर नीतीश कुमार गया जिले के सिंधुगढ थाना क्षेत्र अंतर्गत कर्माभवारी गांव का निवासी बताया जा रहा है, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए वाराणसी रेफर कर दिया गया है।

घटना के संदर्भ में बताया जाता है कि बीती रात करीब 2 बजे कुल सात लोग लाइन होटल में खाना खा रहे थे। खाना खाने के बाद जब सभी लोग होटल से बाहर जाने लगे तो वेटर ने उनसे पैसा मांगा। इस क्रम में वेटर के साथ उनकी नोंक-झोंक हो गई और फिर विवाद बढ़ने पर एक अपराधी ने वेटर को गोली मार दी। वहीं गोली चलते ही होटल में अफरा-तफरी मच गई और अपराधी दो-तीन राउंड फायरिंग करते हुए अपने निजी वाहन से फरार हो गए। मामले में सदर डीएसपी वन दिलीप कुमार ने बताया कि बीती देर रात राष्ट्रीय राजमार्ग पर घटी घटना में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हथियार एवं घटना में प्रयुक्त वाहन के साथ कुल 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने होटल में लगे सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से सभी अपराधियों की पहचान कर ली है तथा दो अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी चल रही है।

इनके पास से एक मैगजीन लगा पिस्टल, एक खाली मैगजीन, छह खोखा, एक मिसफायर गोली, सात जिंदा कारतूस, चार मोबाइल एवं एक चार पहिया वाहन जब्त हुआ है।

# घर में घुसकर महिला से दुष्कर्म का प्रयास

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हाजीपुर।** जंदाहा थाना क्षेत्र के एक गांव में घर में घुसकर एक महिला के साथ जबरन गलत हरकत किए जाने का प्रयास किया गया और विरोध करने पर महिला को जानलेवा हमला कर जख्मी कर दिया गया। जख्मी महिला का इलाज सदर अस्पताल हाजीपुर में चल रहा है।

इस मामले में जख्मी रेणु देवी ने दीपक कुमार के अलावा चंदेश्वर चौरसिया, सुमित्रा देवी एवं रानी देवी के विरुद्ध जंदाहा थाना में प्राथमिकी कराई है। बताया गया है कि बीते दिन उसके पति अपने काम से बाजार गए हुए थे और वह घर में अकेली थी। इसी का फायदा उठाकर आरोपित दीपक कुमार घर में घुस गया तथा गलत करने हेतु उसे पकड़ लिया। बताया गया है कि उसका मुंह दबा दिया तथा उसके साथ गलत करने का प्रयास किया। वह किसी प्रकार उससे छुड़ाकर चिल्लाते अपने दरवाजे पर भाग गई। जहां पहुंच आरोपित ने उसे गला दबाकर जान मारने की भरपूर कोशिश की। घटना की जानकारी वह किसी को नहीं दे पाई। बताया गया है कि स्थानीय लोगों को आते देख आरोपित भाग गया। महिला के हल्ला करने पर आरोपित के अन्य स्वजन उसके दरवाजे पर आ गए। जब घटना की जानकारी दी तो सभी लोग आक्रोशित हो गए तथा उसके साथ मारपीट करने लगे।

वहीं उसके घर में रखा 2070 रुपया भी आरोपित निकाल लिए। बताया गया है कि आरोपित दीपक कुमार पूर्व में भी कई बार उसके साथ गलत करने का प्रयास किया था परंतु लोक-लाज के कारण वह इसकी जानकारी सिर्फ अपने पति को दी थी। उनके पति के स्तर पर आरोपित को कई बार इस तरह की हरकत नहीं करने की हिदायत दी गई थी। इस दौरान आरोपित दीपक एवं उनके पिता के स्तर पर माफी मांग कर इस तरह की गलती दोबारा नहीं करने का आश्वासन दिया गया था।

जख्मी महिला को इलाज हेतु जंदाहा सरकारी अस्पताल लाया गया। प्राथमिक उपचार के पश्चात बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल हाजीपुर भेजा गया है जहां इलाज चल रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## जनसुराज की पकड़ हुई ढीली

बिहारशरीफ। इस्लामपुर विधानसभा क्षेत्र में इस बार चुनावी सरगर्मी चरम पर है। हर गांव-टोला, हर चौक-चौराहे पर सियासी चचाएं तेज है। मुकाबला फिलहाल एनडीए और महागठबंधन के बीच आमने-सामने का माना जा रहा है, लेकिन जन सुराज भी इस लड़ाई को त्रिकोणीय बनाने में जुटी थी। हालांकि हालात अब बदलते नजर आ रहे हैं।

जन सुराज के लिए हालात तब तक बेहद उत्साहजनक थे, जब तक पार्टी ने अपना उम्मीदवार घोषित नहीं किया था। उस समय तक इस्लामपुर में जन सुराज एक मजबूत तीसरी ताकत के रूप में उभर रही थी।

कारण भी साफ था – पार्टी के पास करीब 7 से 8 कद्दावर नेता मौजूद थे, जो अपने-अपने टिकट की उम्मीद में पूरे क्षेत्र में सक्रिय थे। ये सभी नेता गांव-गांव जाकर पार्टी का माहौल बना रहे थे और संगठन को मजबूती दे रहे थे। लेकिन जैसे ही टिकट की घोषणा हुई, समीकरण पूरी तरह बदल गया।टिकट की आस लगाए बैठे अधिकांश दावेदार निराश और नाराज होकर अलग-अलग रास्ता चुनने लगे। कुछ नेताओं ने महागठबंधन का रुख किया तो कुछ एनडीए खेमे में जा पहुंचे। नतीजतन, जन सुराज की जो जमीनी पकड़ पिछले कुछ महीनों में बनी थी, वह अब धीरे-धीरे ढीली पड़ती दिखाई दे रही है।

# दुलारचंद यादव की हत्या से क्षेत्र में तनाव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मोकामा।** बाढ़ और मोकामा का इलाका दशकों से चुनावी रंजिश और हिंसा के लिए कुख्यात रहा है। बिहार की राजनीति में यह क्षेत्र उस कालखंड से लेकर आज तक चर्चा में रहता आया है, जब चुनाव जनसेवा से अधिक बाहुबल और दबंगई के अखाड़े में बदल जाते थे। दुलारचंद यादव की हालिया हत्या के बाद एक बार फिर इसी खूनी इतिहास की परतें खुलने लगी हैं।

स्थानीय राजनीतिक समीकरणों और जातीय खींचतान ने इस क्षेत्र के चुनावी माहौल को हमेशा तनावपूर्ण बनाया। नब्बे के दशक के पूर्व भी यहां चुनावी झड़पों में कई निर्दोषों की जान जा चुकी थी। गांवों तक पहुंच मार्गों की कमी और संचार साधनों के अभाव में उस दौर की अधिकांश घटनाएं न तो पुलिस के दस्तावेजों तक पहुंच पाईं और न ही अपराधियों को सजा मिल सकी।

1991 के लोकसभा उपचुनाव में हिंसा ने बड़ा रूप लिया था। मतदान के दिन कांग्रेस के पोलिंग एजेंट सीताराम सिंह की हत्या कर दी गई। घटना के बाद पोलिंग बूथ पर अंधाधुंध फायरिंग हुई, जिसमें करीब आठ लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इस वारदात ने पूरे इलाके में दहशत फैलाने के साथ-साथ चुनावी निष्पक्षता पर भी सवाल खड़े कर दिए थे। वर्ष 2000 के विधानसभा चुनाव में भी हिंसा का दौर नहीं थमा। बाहुबलियों की रंजिश ने भावनचक गांव को रणक्षेत्र बना दिया। यहां सैकड़ों राउंड फायरिंग की गई और बच्चू सिंह सहित कई और लोगों की हत्या कर दी गई। इस घटना ने उस समय की प्रशासनिक व्यवस्था को हिलाकर रख दिया था।

2005 के विधानसभा चुनाव भी खून-खराबे से मुक्त नहीं रहे। बड़हिया की सीमा पर बसे नौरंगा-जलालपुर गांव में बाहुबली समर्थकों ने तीन लोगों को मौत के घाट उतार दिया। इस चुनावी हिंसा में गोपाल, सलवीर और भोसंगवा की जान चली गयी।

# चुनाव में जुबानी तीर बने जंग के हथियार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बक्सर जिले के चार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से 52 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। कुछ प्रमुख राजनीतिक दलों का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, तो अधिकतर निर्दलीय एवं अन्य पार्टियों से हैं। चुनाव में सबको जीत चाहिए। खासकर प्रमुख दलों के प्रत्याशी, इसी प्रत्याशा में चुनाव लड़ रहे हैं कि बाजी वे ही मारेंगे। इसके लिए ये दिन-रात जनता से आशीर्वाद मांग रहे हैं, लेकिन हैरत की बात यह है कि जनता को यह भरोसा नहीं दे पा रहे हैं कि जनता अगर उन्हें जीत दिलाती है, तो वे जनता के लिए क्या करेंगे।

यह स्थिति केवल नए प्रत्याशियों की नहीं, बल्कि मौजूदा विधायकों की भी है। जिन उम्मीदवारों ने पिछले पांच वर्षों तक बक्सर की जनता का प्रतिनिधित्व किया, वे भी यह बताने में असमर्थ दिख रहे हैं कि उन्होंने अपने कार्यकाल में जिले के विकास के लिए क्या ठोस कदम उठाए।

सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार या उद्योग जैसे बुनियादी मुद्दों पर कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया जा रहा। इसके उलट चुनावी माहौल में अब केवल एक-दूसरे पर आरोप लगाने और पुराने मामलों को कुरेदने की राजनीति हावी है।

### मुख्य मुद्दे से लोगों को भटका रहे नेता

मौजूदा विधायक अपना काम नहीं गिना पा रहे हैं कि पांच साल में उन्होंने बक्सर के किस विकास का खाका तैयार किया है, तो नए प्रत्याशियों का दृष्टिकोण भी स्पष्ट संकेत नहीं दे रहा है। इसके विपरीत उम्मीदवार एक-दूसरे के प्रति आरोप-प्रत्यारोप का राग अलाप रहे हैं। कुल मिलाकर कहा जाए तो यहां चुनावी बिसात पर मुद्दे ओझल हो गए हैं और जुबानी तीर जंग के हथियार बन गए हैं।

प्रत्याशियों की यह जुबानी जंग इंटरनेट मीडिया पर सिर चढ़कर बोल रही है। इंटरनेट मीडिया और सोशल प्लेटफार्म चुनावी रैलियों और सभाओं से ज्यादा ह्यआरोप-प्रत्यारोपह्न के वीडियो से भरे पड़े हैं। एक प्रमुख दल के प्रत्याशी एक वीडियो में अपने प्रतिद्वंद्वी पर हमला करते हुए कहते हैं कि ह्यअगर वह जीत गया तो बक्सर की जनता की नहीं सुनेगा, अफसरशाही हावी हो जाएगी और जिले का विकास रुक जाएगा।

### मतदाताओं के बीच जाने से लग रहा डर

वहीं दूसरे दल के उम्मीदवार पुराने मामलों को उछालते हुए अपने विरोधियों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगा रहे हैं। वह अतीत में हुई कार्रवाइयों और विवादों को उठाकर एक अन्य प्रत्याशी के कारनामों का जिक्र कर रहे हैं। एक और प्रत्याशी एक वीडियो में पिछले कार्यकाल में हुए कार्यों को दिखाते नजर आते हैं।

इनसे अलग एक प्रमुख दल के प्रत्याशी अवश्य विकास की बात करते हैं, लेकिन उनकी बातें सामान्य और अस्पष्ट रहती हैं। वह किन विशिष्ट मुद्दों को लेकर चुनावी मैदान में हैं और उनकी जीत का रोडमैप क्या है, इसे स्पष्ट करने से वे बचते नजर आ रहे हैं। तीसरे दल के प्रत्याशी विकास की बातें तो कर रहे हैं, लेकिन यह स्पष्ट नहीं कर पा रहे कि उनके ह्यविकासह्न की परिभाषा क्या है और वह किन ठोस योजनाओं के साथ मैदान में उतरे हैं।

कहने का लब्बोलुआब यह कि मतदाताओं के बीच जाने, नुक्कड़ सभाओं और इंटरनेट मीडिया के मंचों पर मुख्य फोकस मुद्दों से हटकर व्यक्तिगत आरोपों पर केंद्रित हो गया है। प्रचार के दौरान प्रत्याशियों के बीच विकास के विजन पर बहस होने की बजाय, एक-दूसरे की कमजोरियों को उजागर करने और पुरानी बातों को कुरेदने की होड़ मची हुई है। केवल छोटी सभाएं ही नहीं, बल्कि बड़े राजनीतिक दलों की सभाओं और रैलियों में भी यही बानगी देखने को मिल रही है। बड़े नेताओं के भाषणों में भी विकास के वादों से अधिक समय विपक्षी दलों पर हमला बोलने में व्यतीत हो रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि एजेंडा और मुद्दों का अभाव कहीं न कहीं प्रत्याशियों की कमजोरी को दशार्ता है। अब इस परिस्थिति में मतदाताओं को यह तय करना है कि वे किसको अपना मत देते हैं।

### शिक्षक पर लगा छात्रा से छेड़खानी का आरोप

**जामताड़ा।** नारायणपुर प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय आमजोरा के प्रभारी शिक्षक को ग्रामीणों ने छात्रा के साथ छेड़खानी के आरोप में पहले जमकर पिटाई की है। पांच घंटे तक बंधक बनाकर रखा। बाद में पुलिस को सौंप दिया है। पुलिस उसे थाना लेकर आई है।

# बिहार विधान सभा चुनाव में लोकतंत्र की होगी जीत, तेजस्वी होंगे सीएम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** बिहार विधान सभा चुनाव में इंडिया गठबंधन एक मजबूत ताकत के रुप में उभरेगा। बिहार में परिवर्तन की लहर है। सभी मतदाता लालटेन के दीवाने हो चुके हैं। लोकतांत्रिक डेवलेपमेंट एवं न्यायिक समानता और संवैधानिक व्यवस्था दादागिरी और तानाशाही से नहीं चलाई जा सकती है अपितु लोकतांत्रिक देश में सुशासन की व्यवस्था संविधान से चलती है यह देश किसी का जागीर नहीं यहां हरेक घरों में बाबा साहब का संविधान बिराजते हैं संविधान हमारी अमूल्य वरदान है संविधान हमारी ताकत है संविधान इस मुल्क की तरक्की शोहरत और स्वाभिमान है उसी तरह बिहार की धरती प्रजातंत्र की जननी है यहां गंगा बिराजती है जो5 इस मुल्क की संप्रभुता है बिहार में रोजगार सबसे ज्वलंत मुद्दे हैं जो 20 वर्षों के शासन में भी इन मुद्दों पर काबू नहीं पा सके जो बिल्कुल निरंकुशता का साम्राज्य को दशार्ता है वहीं बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम युवाओं के धड़कन तेजस्वी यादव ने 17 महीने में ही बिहार के 5 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी की सौगात दे रखी है बहुत सारे जन कल्याणकारी योजनाओं की घोषणाओं की झड़ी लगा दी है जो बिहार वासियों के लिए डेवलपमेंट और तरक्की की नया अध्याय शुरू होने का सौभाग्य प्राप्त होगा इसलिए इस बार चुकें नहीं हर घर की आवाज तेजस्वी सरकार हर युवाओं और मजदूर गरीब गुरबों की आवाज बिहार में तेजस्वी की सरकार हर महिलाओं की आवाज बिहार में तेजस्वी की सरकार चुप चाप लालटेन छाप कामयाब होंगे आप इस सम्बन्ध में राजद जिला अध्यक्ष इरफान आलम का कहना है कि बिहार विधान सभा चुनाव के बाद झारखंड में भी बिहार के भावी मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव जी का पदार्पण होगा हमारे झारखंड में भी राजद का सांगठनिक जनाधार काफी मजबूत स्थिति में है यहां सभी सेक्युलरिज्म पार्टियों का गठबन्धन काफी सशक्त है जिसमें किसी तरह का कोई विभेदीकरण नहीं है।राजद इंडिया एलायंस का एक मजबूत स्तंभ है जिसमें सामाजिक न्याय एवं सामाजिक समरसता और जन भावनाओं का बेहतर मिश्रण है जो बिल्कुल भाजपा को शिकस्त दे सकती है और पूरे देश में इंडिया गठबन्धन की सरकार बनाने में सफल साबित हो सकती है उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि राजद किसी को धोखा नहीं दिया है यह पार्टी कभी भी सिद्धान्त से समझौता नहीं करती है।गठबन्धन धर्म के पालन में कोई कोताही नहीं बरती गई है बिहार चुनाव में सीट शेयरिंग में 2 सीट जेएमएम के खाते में मिल रही थी लेकिन जेएमएम 6 सीटों पर अपनी दावेदारी पेश की थी लेकिन सांगठनिक तौर पर 2 सीटें बन रही थी जबकि झारखंड चुनाव में राजद को मात्र 6 सीटों से ही संतोष करना पड़ा था जिसमें पूरे झारखंड में राजद का सांगठनिक जनाधार काफी मजबूत है हमें 15 सीट का दावा था।

## व्हिस्की बनाने वाली कंपनी के मुनाफे में 36 प्रतिशत की उछाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रॉयल चैलेंज नामक ब्रांड की मशहूर व्हिस्की बनाने वाली कंपनी यूनाइटेड स्पिरिट्स के शेयरों में आज 31 अक्टूबर को 6 प्रतिशत से अधिक की जबरदस्त तेजी देखने को मिल रही है। इसका कारण वित्तीय वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही के मजबूत नतीजे थे। कंपनी का शेयर भाव बीएसई पर 6.89 प्रतिशत चढ़कर 1489 रुपये के दिन के उच्चस्तर पर पहुंच गया। इसके साथ ही कंपनी का मार्केट कैप 1.06 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गया। हालांकि, पिछले एक साल में इस शेयर का प्रदर्शन सपाट रहा है, लेकिन इस साल अब तक डिएजियो के नियंत्रण वाली इस शराब निर्माता कंपनी के शेयरों में 12 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। कंपनी ने जुलाई-सितंबर की तिमाही में 464 करोड़ रुपये का नेट प्रॉफिट दर्ज किया, जो पिछले साल की इसी तिमाही में 341 करोड़ रुपये था। यह साल दर साल 36 प्रतिशत की बढ़त को दर्शाता है। कंपनी का रेवेन्यू ऑपरेशन सितंबर तिमाही में 7,199 करोड़ रुपये रहा, जो पिछली साल की इसी तिमाही के 6,672 करोड़ रुपये के मुकाबले 7.9 प्रतिशत ज्यादा है। रूप में जाना जाने वाला परिचालन लाभ 660 करोड़ रुपये रहा, जो अकेले व्यवसाय की वजह से 31.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है और कंपनी के मजबूत परिचालन प्रदर्शन को दिखाता है। घरेलू ब्रोक्रेज फर्म नुवामा रिसर्च का कहना है कि कंपनी के नतीजे हर मोर्चे पर बेहतर रहे। इस ग्रोथ की वजह आंध्र में कंपनी का फिर से प्रवेश, अनुकूल आधार वर्ष और उसके नवीनीकरण व इनोवेशन हैं। दलाल ने कंपनी के शेयर पर खरीद की सिफारिश बरकरार रखी है, हालांकि, वह आगे की जानकारी के बाद अपने लक्ष्य का पुनर्मूल्यांकन करेगा। वहीं, तकनीकी चार्ट्स पर लक्ष्मीश्री के अनुशील जैन के मुताबिक, यूनाइटेड स्पिरिट्स का शेयर 67 दिनों के 1,364 रुपये के कंसॉलिडेशन से बाहर निकला है, जो मोमेंटम में मजबूत बदलाव का संकेत है। उन्होंने कहा कि यह उछाल 50-दिन के औसत की तुलना में वॉल्यूम में 500 प्रतिशत की वृद्धि से स्पष्ट हो रहा है, जो संस्थागत भागीदारी का संकेतक है।

# सरकारी कंपनियां अमेरिका और अबूधाबी से खरीद रही कच्चा तेल

### ● रूसी तेल प्रतिबंधों के बीच बड़ा फैसला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश की सरकारी रिफाइनरी कंपनियां अब रूस के बजाय अमेरिका और अबुधाबी से कच्चा तेल खरीदने पर जो दे रही हैं। इंडियन ऑयल अमेरिका से और तेल की मांग कर रही है। मैंगलोर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स (एमआरपीएल) ने भी अबू धाबी से कच्चा तेल खरीदा है।उद्योग सूत्रों के अनुसार, पिछले हफ्ते अमेरिका ने रूस के दो शीर्ष उत्पादकों पर प्रतिबंध दिया था। इससे कई घरेलू कंपनियों ने रूसी तेल के लिए नए ऑर्डर रोक दिए हैं।

सूत्रों ने बताया, घरेलू सरकारी कंपनियां अब रूस के बजाय और कुछ विकल्प के लिए हाजिर बाजार का रूख कर रही हैं। एमआरपीएल ने दिसंबर में रूसी आपूर्ति की भरपाई के लिए एक निविदा के जरिये ग्लेनकोर से 20 लाख बैरल अबू धाबी मुरबन

क्रूड खरीदा है। रिफाइनर हर महीने हाजिर बाजारों का इस्तेमाल करेगी और अपने स्थायी आपूर्तिकर्ताओं से अतिरिक्त आपूर्ति की मांग करेगी। प्रतिबंधों के जोखिम से बचने के लिए रूस से तेल आयात करने से कंपनियां परहेज कर रही हैं। खरीदना बंद कर दिया है। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन ने 2026 की पहली तिमाही के लिए अमेरिका से 2.4 करोड़ बैरल तेल के लिए प्रारंभिक बोलियां आमंत्रित की हैं। इस निविदा में कम सल्फर और उच्च सल्फर दोनों प्रकार के कच्चे तेल के कार्गो की मांग की गई है। इंडियन ऑयल बाजार का आकलन करने और अमेरिका से तेल खरीदने की स्थिति में विक्रेताओं का चयन करने पर विचार कर रही है।

### पश्चिम अफ्रीकी तेल की भी खरीद

इंडियन ऑयल ने बुधवार को एक निविदा के जरिये एक्सॉन मोबिल से 20 लाख बैरल पश्चिम अफ्रीकी कच्चा तेल खरीदा। यह खरीद दिसंबर डिलीवरी के लिए अंगोला से मोंडो और नाइजीरिया से उटापेट के लिए थी। इस निविदा में और भी प्रस्ताव मिले थे, लेकिन ऊंची कीमतों के कारण उन्हें केवल 20 लाख बैरल ही मिले। व्यापारी रिलायंस इंडस्ट्रीज की आगे की मांग पर भी नजर रख रहे हैं, जो भारत का सबसे बड़ा रूसी तेल खरीदार रही है। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर दावा किया था कि भारत ने रूस से तेल की खरीद में उल्लेखनीय कमी की है। उन्होंने कहा कि इस मोर्चे पर भारत बहुत अच्छा कर रहा है। ट्रंप ने यह टिप्पणी एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपीईसी) सम्मेलन के दौरान चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात के बाद मीडिया से बातचीत में की थी।

## 15.3 अरब डॉलर स्वाहा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया भर के शेयर बाजारों में गुरुवार को गिरावट रही। इससे दुनिया के टॉप 10 रईसों में से 17 की नेटवर्थ में गिरावट आई। सबसे ज्यादा घाटे में मार्क जकरबर्ग रहे। दुनिया की सबसे बड़ी सोशल मीडिया कंपनी फेसबुक की पेरेंट मेटा प्लेटफॉर्म्स के शेयरों में गुरुवार को 11 फीसदी से अधिक गिरावट आई। इससे कंपनी के सीईओ जकरबर्ग की नेटवर्थ में 29.2 अरब डॉलर यानी करीब 25,88,50,70,00,000 की गिरावट आई। इसके साथ ही उनकी नेटवर्थ अब 235 अरब डॉलर रह गई है और वह अमीरों की लिस्ट में तीसरे से पांचवें नंबर पर खिसक गए हैं। इस साल उनकी नेटवर्थ में 28 अरब डॉलर की तेजी आई है।

ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक दुनिया के सबसे बड़े रईस एलन मस्क ने गुरुवार को 15.3 अरब डॉलर गंवाए और उनकी नेटवर्थ 457 अरब डॉलर रह गई है। ओरेकल के फाउंजर लैरी एलिसन को 19.8 अरब डॉलर की चपत लगी और 317 अरब डॉलर के साथ दूसरे नंबर पर जमे हुए हैं। जेफ बेजोस ने 6.6 अरब डॉलर गंवाए लेकिन लैरी पेज 5.31 अरब डॉलर का फायदा हुआ और वह अमीरों की लिस्ट में चौथे नंबर पर पहुंच गए हैं। (246 अरब डॉलर) से कुछ ही पीछे रह गए हैं। इस लिस्ट में सर्गेई ब्रिन (228 अरब डॉलर) छठे, बर्नार्ड अरनॉल्ट (194 अरब डॉलर) सातवें, स्टीव बालमर (181 अरब डॉलर) आठवें, जेंसन हुआंग (176 अरब डॉलर) नौवें और माइकल डेल (165 अरब डॉलर) दसवें नंबर पर है। घरेलू बाजार में गिरावट से मुकेश अंबानी (104 अरब डॉलर) और गौतम अडानी (92.7 अरब डॉलर) की नेटवर्थ में भी गिरावट आई। अंबानी की नेटवर्थ में 1.6 अरब डॉलर और अडानी की नेटवर्थ में 21.2 करोड़ डॉलर की गिरावट रही। वैसे इस साल टॉप 20 रईसों में केवल बिल गेट्स की नेटवर्थ में गिरावट आई है। इस साल वह 39.5 अरब डॉलर गंवा चुके हैं।

# अब ग्राहक को बताए बिना फास्टैग अकाउंट बंद नहीं कर सकेंगे बैंक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ग्राहक को जानकारी दिए बिना कोई भी बैंक उसका फास्टैग अकाउंट या कनेक्शन नहीं काट सकेगा। यदि किसी उपयोगकर्ता को किसी भी कारण से दस्तावेज अपलोड करने में कठिनाई होती है, तो संबंधित बैंक ग्राहक से संपर्क करेगा और कनेक्शन काटने से पहले अपने वाहन को जानें (केवाईवी) प्रक्रिया पूरी करने में मदद करेगा।

ग्राहक अब अपने जारीकर्ता बैंक के साथ केवाईवी से संबंधित किसी भी समस्या के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग हेल्पलाइन नंबर 1033 पर शिकायत दर्ज कराने से लेकर प्रश्न भी पूछ

सकेंगे। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने सुविधा बढ़ाने और समग्र ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने के मकसद से फॉस्टटैग उपयोगकर्ताओं के लिए केवाईवी प्रक्रिया सरल बना दी है। भारतीय राजमार्ग प्रबंधन कंपनी लिमिटेड (आईएचएमसीएल) ने बृहस्पतिवार को संशोधित दिशानिर्देश जारी किए।

### साइड की फोटो नहीं करनी होगी अपलोड

नए नियमों के तहत कार, जीप, वैन की साइड की फोटो अपलोड करना जरूरी नहीं होगा। अब सिर्फ नंबर प्लेट और फास्टटैग वाली सामने की तस्वीर अपलोड करनी होगी। इसके अलावा, वाहन संख्या, चेसिस संख्या या मोबाइल नंबर दर्ज करने पर वाहन से आरसी विवरण अपने आप यानी स्वचालित हो जाएगा। यदि एक ही मोबाइल नंबर पर कई वाहन पंजीकृत हैं तो ग्राहक अपनी सुविधा के अनुसार उस वाहन का चयन कर सकेगा जिसके लिए वह केवाईवी पूरा करना चाहता है। अब बार-बार फास्टटैग नहीं बदलने होंगे। सेवाओं को चालू रखने के लिए अब पहले से जारी फास्टैग टैग ढीले होने या दुरुपयोग की शिकायत न मिलने तक मान्य रहेंगे।

# 1 पर 4 शेयर बोनस दे रही कंपनी, 20 प्रतिशत चढ़ा पेनी स्टॉक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन को शेयर बाजारों में आज भारी गिरावट देखने को मिली है। लेकिन एक 50 रुपये से कम की कीमत वाला स्टॉक 20 प्रतिशत चढ़ गया। शेयर बाजार में कंपनी आज एक्स-बोनस और एक्स स्टॉक स्प्लिट ट्रेड कर रही है। हम बात कर रहे हैं फिनोटेक्स केमिकल्स की। बता दें, कंपनी में दिग्गज निवेशक आशीष कचौलिया ने भी इंवेस्टमेंट किया है।

फिनोटेक्स केमिकल्स का शेयर बीएसई में 25.75 रुपये के लेवल पर खुला था। कंपनी के शेयर दिन में 20 प्रतिशत की उछाल के बाद 29.80 रुपये के इंट्रा-डे हाई पर पहुंच गए। कंपनी ने एक्सचेंज को दी जानकारी में बताया था कि एक शेयर पर योग्य निवेशकों को 4 शेयर बोनस के तौर बांटा जाएगा। साथ ही फिनोटेक्स केमिकल के शेयरों का 2 हिस्सों में आज बंटवारा भी हुआ है। कंपनी एक्स-बोनस के साथ-साथ एक्स-स्प्लिट भी ट्रेड कर रही है। फिनोटेक्स केमिकल्स ने पहले ही एक्सचेंज को दी जानकारी में बता दिया था कि 31 अक्टूबर को बोनस शेयर और स्टॉक स्प्लिट के लिए रिकॉर्ड डेट रहेगा। रिकॉर्ड डेट वह तारीख है जब कंपनी अपना रिकॉर्ड बुक देखती है। जिन निवेशकों को नाम कंपनी के रिकॉर्ड बुक में इस दिन रहेगा उन्हें ही बोनस शेयर और स्टॉक स्प्लिट का फायदा होगा। बता दें, निवेशकों को रिकॉर्ड डेट से कम से कम एक दिन पहले शेयरों को खरीदना होता है।

# एयरपोर्ट पर यात्रियों को उन्हीं की भाषा में मिलेगी मदद

### एआई का होगा इस्तेमाल, अडानी ने एयोनोस के साथ मिलाया हाथ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अडानी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड ने यात्रियों के लिए एयरपोर्ट पर मदद डेस्क के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। उन्होंने एयोनोस नाम की कंपनी के साथ एक खास डील की है। यह डील एआई यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल करके यात्रियों की मदद करने के लिए है। एएएचएल अडानी एंटरप्राइसेस की सब्सिडियरी कंपनी है।

एयोनोस इंटरग्लोब एंटरप्राइजेज का हिस्सा है। यह एक ऐसी एआई तकनीक लाएगी जो हिंदी और अंग्रेजी समेत कई भाषाओं में काम करेगी। यह तकनीक यात्रियों को अलग-अलग तरीकों से मदद करेगी, जैसे कि फोन पर बात करके या मैसेज के जरिए। इससे एयरपोर्ट पर मदद डेस्क का अनुभव पहले से कहीं ज्यादा अच्छा हो जाएगा। अडानी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड के पास देश के आठ एयरपोर्ट हैं। यह सुविधा इन सभी एयरपोर्ट पर मिलेगी। फिलहाल अडानी

कंपनी सात एयरपोर्ट का संचालन करती है। जल्द ही नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट भी शुरू करने जा रही है।

अरुण बंसल ने कहा, एयोनोसके साथ हमारा यह साथ हमारे एयरपोर्ट्स पर यात्रियों के सफर को आसान और व्यक्तिगत बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। हम इन-हाउस सुविधाओं के साथ मिलकर एक ऐसा सिस्टम बना रहे हैं जो काम को और बेहतर बनाएगा, सबको शामिल करेगा और भारत में स्मार्ट, टिकाऊ और भविष्य के लिए तैयार एयरपोर्ट्स के लिए नए मानक तय करेगा।

### यह मिलेगी जानकारी

दिल्ली में गुरुवार को दोनों कंपनियों ने एक समझौते पर साइन किए। अडानी एयरपोर्ट कंपनी के सीईओ अरुण बंसल ने बताया कि इससे यात्रियों को फ्लाइट, गेट बदलने, सामान की स्थिति, दिशा-निर्देश और एयरपोर्ट की सेवाओं तक कई भाषाओं में जानकारी मिलेगी। उन्होंने कहा कि नई एआई प्रणाली यात्री अनुभव को बदल देगी।

### क्या कहा एयोनोसने?

एयोनोस के को-फाउंडर और वाइस चेयरमैन सीपी गुरनानी ने कहा, हम एएएचएल के साथ इस बदलाव वाले सफर को शुरू करने के लिए उत्साहित हैं। हमारा यह साथ इस बात का सबूत है कि हम दोनों ही बेहतरीन ग्राहक अनुभव देने के लिए उन्नत तकनीकों का इस्तेमाल करने की सोच रखते हैं। प्रतिबद्ध हैं जो कंपनियों को डिजिटल युग की मुश्किलों से निपटने और अपने बड़े लक्ष्यों को हासिल करने में मदद करें।

# रूस के पास है अमेरिका से चार गुना बड़ा सोने का भंडार

### केवल ऑस्ट्रेलिया दे रहा है टक्कर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोने की कीमत में इस साल करीब 50 प्रतिशत तेजी आई है। दुनिया के कई हिस्सों में जारी उथलपुथल के कारण निवेशक सुरक्षित निवेश के रूप में सोने का रुख कर रहे हैं। साथ ही कई देशों के केंद्रीय बैंकों ने पिछले कुछ सालों में सोने की जमकर खरीदारी की है। इस कारण सोने की कीमत में तेजी आई है। हाल में इसकी कीमत 4,300 डॉलर प्रति औंस के पार पहुंची थी। गोल्डमैन सैश का कहना है कि अगले साल दिसंबर तक इसकी कीमत 4,900 डॉलर प्रति औंस तक जा सकती है।

एक अनुमान के मुताबिक दुनिया में अब तक 216,265 टन सोना निकाला जा चुका है और अब खदानों में अब केवल 64,000 टन सोना रह गया है। यूक्रेन के साथ युद्ध में फंसे रूस और ऑस्ट्रेलिया के पास सबसे ज्यादा अनमाइंड गोल्ड रिजर्व है। इन दोनों देशों के पास एक बराबर 12,000 टन गोल्ड रिजर्व है जिसे अब तक निकाला नहीं गया है। इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर साउथ अफ्रीका है जिसके पास 5,000 टन सोने का ज्ञात भंडार है। इंडोनेशिया में 3,800 टन और कनाडा में 3,200 टन सोने का ऐसा भंडार है जिसे अब तक निकाला नहीं गया है। चीन के पास 3,100 टन सोने का ज्ञात भंडार है। अमेरिका के सेंट्रल बैंक के पास दुनिया में सबसे ज्यादा 8,133 टन सोना है लेकिन उसकी खदानों में 3,000 टन सोना है।

# पानी में सोने की खेती से 10000000 रुपये की कमाई

### ● ऑनलाइन विज्ञापन ने बदल दी दो दोस्तों की किस्मत ● दोनों हरियाणा की एक टेक्सटाइल फैक्ट्री में काम करते थे।

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दोस्त सिर्फ गांव-मोहल्ले या स्कूल-कॉलेज में ही नहीं बनते। वे किसी दुकान, फैक्ट्री, ऑफिस या बस-ट्रेन आदि में भी बन सकते हैं। कई बार यह दोस्ती उस समय ही खत्म हो जाती है जब दुकान, फैक्ट्री आदि को छोड़ दिया जाता है। लेकिन शैलेंद्र कुमार और राजेश गोस्वामी की दोस्ती कुछ अलग थी। वे दोनों हरियाणा की एक टेक्सटाइल फैक्ट्री में काम करते थे। लेकिन आज दोनों कारोबार में भी साथी हैं। वे पर्ल्स फार्मिंग (मोतियों की खेती) करते हैं। आज वे अपने इस कारोबार से जबरदस्त कमाई कर रहे हैं।

**फैक्ट्री की नौकरी:** शैलेंद्र और राजेश सालों से फैक्ट्री में काम कर रहे थे। उनकी कमाई इतनी ही थी कि बस गुजारा हो पाता था। साल 2013 की बात है। एक दिन काम के बीच में राजेश इंटरनेट पर कुछ देख रहे थे। तभी उसकी नजर एक अनोखे विज्ञापन पर पड़ी। यह विज्ञापन था भुवनेश्वर (ओडिशा) स्थित सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ फ्रेशवॉटर एक्वाकल्चर के पर्ल फार्मिंग यानी मोती की खेती के ट्रेनिंग प्रोग्राम का। राजेश ने तुरंत शैलेंद्र को बुलाया। शैलेंद्र ने हैरानी से पूछा, मोती की खेती? ये क्या होती है? उन्होंने ऐसा कुछ पहले कभी नहीं सुना था। लेकिन यह आइडिया उनके मन में बैठ गया। दोनों दोस्त पैसों की आजादी का सपना देखते थे और यह मौका उन्हें अपनी किस्मत बदलने का एक रास्ता लगा।

**ट्रेनिंग करने का फैसला:** अपने बॉस खुद बनने के ख्याल से प्रेरित होकर, शैलेंद्र और राजेश ने इस नए काम को शुरू करने का साहस जुटाया। उन्होंने भुवनेश्वर के भुवनेश्वर में होने वाले दो दिन के ट्रेनिंग कोर्स में दाखिला लेने का फैसला किया। इस फैसले पर उनके दोस्तों और परिवार वालों ने चिंता जताई। उन्होंने पूछा कि फैक्ट्री की नौकरी करते हुए खेती कैसे संभालेंगे? अगर फेल हो गए तो क्या होगा? लेकिन शैलेंद्र और राजेश के लिए लगातार

पैसों की तंगी का डर, अनजाने रास्ते पर चलने के डर से कहीं ज्यादा बड़ा था।

ट्रेनिंग में उन्हें बहुत कुछ सीखने को मिला। वहां उन्हें मोती की खेती की बारीकियों के बारे में प्रैक्टिकल जानकारी दी गई। शैलेंद्र बताते हैं, हमने सीखा कि पानी की क्वालिटी कैसी होनी चाहिए और सीपियों को पालकर मोती कैसे बनाए जाते हैं। यह सब बहुत ध्यान से करने वाला काम था। वे हर छोटी से छोटी बात को बड़े ध्यान से सीख रहे थे। उन्हें इस काम की कला और विज्ञान दोनों समझ आ रहे थे।

### पानी में सोना उगाना सीखा

शैलेंद्र के लिए मोती किसी सोने से कम नहीं थी। ओडिशा से ट्रेनिंग लेकर लौटने के बाद दोनों दोस्त फैक्ट्री में काम करते रहे और साथ-साथ अपनी मोती की खेती का बिजनेस भी शुरू कर दिया। उनका प्लान सीधा था- छोटे पैमाने पर शुरुआत करो, सीखते जाओ और जो सीखा है उसे इस्तेमाल करो। शैलेंद्र के घर पर छह सीमेंट के टैंक बनाए गए। हर टैंक 10 फीट लंबा और 10 फीट चौड़ा था। यहीं पर उन्होंने अपनी पहली सीपियां रखीं। उन्होंने करीब 3.5 लाख रुपये का निवेश किया। इसमें अच्छी क्वालिटी की सीपियां खरीदने का खर्च भी शामिल था, जिन्हें उन्होंने ओडिशा के तटीय इलाकों से सीपीयां मंगवाई। उन्होंने खास तौर पर सुनहरे-भूरे रंग की सीपियों को चुना, क्योंकि उनसे अच्छे मोती मिलते हैं।

**कितनी हो रही कमाई?:** फार्म शुरू करने के एक साल बाद शैलेंद्र और राजेश ने अपनी नौकरियां छोड़ दीं और सोच-समझकर जोखिम उठाते हुए फुल-टाइम एंटरप्रेन्योर बन गए। 13 महीनों के बाद उनका मोती फार्म बहुत अच्छा चलने लगा। मोती की खेती की अपनी समझ बढ़ने के साथ ही, बिजनेस को बढ़ाना अगला कदम था। दोनों दोस्तों ने अपने काम का दायरा बढ़ाया। उन्होंने अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और दमन में भी नए फार्म खोले, जिनमें एक लाख सीपियां थीं। अनजानी राह पर उनका यह कदम एक बड़े बिजनेस में बदल गया। उनके ब्रांड जय श्री पर्ल फार्मिंग के तहत उनका टर्नओवर 1 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। वे अमेरिका, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में भी मोती बेचते हैं।

## अहान पांडे से तुलना पर हर्षवर्धन राणे ने दी प्रतिक्रिया

हर्षवर्धन राणे की फिल्म 'एक दीवाने की दीवानियत' इन दिनों सिनेमाघरों में बनी हुई है। फिल्म को दर्शकों और क्रिटिक्स की मिली-जुली प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं। अब फिल्म में हर्षवर्धन राणे के किरदार की तुलना 'सैयारा' के अहान पांडे के किरदार से की जाने लगी है। एक फैन ने दोनों की तुलना में हर्षवर्धन राणे के किरदार को बेहतर बताया। इस पर खुद अभिनेता ने भी रिएक्ट किया है। जानें हर्षवर्धन ने ऐसा क्या रिप्लाई दिया, जो अब चर्चा का विषय बन गया है।

### एक यूजर ने की हर्षवर्धन राणे के किरदार की तारीफ

हर्षवर्धन राणे ने एक रील पर कमेंट किया है जिसमें फिल्म में उनके किरदार की तुलना सैयारा में अहान के किरदार कृष कपूर से की गई है। हाल ही में एक सोशल मीडिया यूजर ने इंस्टाग्राम पर 'एक दीवाने की दीवानियत' में हर्षवर्धन राणे के किरदार और 'सैयारा' में अहान पांडे के किरदार कृष कपूर के बीच तुलना की। इसमें अहान के किरदार के मुकाबले हर्षवर्धन राणे के किरदार की तारीफ की गई। हर्षवर्धन की भूमिका को प्यार में ज्यादा ईमानदार और समर्पित बताया और कहा कि उनके किरदार में कृष कपूर के विपरीत कोई बुराइयाँ नहीं हैं, जिन्हें उन्होंने औरतों पर डोरे डालने वाला बताया। सोशल मीडिया यूजर ने कहा कि दोनों किरदार अच्छे थे, लेकिन हर्षवर्धन का किरदार ज्यादा बेहतर था।

### हर्षवर्धन ने किया ये कमेंट

अब इस रील पर हर्षवर्धन राणे ने भी प्रतिक्रिया दी है। एक्टर ने अपनी तारीफ वाली इस रील पर कमेंट करते हुए लिखा, 'मैम आपकी किस्मत में भी एक ऐसा लड़का लिखा है।' अब हर्षवर्धन का ये कमेंट वायरल है। लोग इसे अलग-अलग तरह से देख रहे है। कुछ लोग जहां इस रिएक्शन के लिए हर्षवर्धन राणे की तारीफ कर रहे हैं। तो वहीं कुछ लोग इसे हर्षवर्धन का अहान पांडे पर तंज बता रहे हैं। जबकि हर्षवर्धन राणे की प्रतिक्रिया के बाद अब इस मुद्दे पर फैंस के बीच एक बहस छिड़ गई है।

### मिलाप जावेरी ने किया फिल्म का निर्देशन

मिलाप जावेरी द्वारा निर्देशित 'एक दीवाने की दीवानियत' एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म है। इसमें एक जुनूनी प्रेम कहानी दिखाई गई है। फिल्म में हर्षवर्धन राणे और सोनम बाजवा प्रमुख भूमिकाओं में नजर आए हैं। इसके फिल्म में शाद रंधावा, सचिन खेडेकर, अनंत नारायण और राजेश खेरा भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

## तलाक की अफवाहों पर माही विज ने तोड़ी चुप्पी

माही विज और जय भानुशाली अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में हैं। कथित तौर पर दोनों का रिश्ता टूट गया है और कपल का तलाक होने वाला है। यह खबर सामने आने के बाद जय और माही के फैंस आहत हैं। वहीं, सोशल मीडिया पर दोनों के तलाक को लेकर तरह-तरह के दावे करते हुए पोस्ट वायरल हो रहे हैं। एक पोस्ट पर रिएक्ट करते हुए माही विज ने गुस्सा जाहिर किया है।

### अभिनेत्री के हवाले से किया गया कमेंट

जय भानुशाली के साथ तलाक की अफवाहों पर माही विज ने चुप्पी तोड़ी है। दरअसल, इंस्टाग्राम पर अद्धश्द्धद्धद्ध स्नह्वद्य नाम के पेज से एक पोस्ट साझा किया गया। इसमें माही विज के हवाले से एक कमेंट लिखा गया, जिसमें कहा गया है, आधिकारिक रूप से पांच मिनट पहले मेरा तलाक हुआ है। मुझे पता है कि कुछ लोग इस पर बधाई देंगे, लेकिन मेरे लिए ऐसे परिदृश्य मायने नहीं रखते। तलाक होना हमेशा दुखद ही होगा। इस पोस्ट पर माही विज ने कमेंट किया है।

### माही ने कही लीगल एक्शन लेने की बात

इस पोस्ट पर माही विज ने गुस्सा जाहिर करते हुए हिदायत दी है। माही विज ने कमेंट लिखा है, झूठी बातें पोस्ट मत करिए। मैं इसके खिलाफ लीगल एक्शन लूंगी। अभिनेत्री ने शायद तलाक को लेकर उनकी तरफ से की गई कथित टिप्पणी पर आपत्ति जताई है। फिलहाल माही के इस कमेंट से उनके फैंस ने राहत की सांस ली है कि शायद तलाक की बात झूठी हो। हालांकि, माही के कमेंट में यह जिक्र नहीं है कि तलाक होगा या नहीं, उन्होंने गलत नैरेटिव फैलाने को लेकर एतराज जताया है।

### 2011 में हुई थी शादी

माही विज और जय भानुशाली की शादी साल 2011 में हुई थी। साल 2017 में इस कपल ने दो बच्चों- खुशी और राजवीर को गोद लिया। अगस्त 2019 में कपल के घर बेटी तारा का जन्म हुआ। कथित तौर पर शादी के 14 साल बाद यह खूबसूरत जोड़ी अलग हो रही है। हालांकि, आधिकारिक रूप से इसकी पुष्टि नहीं हुई है।

## जाह्नवी-टाइगर-लक्ष्य की लग जा गले में दिखेगा लव ट्रायंगल और रिवेंज

गु ड न्यूज और जुग जुग जियो जैसी हिट फिल्मों के निर्देशक राज मेहता अब एक नए अंदाज में वापसी करने जा रहे हैं। उनकी अगली फिल्म लग जा गले की तैयारियां जोरों पर हैं। करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले बन रही इस फिल्म में जाह्नवी कपूर, टाइगर श्रॉफ और लक्ष्य लालवानी पहली बार एक साथ नजर आएंगे। यह फिल्म एक लव ट्रायंगल के साथ-साथ रिवेंज ड्रामा भी होगी। कहानी में एक्शन और इमोशन का ऐसा मिश्रण देखने को मिलेगा जो दर्शकों को कुछ हद तक सनी देओल, करिश्मा कपूर और सलमान खान की फिल्म जीत की याद दिलाएगा।

### एक्शन सीन्स को लेकर मेकर्स ने तैयारी भी शुरू कर दी है

लग जा गले को एक हाई-ऑक्टेन रिवेंज-एक्शन लव स्टोरी बताया जा रहा है, जिसमें दमदार एक्शन सीक्वेंस के बीच एक गहरी भावनात्मक प्रेम कहानी भी बुनी गई है। इसके एक्शन सीन्स को लेकर मेकर्स ने पहले ही काफी तैयारी शुरू कर दी है। माना जा रहा है कि यह फिल्म जाह्नवी के करियर का टर्निंग पॉइंट साबित हो सकती है, क्योंकि इसके जरिए वह पहली बार एक्शन जॉनर में उतरेंगी। इसमें जाह्नवी भी एक्शन करेंगी।

### शूटिंग दिसंबर से शुरू होगी, अगले साल हो सकती है रिलीज

मेकर्स की योजना के अनुसार, शूटिंग इसी साल दिसंबर से शुरू होगी। इसे बड़े स्केल पर फिल्माने की तैयारी है, जिसमें विदेशी लोकेशंस भी हैं। मेकर्स अगले साल सेकंड हाफ में फिल्म को थिएट्रिकल रिलीज देने का लक्ष्य रख रहे हैं। हालांकि जाह्नवी ने अभी तक फिल्म पर कोई सार्वजनिक बयान नहीं दिया है लेकिन सूत्रों का कहना है कि राज मेहता की कहानी सुनने के बाद जाह्नवी और टाइगर दोनों ने सहमति दे दी है।

### नई जनरेशन को थ्रिलर फील देगी ये फिल्म

लग जा गले की सबसे बड़ी खासियत इसकी फ्रेश और अनएक्सपेक्टेड कास्टिंग है। पहली बार टाइगर-जाह्नवी की जोड़ी और लक्ष्य की मौजूदगी दर्शकों के लिए नया रोमांच लेकर आएगी। मेकर्स के मुताबिक, एक्शन, रिवेंज और लव की तिहरी डोज वाली यह फिल्म बॉलीवुड की नई जनरेशन को एक क्लासिक थ्रिलर फील देगी। यह सिर्फ एक रोमांटिक ड्रामा नहीं, बल्कि इमोशन, बदले और एक्शन का कॉम्बिनेशन भी होगी।

### धर्मा प्रोडक्शंस के साथ लक्ष्य का ये चौथा बड़ा प्रोजेक्ट होगा

वहीं टीवी और ओटीटी से लेकर फिल्मों तक अपनी पहचान बनाने वाले लक्ष्य के लिए यह फिल्म बेहद अहम मानी जा रही है। वे हाल ही में द बैड्स ऑफ बॉलीवुड से सुर्खियां बटोर चुके हैं। यह उनका धर्मा प्रोडक्शंस के साथ चौथा बड़ा प्रोजेक्ट होगा। दिलचस्प बात यह है कि लक्ष्य और जाह्नवी दोनों को पहले धर्मा की दोस्ताना 2 में कास्ट किया गया था, जो बाद में स्थगित हो गई। अब खबरें हैं कि लक्ष्य दोस्ताना 2 के री-बूट वर्जन का हिस्सा होंगे, जिसमें विक्रांत मैसी और श्रीलीला या प्रतिभा रांटा भी नजर आ सकती हैं। इसके अलावा वह चांद मेरा दिल भी कर रहे हैं।

## मैंने सबसे ज्यादा समय महारानी के सेट पर बिताया

राजनीतिक ड्रामा सीरीज महारानी अपने चौथे सीजन के साथ लौटने को तैयार है। पिछले तीन सीजन दर्शकों को बिहार की राजनीति और उसकी जटिल दुनिया में गहराई से ले गए हैं, और अब चौथा सीजन आने वाला है। हुमा कुरैशी अपने किरदार रानी भारती के रूप में फिर से स्क्रीन पर नजर आएंगी। पहले सीजन से महारानी से जुड़े रहने पर एक्ट्रेस ने कहा कि उन्होंने अगर ननिहाल के बाद कहीं सबसे ज्यादा समय बिताया है, तो वह महारानी का सेट है। एक इंटरव्यू में हुमा कुरैशी ने बताया कि महारानी एक तरह का राजनीतिक फैंटेसी शो है। यह राजनीति और जीवन की कुछ घटनाओं से प्रेरित हो सकता है, लेकिन पूरी तरह काल्पनिक है। इसमें असली जीवन के लोगों से मिलती-जुलती परिस्थितियां हो सकती हैं। शो का असली मकसद दर्शकों को एक ऐसी दुनिया दिखाना है, जहां भावना, रिश्ते और मानवीय संघर्ष सबसे महत्वपूर्ण हैं। रानी भारती का किरदार समय के साथ कई बदलावों से गुजरा है। अपने किरदार को लेकर हुमा ने कहा, रानी के आदर्श और राजनीतिक चालाकी के बीच संतुलन बनाना मेरे लिए सबसे बड़ी चुनौती थी। इस किरदार के साथ मेरा जुड़ाव बहुत गहरा है। उन्होंने आगे कहा, अपने करियर में, ननिहाल के बाद मैंने सबसे ज्यादा समय महारानी के सेट पर बिताया है। रानी भारती और उस दुनिया का हिस्सा बनना मेरे लिए खास अनुभव रहा है और मैं उम्मीद करती हूं कि यह सफर कई सालों तक चलता रहे।

## सामंथा ने शुरू की बंगाराम की शूटिंग

राज निदिमोरू, सामंथा रुथ प्रभु और हिमांक डुव्वुरु ने अपने बैनर त्रालाला मूविंग पिक्चर्स के तहत अपने दूसरे प्रोडक्शन वेंचर मां इंति बंगाराम की शूटिंग शुरू कर दी है। जिसकी खास तस्वीरें सामंथा ने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की हैं। सामंथा ने आज इंस्टाग्राम पर अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म बंगाराम के मुहूर्त की खास तस्वीरें शेयर कीं। इन तस्वीरों में सामंथा के कथित बॉयफ्रेंड राज निदिमोरू भी नजर आए। इसके साथ सामंथा ने कैप्शन में लिखा, प्यार और आशीर्वाद के साथ, बंगाराम के मुहूर्त के साथ अपनी यात्रा शुरू की। हम जो बना रहे हैं उसे आपके साथ साझा करने के लिए उत्सुक हैं... इस विशेष फिल्म की शुरुआत में हमें आपके प्यार और समर्थन की आवश्यकता है। मां इंति बंगाराम एक ड्रामा फिल्म है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यह 1980 के दशक की पृष्ठभूमि पर आधारित एक रोमांचक क्राइम थ्रिलर है।

### सामंथा रुथ प्रभु का वर्कफ्रंट

सामंथा रुथ प्रभु मां इंति बंगाराम के अलावा नेटफ्लिक्स पर आने वाली रक्त ब्रह्मांड- द ब्लडी किंगडम में नजर आएंगी। इन फिल्मों से पहले सामंथा अपने प्रोडक्शन हाउस के तहत बनी पहली फिल्म शुभम में भी दिखाई दी थीं। हालांकि, इस फिल्म में सामंथा ने कैमियो किया था। हाल ही में सामंथा ने अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड राज निदिमोरू के साथ दीवाली मनाई थी। जिसकी खास तस्वीरें सामंथा ने इंस्टाग्राम पर भी शेयर की थीं। सेलिब्रेशन की इन तस्वीरों के साथ सामंथा ने कैप्शन में लिखा, कृतज्ञता से भरी। सामंथा की शादी पहले साउथ एक्टर नागा चैतन्य से हुई थी। दोनों ने 2017 को गोवा में क्रिश्चियन रीति-रिवाज और हिंदू रीति-रिवाज से शादी की थी। उन्होंने अक्तूबर 2021 में अपने अलग होने का एलान किया। उसके अगले साल उनका तलाक हो गया था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अब सामंथा निर्देशक राज निदिनोरू को डेट कर रही हैं।

## यामी गौतम ने बताई अपने 'हक' के पीछे की असली कहानी

यामी गौतम की आने वाली फिल्म हक 1970 के दशक की उस सच्ची घटना से प्रेरित है, जब मुस्लिम महिला शाह बानो बेगम ने अपने हक और इंसाफ के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। खास बातचीत में यामी ने बताया कि हक उनके लिए सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि एक एहसास है। एक ऐसी औरत की आवाज, जिसने अपने हक के लिए लड़ने की हिम्मत दिखाई। बातचीत में यामी ने अपने किरदार के सफर, अपने काम के नजरिए और एक मां के रूप में बदली जिंदगी पर खुलकर बात की।

### हक सुनते ही एक गहराई वाला एहसास होता है। आपके लिए यह फिल्म क्या मायने रखती है?

हक मेरे लिए सिर्फ एक फिल्म नहीं है, यह दिल से जुड़ा हुआ अनुभव है। इसमें दो लोग हैं, जो एक रिश्ते में बंधे हैं, जहां प्यार है, भरोसा है और कहीं न कहीं दर्द भी है। जब हम किसी से नाराज होते हैं या किसी रिश्ते में कोई बात अधूरी रह जाती है, तो सबसे पहले ख्याल आता है कि इतना तो मेरा हक बनता है। यही इस फिल्म की भावना है। जहां रिश्ता होता है, वहां उम्मीद होती है और जहां उम्मीद होती है, वहीं हक होता है। इसलिए मुझे यह टाइटल बहुत सटीक लगा क्योंकि यह अपने आप में पूरी कहानी कह देता है।

### इस किरदार को निभाना कितना मुश्किल था?

यह किरदार निभाना आसान नहीं था। यह सिर्फ एक महिला की नहीं, बल्कि कई महिलाओं की कहानी है। कई बार लगता है कि हम किरदार को निभा रहे हैं, लेकिन धीरे-धीरे वही किरदार हमें बदल देता है। मैंने स्क्रिप्ट कई बार पढ़ी, क्योंकि हर बार उसमें कुछ नया महसूस होता था। कभी कोई खामोशी अलग लगती थी, कभी कोई बात और गहराई से समझ में आती थी। रात के दो बजे भी अगर कोई ख्याल आता था तो मैं उसे लिख लेती थी या वॉइस नोट बना लेती थी। डायरेक्टर को सुबह मेरे मैसेज मिलते थे और वो मुस्कुराकर कहते थे, ये रात में क्या लिखा आपने? और मैं कहती थी, 'पता नहीं, बस दिल से निकला।' यह किरदार उतना ही कोमल है जितना मजबूत। उसने मुझे सिखाया कि हक लेना सिर्फ बोलने से नहीं, बल्कि उसे महसूस करने और समझने से आता है।

### इतनी सच्ची कहानी को पर्दे पर लाना कितना चुनौतीपूर्ण था?

बहुत चुनौतीपूर्ण था। हमने शुरुआत से ही तय किया था कि हक किसी पर आरोप लगाने या किसी को गलत साबित करने की कहानी नहीं होगी। यह एक इंसान की यात्रा है और इसे सम्मान के साथ दिखाना जरूरी था। यह कोई बायोपिक नहीं है, लेकिन यह सच्ची भावनाओं से प्रेरित है। फिल्म में कुछ सच्चाई है, कुछ कल्पना है। हमने दोनों के बीच संतुलन बनाए रखने की कोशिश की है ताकि कहानी ईमानदार लगे। हमारी कोशिश थी कि फिल्म का हर पल सच्चा महसूस हो।

### आपने अपने प्रोसेस की बात की कि आपको लिखना और अपने विचार साझा करना पसंद है। क्या यह आदत हाल ही में शुरू हुई या हमेशा से रही है?

यह आदत हमेशा से रही है। शायद 'विकी डोनर' के समय से ही। लिखना मेरे लिए सिर्फ एक आदत नहीं है, बल्कि सोच को साफ करने का तरीका है। जब आप लिखते हैं, तो कई बार वो बातें बाहर आ जाती हैं जो शायद आप जुबान से कह नहीं पाते। बीच-बीच में कुछ फिल्में ऐसी भी थीं जहां दिल से थोड़ी दुविधा थी कि करना चाहिए या नहीं, लेकिन उस समय के हिसाब से जो सही लगा, वही किया। पर जितनी भी फिल्में ऐसी रही हैं जिन्हें लोगों ने पसंद किया या जिन पर मुझे खुद गर्व है ...'काबिल', 'उरी', 'बाला', 'थर्स डे', 'धूमधाम', 'लॉस्ट', 'आर्टिकल 370' या अब 'हक' उन सब में मेरा यही प्रोसेस रहा है। मैं स्क्रिप्ट बार-बार पढ़ती हूं, नोट्स बनाती हूं, कभी-कभी अपने विचार डायरेक्टर के साथ साझा करती हूं। अगर रात में भी कोई ख्याल आता है तो उसे तुरंत लिख लेती हूं या रिकॉर्ड कर लेती हूं ताकि वो कहीं खो न जाए।

### अगर हक को एक वाक्य में समेटना हो तो वो क्या होगा?

हक मेरे लिए आत्मस्वीकृति की कहानी है। यह सिर्फ एक महिला की नहीं, बल्कि हर उस इंसान की कहानी है जिसने कभी अपने दिल में कोई सच्चाई महसूस की और उसे कहने की हिम्मत जुटाई। यह फिल्म मेरे लिए खुद को पहचानने और अपनी आवाज को महसूस करने की यात्रा है।

हार की हैट्रिक के बाद भारत ने कैसे पलटी बाजी

# जेमिमा-हरमन ने रचा इतिहास

## 7 बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को हराकर वर्ल्डकप फाइनल में पहुंचे

### भारत का विमेंस वनडे में सबसे बड़ा रन चेज

### श्रीलंका-पाकिस्तान को आसानी से हराया

वनडे वर्ल्ड कप की शुरुआत भारत ने गुवाहाटी में श्रीलंका के खिलाफ मैच से की। बरसापारा स्टेडियम में पहले बैटिंग करते हुए भारत ने 269 रन बना दिए। जवाब में श्रीलंका को 211 पर ही समेट दिया। फिफ्टी लगाने के साथ 3 विकेट लेने वालीं दीप्ति शर्मा प्लेयर ऑफ द मैच रहीं।दूसरे मुकाबले में भारत का सामना चीर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से हुआ। कोलंबो में स्पिन फ्रेंडली पिच थी, जहां पाकिस्तानी स्पिनर्स को फायदा हो सकता था। भारत ने यहां 247 रन बनाए और पाकिस्तान को 159 रन पर ही समेट कर लगातार दूसरा मैच जीत लिया। 3 विकेट लेने वालीं तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ प्लेयर ऑफ द मैच रहीं।

### भारत ने विमेंस वनडे का सबसे बड़ा रन चेज किया

विमेंस वनडे में भारत ने सबसे बड़ा रन चेज कर लिया। टीम ने 339 रन के टारगेट को 48.3 ओवर में बनाकर ऑस्ट्रेलिया के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। ऑस्ट्रेलिया ने इसी वर्ल्ड कप में भारत के खिलाफ लीग मैच में 330 रन का टारगेट चेज किया था।मेंस और विमेंस वनडे वर्ल्ड कप के नॉकआउट मैचों में यह पहली बार हुआ है, जब किसी टीम ने 300 से ज्यादा रन का टारगेट चेज कर जीत हासिल की। इससे पहले सबसे बड़ा सफल चेज 2015 मेंस वनडे वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में हुआ था। न्यूजीलैंड ने ऑकलैंड में साउथ अफ्रीका के खिलाफ 298 रन का लक्ष्य हासिल किया था।

### साउथ अफ्रीका ने दिलाई पहली हार

2 लगातार जीत के साथ टीम इंडिया विशाखापट्टनम पहुंची, जहां मुकाबला साउथ अफ्रीका से होना था। साउथ अफ्रीका इंग्लैंड के खिलाफ 69 रन पर ऑलआउट हो चुकी थी। पहले बैटिंग करते हुए भारत ने 102 रन पर 6 विकेट गंवा दिए। वहां से विकेटकीपर ऋचा घोष ने 94 रन बनाए और टीम को 251 तक पहुंचा दिया। 252 के टारगेट के सामने साउथ अफ्रीका ने भी 5 विकेट महज 81 रन पर गंवा दिए।

मुंबई (एजेंसी)।

साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बाद इंग्लैंड ने भी विमेंस वनडे वर्ल्ड कप में भारत को हरा दिया। ट्रॉफी जीतना तो दूर, इंडिया विमेंस का सेमीफाइनल में पहुंचना भी मुश्किल था। साल 2000 की चैंपियन न्यूजीलैंड से मैच होना बाकी था और टीम इंडिया मोमेंटम को पूरी तरह खो चुकी थी।

वहां से आज 31 अक्टूबर का दिन, इंडिया विमेंस ने फाइनल में एंट्री कर ली। एंट्री भी मामूली नहीं, 7 बार की चैंपियन और टूर्नामेंट में अब तक नहीं हारी ऑस्ट्रेलिया को न सिर्फ हराया, बल्कि विमेंस वनडे इतिहास का सबसे बड़ा टारगेट भी चेज किया। इस जीत की इबारत लिखी, भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर और शतक बनाकर नॉटआउट रहीं जेमिमा रोड्रिग्ज ने। विमेंस वनडे वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से हराकर टीम इंडिया तीसरी बार फाइनल में पहुंच गई। टीम ने विमेंस वनडे का सबसे बड़ा रन चेज किया। भारत ने 339 रन का टारगेट 48.3 ओवर में हासिल कर लिया। जेमिमा रॉड्रिग्ज वर्ल्ड कप नॉकआउट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली दूसरी भारतीय बनीं। उन्होंने कप्तान हरमनप्रीत कौर के साथ वर्ल्ड कप में भारत के लिए सबसे बड़ी साझेदारी भी की।

### टूर्नामेंट में पहली हार के बाद आस्ट्रेलिया से था कड़ा मुकाबला

टूर्नामेंट में मिली पहली हार के बाद भारत का सामना 7 बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया से हो गया। विशाखापट्टनम में भारत ने फाइट दिखाई और ओपनर्स की फिफ्टी के दम पर 330 रन बना दिए। हालांकि, टीम 7 गेंद बाकी रहते ही ऑलआउट हो गई। भारत को हराने के लिए ऑस्ट्रेलिया को सबसे बड़ा टारगेट हासिल करना था। टीम से कप्तान एलिसा हीली ने सेंचुरी लगा दी। फीबी लिचफील्ड और एश्ले गार्डनर ने 40 प्लस रन बनाकर टीम को टारगेट के करीब पहुंचाया। एलिस पेरी ने आखिर में 47 रन बनाए और टीम को 6 गेंद पहले ही जीत दिला दी। यह वनडे इतिहास का सबसे सफल रन चेज रहा। लगातार 2 हार के बाद इंदौर में भारत का सामना इंग्लैंड से हुआ। पहले बैटिंग करते हुए इंग्लैंड ने 288 रन बना दिए, टीम से पूर्व कप्तान हीथर नाइट ने सेंचुरी लगा दी। भारत ने 45 ओवर तक 250 रन बना लिए थे, टीम से 3 प्लेयर्स ने फिफ्टी लगा दी। अगले ही ओवर में ऋचा घोष आउट हो गईं, उनके जाते ही टीम ने 4 रन से करीबी मुकाबला गंवा दिया।

### मंधाना-प्रतिका ने जगाईं उम्मीदें

होम वर्ल्ड कप में हार की हैट्रिक लगा चुकी इंडिया विमेंस पर टूर्नामेंट से बाहर होने का खतरा मंडरा रहा था। अगला मैच न्यूजीलैंड से था, अगर इंडिया हारती तो बाहर भी हो सकती थी। नवी मुंबई में पहले बैटिंग करने उतरी इंडिया विमेंस से प्रतिका रावल और स्मृति मंधाना ने सेंचुरी लगा दी। जेमिमा की फिफ्टी के दम पर भारत ने अपना बेस्ट वर्ल्ड कप स्कोर 340 रन बनाया। बड़े टारगेट के सामने न्यूजीलैंड की टीम 271 रन ही बना सकी। शतक लगाने के साथ 3 कैच लेने वालीं मंधाना प्लेयर ऑफ द मैच रहीं। इस जीत के साथ भारत ने सेमीफाइनल में एंट्री भी कर ली। बांग्लादेश के खिलाफ ग्रुप स्टेज का आखिरी मैच बारिश के कारण बेनतीजा रहा।

### 7 बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया से भिडंत

भारत का सेमीफाइनल 7 बार की चैंपियन और टूर्नामेंट में एक भी मैच नहीं हारी ऑस्ट्रेलिया से होना था। ऑस्ट्रेलिया का एक मुकाबला रद्द हो गया था, वहीं टीम ने बाकी 6 मुकाबले एकतरफा अंदाज में जीते थे। टीम को विमेंस वर्ल्ड कप में आखिरी हार भी 2017 में मिली थी। तब से टीम 15 मुकाबले अपने नाम कर चुकी थी।

### लेकिन हारीं नहीं जेमिमा...

तेजी से रन बनाने की कोशिश में हरमन 88 गेंद पर 89 रन बनाकर आउट हो गईं। उनके बाद दीप्ति शर्मा बैटिंग करने उतरीं, जेमिमा दूसरे एंड पर शतक की ओर बढ़ रही थीं। 33वें ओवर में एलिसा हीली ने उनका आसान सा कैच छोड़ दिया, इस वक्त जेमिमा 83 रन के स्कोर पर थीं।

**दीप्ति और ऋचा समझदारी वाली पारी** जेमिमा के सामने दीप्ति शर्मा 17 गेंद पर 24 और ऋचा घोष 16 गेंद पर 26 रन बनाकर आउट हो गईं। ऋचा ने भारत को जीत के करीब जरूर पहुंचाया, लेकिन 24 गेंद पर 29 रन अब भी चाहिए थे। जेमिमा का साथ देने के लिए अमनजोत कौर बैटिंग करने आईं।

# सेमीफाइनल जीत पर भारतीय विमेंस टीम को मिली बधाइयां

## तेंदुलकर ने कहा- शानदार जीत, रोहित ने लिखा- शाबाश टीम इंडिया, विराट ने कहा बेहतरीन प्रदर्शन

नईदिल्ली (एजेंसी)। भारतीय टीम ने विमेंस वनडे वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में 7 बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से हराकर फाइनल में जगह बना ली है। जीत के बाद ही सोशल मीडिया पर भारतीय टीम को बधाईयां मिलने लगी। सचिन तेंदुलकर ने कहा, शानदार जीत। टीम के इस ऐतिहासिक जीत पर हम क्रिकेटर्स और सेलिब्रिटी के सोशल मीडिया के रिएक्शन जानेंगे। सचिन ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में आगे लिखा, बहुत बढ़िया जेमी और हरमन आपने आगे बढ़कर टीम को लीड किया। श्री चरणी और दीप्ति आपने गेंद से मैच को जिंदा रखा। तिरंगे को हमेशा ऊंचा लहराते रहो।

- **हमारी टीम की क्या शानदार जीत रही** - भारतीय स्टार बैटर विराट कोहली ने लिखा, ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम के खिलाफ हमारी टीम की क्या शानदार जीत रही। लड़कियों ने शानदार चेज किया और जेमिमा ने इतने बड़े मैच में जबरदस्त परफॉर्मेंस दी। यह सच में हिम्मत, विश्वास और जुनून का बेहतरीन प्रदर्शन था। बहुत बढ़िया टीम इंडिया।
- **अभी ये खत्म नहीं हुआ- गंभीर** - भारत की मेंस टीम के हेड कोच गौतम गंभीर ने सोशल मीडिया पर पोस्ट के जरिए भारतीय टीम को बधाई दी। गंभीर ने लिखा, जब तक ये खत्म नहीं हो जाता, तब तक ये खत्म नहीं होता। क्या शानदार खेला आप सभी ने।

### रोहित शर्मा ने भी की तारीफ

भारत के स्टार बैटर और पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने सेमीफाइनल खत्म होने के तुरंत बाद ही इंस्टाग्राम पर जेमिमा रॉड्रिग्ज और अमनजोत कौर के सेलिब्रेशन की फोटो शेयर की और लिखा, शाबाश टीम इंडिया।

### मिताली राज ने लिखा इमोशनल पोस्ट

भारत की विमेंस क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान मिताली राज ने लिखा, ऐसी ही रातें बताती हैं कि आप इस खेल को क्यों खेलते हैं। जीत के लिए विश्वास, जज्बा और भूख, ये तीनों चीज आज रात एक साथ देखने को मिलीं। टीम इंडिया को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इस टॉप-क्लास परफॉर्मेंस के लिए और वर्ल्ड कप फाइनल में जगह बनाने के लिए बधाई।

### लड़कियों का कमाल का काम- गांगुली

सौरव गांगुली ने जीत के बाद कहा, लड़कियों का कमाल का काम। पिछले 5 सालों में वे कितनी अच्छी बन गई हैं। एक और बाकी है। बस शानदार।

### आनंद महिंद्रा का शानदार पोस्ट

आनंद महिंद्रा ने एक्स पोस्ट में लिखा, भारतीय महिलाओं ने वर्ल्ड कप सेमीफाइनल में 339 रनों के टारगेट का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया को हरा दिया। यह सिर्फ एक जीत नहीं है, यह एक बदलाव है। आज वह दिन है जब भारत में विमेंस क्रिकेट ने ध्यान आकर्षित करना छोड़ दिया और उस पर कब्जा करना शुरू कर दिया।

# ऋषभ पंत ने अनऑफिशियल टेस्ट से वापसी की

## पहले दिन साउथ अफ्रीका ए- 299/9, तीन प्लेयर्स की फिफ्टी; कोटियान को 4 विकेट

बेंगलुरु (एजेंसी)। बेंगलुरु के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्टेडियम में साउथ अफ्रीका और भारत की ए टीमों के बीच पहला अनऑफिशियल टेस्ट खेला जा रहा है। ऋषभ पंत इस मुकाबले से वापसी कर रहे हैं। पहले दिन स्टंप्स तक साउथ अफ्रीका ने 9 विकेट खोकर 299 रन बना लिए। मेहमान टीम से जॉर्डन हरमन, जुबैर हम्जा और रुबिन हरमन ने फिफ्टी लगाई। भारत के लिए ऑफ स्पिनर तनुष कोटियान ने 4 विकेट लिए। दूसरे दिन का खेल शुक्रवार सुबह 9.30 बजे से शुरू होगा।

**इंग्लैंड के खिलाफ इंजर्ड हुए थे पंत** - ऋषभ पंत इसी साल इंग्लैंड के खिलाफ जुलाई में टेस्ट सीरीज के चौथे मुकाबले में बैटिंग के दौरान इंजर्ड हो गए थे। पहली पारी में क्रिस वोक्स की बॉल पंत के पैर पर लगी थी। जिसके बाद उन्हें रिटायर्ड हर्ट होना पड़ा था। हालांकि, वे फिर बैटिंग करने लौटे और फिफ्टी लगाकर भारत को 350 के पार पहुंचाया था।

बैटिंग के बाद पंत की जांच हुई। इसमें उनके पैर में फ्रैक्चर सामने आया, जिस कारण वे सीरीज का आखिरी टेस्ट और भारत के बाकी मुकाबले नहीं खेल सके। उनकी जगह ध्रुव जुरेल ने विकेटकीपिंग की थी। पंत ने अब 3 महीने बाद साउथ अफ्रीका के खिलाफ अनऑफिशियल टेस्ट से वापसी की।

# पिथौरागढ़ की बेटी बनी एशियन बॉक्सिंग चैंपियन

## चीन को हराकर जीता गोल्ड; बड़ी बहन भी इंटरनेशनल लेवल पर जीत चुकीं कई मेडल

पिथौरागढ़ (एजेंसी)। पिथौरागढ़ की बेटी खुशी चंद ने एशियन बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में देश के लिए स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। बहरीन के मनामा में 23 से 30 अक्टूबर तक हुई तीसरी एशियाई युवा खेल प्रतियोगिता में खुशी ने अंडर-17 बालिका वर्ग के 44-46 किलोग्राम भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन किया। फाइनल मुकाबले में खुशी ने चीन की बॉक्सर लूओ जिन्शियु को मात दी। इससे पहले उन्होंने जॉर्डन, सऊदी अरब और मंगोलिया की खिलाड़ियों को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। इस जीत के बाद पिथौरागढ़ में रह रहा उनका परिवार खुश है, और खुशी के पिता खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।

# भारत दूसरा टी-20 मैच 4 विकेट से हरा

- ऑस्ट्रेलिया ने 126 रन का टारगेट 13.2 ओवर में चेज किया, काम न आई अभिषेक शर्मा की पारी

मेलबर्न (एजेंसी)। भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 सीरीज का दूसरा मुकाबला 4 विकेट से हार गई है। मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में शुक्रवार को ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 126 रन का टारगेट 13.2 ओवर में 6 विकेट पर चेज कर लिया। टॉस हारकर बैटिंग कर रही भारतीय टीम की शुरुआत खराब रही। शुभमन गिल (5 रन), संजू सैमसन (2 रन), तिलक वर्मा (जीरो) और सूर्यकुमार यादव (एक रन) बनाकर आउट हुए। अभिषेक शर्मा ने हर्षित राणा के साथ अर्धशतकीय साझेदारी करके भारत का स्कोर 100 पार पहुंचा दिया। अभिषेक ने 37 बॉल पर 68 रन बनाए। उनके आउट होते ही टीम इंडिया 18.4 ओवर में 125 रन पर ऑलआउट हो गई। 9 बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सके। ऑस्ट्रेलिया से जोश हेजलवुड ने 3 विकेट झटके। जेवियर बार्टलेट और नाथन एलिस को 2-2 विकेट मिले। एक विकेट स्टोयनिस को मिला। 2 बैटर्स रनआउट हुए।

### दोनों टीमों की प्लेइंग-इलेवन

**भारत**- सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल, तिलक वर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), शिवम दुबे, अक्षर पटेल, हर्षित राणा, कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुमराह।

**ऑस्ट्रेलिया**- मिचेल मार्श (कप्तान), ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस (विकेटकीपर), टिम डेविड, मिचेल ओवेन, मैथ्यू शॉर्ट, मार्कस स्टोयनिस, जेवियर बार्टलेट, नाथन एलिस, मैथ्यू कुह्नेमन, जोश हेजलवुड।

# एसीसी राइजिंग स्टार्स टूर्नामेंट 14 नवंबर से शुरू

- भारत-पाकिस्तान एक ही ग्रुप में, 16 नवंबर को होगा मुकाबला

नईदिल्ली (एजेंसी)। एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) एशिया कप राइजिंग स्टार्स टूर्नामेंट की शुरुआत 14 नवंबर से होगी। टूर्नामेंट का महामुकाबला यानी भारत-पाकिस्तान मैच 16 नवंबर को खेला जाएगा। सभी मुकाबले कतर के दोहा शहर में होंगे। एसीसी ने शुक्रवार को टूर्नामेंट के शेड्यूल का ऐलान किया। इसमें आठ टीमों को दो ग्रुप में बांटा गया है। ग्रुप-ए में अफगानिस्तान, बांग्लादेश, हॉन्ग कॉन्ग और श्रीलंका हैं, जबकि ग्रुप-बी में भारत, ओमान, पाकिस्तान और यूएई हैं।

### टी-20 फॉर्मेट में ही खेला जाएगा

यह टूर्नामेंट जिसे पहले एसीसी इमर्जिंग टीम्स एशिया कप के नाम से जाना जाता था, टी-20 फॉर्मेट में खेला जाएगा। इसमें अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भारत, पाकिस्तान और श्रीलंका की 'ए' टीमें हिस्सा लेंगी। तीन एसोसिएट टीमें, हॉन्ग कॉन्ग, ओमान और यूएईअपनी मेन टीमें मैदान में उतारेंगी। 14 नवंबर से 19 नवंबर तक हर दिन दो मैच खेले जाएंगे, जिसके बाद 21 नवंबर को सेमीफाइनल और 23 नवंबर को फाइनल खेला जाएगा।

### एशिया कप के बाद पहली बार होगा भारत-पाक का सामना

भारत और पाकिस्तान का एशिया कप 2025 के बाद पहली बार सामना होगा। एशिया कप में दोनों टीमों के बीच काफी विवाद देखने को मिले था। टीम इंडिया ने एशियन क्रिकेट काउंसिल चीफ मोहसिन नकवी से ट्रॉफी न लेने का फैसला किया था। नकवी पाकिस्तान के गृह मंत्री हैं और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के चेयरमैन भी हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### बहू घर में रह सकती है लेकिन मालिकाना हक नहीं.. दिल्ली हाई कोर्ट का बड़ा फैसला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को एक ऐसा फैसला सुनाया जो परिवार के झगड़ों में बुजुर्ग माता-पिता की शांति को सबसे ऊपर रखता है। कोर्ट ने कहा कि बुजुर्गों को अपने घर में शांति और गरिमा से रहने का पूरा अधिकार है। पारिवारिक विवाद में भी यह हक कोई नहीं छीन सकता। कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के आदेश को बरकरार रखा। इसमें बहू को सास-ससुर के स्व-अर्जित घर से बाहर निकालने का निर्देश था। कोर्ट ने घरेलू हिंसा से महिलाओं की रक्षा कानून के तहत बहू के रहने के अधिकार को माना, लेकिन जोर देकर कहा कि यह सिर्फ कब्जे का हक है, मालिकाना हक नहीं। जजों की बेंच ने टिप्पणी की, कानून को ऐसा चलना चाहिए कि सुरक्षा भी बनी रहे और शांति भी। अदालत ने दोनों पक्षों के हक को संतुलित करने पर जोर दिया गया। विवादित संपत्ति एक ही मकान थी। इसमें सीढ़ियां और रसोई साझा थे। कोर्ट ने कहा कि ऐसे में अलग रहना व्यावहारिक नहीं है। बुजुर्ग दंपति ने बहू के लिए वैकल्पिक घर का प्रस्ताव दिया। इसमें 65,000 रुपये मासिक किराया, मेंटेनेंस, बिजली-पानी बिल और सिक्योरिटी डिपॉजिट शामिल थे। सब खर्च वे खुद वहन करेंगे। कोर्ट ने अपील खारिज करते हुए कहा, हक टकराने पर नाजुक संतुलन जरूरी है। किसी की गरिमा या सुरक्षा प्रभावित न हो। महिलाओं को बेघर होने से बचाता है। लेकिन बुजुर्गों को जीवन के अंतिम वर्ष शांतिपूर्वक बिताने का हक भी मजबूत है। कोर्ट ने निर्देश दिया कि चार हफ्तों में बहू के लिए दो कमरों वाला फ्लैट ढूंढा जाए। इलाका पुराने घर जैसा हो। उसके दो हफ्ते बाद बहू को विवादित घर खाली करना होगा।

### दिल्ली के क्लब में भिड़ गए दो गुट, सगाई में जमकर हुई हाथापाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के चाणक्यपुरी के एक पॉश क्लब में रिंग सेरेमनी पार्टी के बीच अचानक बवाल हो गया, जहां दो ग्रुप्स आपस में भिड़ गए। देखते ही देखते ये तकरार हिंसक हो गई। मामला पुलिस तक पहुंच गया। पुलिस ने तुरंत एफआईआर दर्ज कर ली है। क्या था पूरा माजरा? आइए समझते हैं। जानकारी के अनुसार 29 अक्टूबर की है। 38 साल के मोहित लांबा अपने दोस्त विजयंत के साथ क्लब में पहुंचे थे। क्लब में विजयंत के भाई की रिंग सेरेमनी थी। म्यूजिक बज रहा था, लोग नाच-गाना कर रहे थे, लेकिन पास वाली टेबल पर बैठा एक ग्रुप बार-बार घूरने लगा। अचानक मोहित वॉशरूम गए, तो काले शर्ट वाला एक शख्स पीछे-पीछे आ धमका। अंदर घुसते ही गालियों की बौछार कर दी। ये देखकर मोहित ने दोस्त विजयंत को बुलाया।

### फाजिलपुरिया पर फायरिंग मामले में नया खुलासा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हरियाणवी सिंगर और रैपर राहुल यादव उर्फ फाजिलपुरिया पर हुए जानलेवा हमले के मामले में एक चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। फायरिंग मामले में गैंगस्टर दीपक नादंल के साथ-साथ जेम्स नामक म्यूजिक कंपनी के मालिक राव इंद्रजीत सिंह को भी मुख्य आरोपी बनाया गया है। पुलिस की जांच में सामने आया है कि ये दोनों ही हाई-प्रोफाइल आरोपी इस समय देश से बाहर (विदेश) में बैठकर अपने गिरोह का संचालन कर रहे थे, जिससे मामले की पेचीदगी काफी बढ़ गई है। यह अहम खुलासा हाल ही में गिरफ्तार किए गए गिरोह के सदस्य गैंगस्टर सुनील सरधानिया की पुलिस रिमांड के दौरान हुआ है। सुनील ने जांच अधिकारियों को गैंगस्टर दीपक नादंल के बारे में भी बताया है। पुलिस की पूछताछ में सामने आया है कि दीपक नादंल लंदन से गैंग को ऑपरेट कर रहा है, हालांकि गुरुग्राम पुलिस की तरफ से इसकी कोई पुष्टि नहीं की गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, जुलाई महीने में फाजिलपुरिया को निशाना बनाकर की गई ।

# दिल्ली में हवा पर हाहाकार

## प्रदूषण-कोहरे का डबल प्रहार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के लोग प्रदूषण और कोहरे का दोहरा प्रहार झेल रहे। वायुमंडल में धुएं और धुंध की परत छाई है। हवा दमघोंटू श्रेणी में पहुंच गई है। दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) गुरुवार को 373 अंक रहा। इससे पहले इस वर्ष जनवरी महीने में इस स्तर का प्रदूषण था।

दिल्ली वालों के लिए अक्तूबर की शुरुआत साफ हवा के साथ हुई थी। लेकिन 14 अक्टूबर के बाद से प्रदूषण का स्तर लगातार बढ़ता जा रहा है। इस दौरान वायु गुणवत्ता सूचकांक खराब या बेहद खराब श्रेणी में रहा है। इस बीच एक भी दिन ऐसा नहीं रहा जब वायु गुणवत्ता का स्तर 200 से नीचे आया हो। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक, गुरुवार को दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 373 यानी बेहद खराब श्रेणी में रहा। एक दिन पहले बुधवार को यह सूचकांक 279 के अंक पर रहा था। यानी सिर्फ चौबीस घंटे के भीतर ही वायु गुणवत्ता सूचकांक में 94 अंकों की बढ़ोतरी हुई। अगले पांच-छह दिनों के दौरान दिल्ली के लोगों को प्रदूषित हवा से राहत मिलने के आसार नहीं हैं।

गले में खराश और आंखों में जलन

= प्रदूषण के चलते लोगों को नाक, गले में खराश, आंखों में जलन, आंखों से पानी आना, खांसी, छींक, सांस लेने में दिक्कत जैसी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दिन भर सड़क के किनारे रहने वालों और दोपहिया वाहन चालकों को इस परेशानी का ज्यादा सामना करना पड़ता है।

गंभीर श्रेणी में आठ इलाकों की हवा = दिल्ली के ज्यादातर इलाकों का सूचकांक 300 अंक से ऊपर है, जबकि आठ इलाके ऐसे भी हैं, जहां का एक्यूआई 400 के अंक से ऊपर यानी गंभीर श्रेणी में है। इनमें आनंद विहार, अशोक विहार, रोहिणी, विवेक विहार जैसे कई इलाके शामिल हैं। सीपीसीबी के आंकड़े बताते हैं कि यह इस सीजन में प्रदूषण का सबसे खराब स्तर है। इससे पहले दीपावली के दो दिन बाद 22 अक्टूबर को सूचकांक 353 के अंक पर रहा था। इस वर्ष अगर खराब हवा के आंकड़ों की बात करें तो 13 जनवरी को सूचकांक 386 के स्तर पर रहा था। यानी 13 जनवरी के बाद यह प्रदूषण का सबसे खराब स्तर है।

मानकों के मुताबिक, हवा में पीएम-10 का स्तर 100 और पीएम-2.5 का स्तर 60 से नीचे होने पर ही उसे स्वास्थ्यकारी माना जाता है। लेकिन गुरुवार की दोपहर दो बजे दिल्ली-एनसीआर की हवा में पीएम-10 का स्तर 320 और पीएम-2.5 का स्तर 194 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर पर रहा। यानी दिल्ली-एनसीआर की हवा में इस समय मानकों से तीन गुना ज्यादा प्रदूषण मौजूद है।

वायु गुणवत्ता पूर्व चेतावनी प्रणाली का अनुमान है कि प्रदूषित हवा से अगले छह दिनों के दौरान लोगों को राहत मिलने की संभावना नहीं है। दिल्ली में अभी किसी बड़ी मौसमी घटना के अभाव में हवा की रफ्तार आमतौर पर दस किलोमीटर से नीचे ही रहने की संभावना है। बीच-बीच में हवा की गति में हल्का इजाफा होगा, तब प्रदूषक कणों का बिखराव थोड़ा तेज होगा। लेकिन, कुल मिलाकर वायु गुणवत्ता का स्तर बेहद खराब श्रेणी में ही रहने का अनुमान है। दिल्ली के प्रदूषण में पराली के धुएं की हिस्सेदारी ढाई प्रतिशत है। मंगलवार को पहली बार पराली की हिस्सेदारी पांच प्रतिशत से ऊपर पहुंची थी। बुधवार को यह हिस्सेदारी 2.57 फीसदी के लगभग रही है। आगे इसमें बढ़ोतरी हो सकती है। राजधानी दिल्ली में गुरुवार को दिनभर बादल छाए रहे। धुंध और स्मॉग की भी एक परत छाई हुई है।

# दिल्ली में साइबर ठगों की अब खैर नहीं !

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस ने साइबर ठगों पर नकेल कसने के लिए एक सुपरफास्ट सिस्टम लॉन्च कर दिया है। अब अगर कोई आपकी जेब से एक लाख या उससे ज्यादा की ऑनलाइन ठगी कर ले, तो शिकायत करते ही ऑटोमैटिक ई-एफआईआर दर्ज हो जाएगी। ये नया तरीका राजधानी में साइबर क्राइम की शिकायतों को एफआईआर में बदलने की रफ्तार बढ़ा देगा।

पहले महीने में सिर्फ 70-80 साइबर फ्रॉड केस ही एफआईआर बन पाते थे, लेकिन अब ये आंकड़ा सीधे 700 तक पहुंचने की उम्मीद है। मई में केंद्र सरकार ने कहा था कि 10 लाख रुपये से ज्यादा की ठगी पर 1930 हेल्पलाइन से शिकायत आने पर दिल्ली में जीरो-एफआईआर दर्ज होगी। लेकिन छोटे-मोटे केस (10 लाख रुपये से कम) अटके रहते थे।

क्राइम ब्रांच के स्पेशल कमिश्नर देवेश चंद्र श्रीवास्तव ने कहा, एक लाख रुपये से ज्यादा ठगे गए पीड़ित 1930 डायल करें या किसी थाने पहुंचें। पोर्टल पर शिकायत दर्ज होते ही ई-एफआईआर बन जाएगी। फिर ये दिल्ली के 15 साइबर पुलिस स्टेशन, क्राइम ब्रांच या ढ्ढस्रूस्ह तक पहुंचेगी।

आईएफएसओ के जॉइंट सीपी रजनीश गुप्ता ने बताया, हर दिन 300 शिकायतें आती हैं, 1930 पर 3000 कॉल्स आते हैं। लेकिन अभी सिर्फ 2ढ्ढ ही एफआईआर बनती थीं। अब एक लाख रुपये से ऊपर की ठगी पर ऑटो ई-एफआईआर और छोटे केस भी ष्टस्रष्टस्रक्रूरू पोर्टल पर दर्ज होंगे।

### असल में कितना बड़ा है साइबर खतरा?

बता दें कि एनसीआरबी की रिपोर्ट के अनुसार, 2023 में दिल्ली में सिर्फ 407 साइबर केस दर्ज हुए वहीं 2022 में 685। लेकिन असल में साइबर फ्रॉड के मामले इनसे कहीं ज्यादा होते हैं।

# दिल्ली मेट्रो की रेड लाइन पर सेवाएं हुई ठप्प, डेढ़ घंटे स्टेशन पर खड़ी रही ट्रेन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली मेट्रो की रेड लाइन की सेवाएं शुक्रवार को अचानक ठप हो गईं। रेड लाइन पर सिग्नल में खराबी आने से सुबह व्यस्त समय में मेट्रो का परिचालन करीब डेढ़ घंटे तक प्रभावित रहा। इससे यात्रियों को सफर में काफी परेशानी हुई। दिल्ली मेट्रो रेल निगम ने सुबह 9:40 बजे सिग्नल की खराबी दूर कर सेवा सामान्य कर दी। रेड लाइन पर पीतमपुरा से वेलकम स्टेशन के बीच सिग्नल में खराबी आ गई। इससे मेट्रो ट्रेनों का कंट्रोल रूम से संपर्क कट गया। नतीजतन, मेट्रो ट्रेनों की गति कम हो गई। यात्रियों ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर मेट्रो में विलंब की शिकायत की। यात्रियों की भीड़ बढ़ने से कई स्टेशनों के गेट बंद कर दिए गए। कुणाल टंडन नामक एक यात्री ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि रोहिणी पश्चिम स्टेशन पर आधे घंटे से मेट्रो नहीं आई। स्टेशन पर यात्रियों की भीड़ नजर आई। राज श्रीवास्तव नामक एक अन्य

व्यक्ति ने पोस्ट कर कहा कि मेजर मोहित शर्मा मेट्रो स्टेशन के गेट बंद कर दिए गए हैं। मेट्रो कर्मचारियों का कहना है कि अभी मेट्रो सेवा प्रभावित है। मेट्रो का परिचालन कब तक सामान्य होगा, यह उन्हें नहीं पता। इस वजह से परिवहन के अन्य साधनों का विकल्प देख लें। एक अन्य व्यक्ति ने अपने पोस्ट में कहा कि शाहदरा मेट्रो स्टेशन के गेट भी बंद कर दिए गए। रेड लाइन पर गाजियाबाद के स्टेशनों पर लगे यात्री सूचना डिस्प्ले बोर्ड पर रिठाला के लिए ट्रेनों की प्रतीक्षा समय 61 मिनट से 69 मिनट तक प्रदर्शित हो रही थी।

# अब मानसून में लुटियंस दिल्ली नहीं होगी पानी-पानी

### एनडीएमसी ने बनाया ये खास प्लान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लुटियंस दिल्ली के गॉल्फ लिंक्स और खान मार्केट इलाके में हर मानसून पानी भर जाता है। अब न्यू दिल्ली म्युनिसिपल कार्उंसिल ने इस समस्या का स्थायी हल निकालने का फैसला किया है। खान मार्केट के पास क्रूपॉइंट पर ट्रंक सीवर लाइन को पुरानी ईंट वाली स्टॉर्म वॉटर ड्रेन से अलग किया जाएगा। साथ ही जर्जर सीवर लाइनों की मरम्मत होगी।

एक वरिष्ठ एनडीएमसी अधिकारी ने बताया कि प्रोजेक्ट की बोली लग चुकी है और लागत करीब 3.47 करोड़ रुपये आएगी। एजेंसी तय होते ही काम शुरू हो जाएगा और चार महीने में पूरा हो जाएगा। अगले मानसून से पहले स्टॉर्म वॉटर ड्रेन नेटवर्क को मजबूत करने के लिए कई प्रोजेक्ट चलाए जाएंगे। प्रोजेक्ट में पुरानी लाइनों का सीसीटीवी

सर्वे होगा। मैनुअल तरीके से पाइप जैकिंग, डिसिल्टिंग और ब्लॉकेज हटाया जाएगा। जंग रोधी एपॉक्सी कोटेड माइल्ड स्टील पाइप लगाए जाएंगे। 1675 से 2100 मिलीमीटर व्यास वाली लाइनों की पूरी सफाई होगी ।

क्रूपॉइंट पृथ्वीराज रोड, अब्दुल कलाम रोड, मोतीलाल नेहरू मार्ग, शाहजहां रोड और मान सिंह रोड का चौराहा है। यहां से भारी बारिश में 1060 से 1235 क्यूसेक पानी निकलता है। एनडीएमसी क्षेत्र में 578 किलोमीटर कवर्ड ड्रेन, 11,907 मैनहोल और 14,264 बेल माउथ हैं। लंबे प्लान में 1597 करोड़ रुपये की रिहैबिलिटेशन योजनाएं हैं।

एनडीएमसी के 42.7 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में 350 किलोमीटर सीवर लाइनें हैं। ज्यादातर 70 साल से पुरानी हैं। आशोका रोड, विंडसर प्लेस, इंडिया गेट और मंडी हाउस जैसी जगहों पर मानसून में सड़कें धंस जाती हैं। वजह सीवर गैस से लाइनों की बाहरी परत का क्षरण है।

एनडीएमसी ने कंसल्टेंसी के आधार पर फेजवाइज काम शुरू किया है। पहली फेज में 30 किलोमीटर और दूसरी में 10 किलोमीटर लाइन ठीक हो चुकी है। अगले पांच साल में बड़े पैमाने पर अपग्रेड होगा। प्रोजेक्ट पूरा होने पर गॉल्फ लिंक्स, पंडारा पार्क और लोढ़ी एस्टेट में जल-जमाव का खतरा काफी कम हो जाएगा। स्टॉर्म वॉटर तेजी से निकलेगा और सार्वजनिक स्वच्छता सुधरेगी। एनडीएमसी का कहना है कि यह दिल्ली के हेरिटेज अंडरग्राउंड नेटवर्क को बचाते हुए आधुनिकीकरण की दिशा में बड़ा कदम है।

## ट्रंप में 40 साल छोटे व्यक्ति से भी ज्यादा एनर्जी

# जेडी वेंस ने की अमेरिकी राष्ट्रपति की तारीफ

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप अपने बयानों को लेकर लगातार चर्चा में रहते हैं। जिसमें में वे अक्सर खुद की ही तारीफ रहते हैं। इस बीच अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने उनकी जमकर प्रशंसा की है। जेडी वेंस ने ट्रंप की नींद की आदतों के बारे में बताया और स्वीकार किया कि उनमें अविश्वसनीय ऊर्जा है और वह 40 साल छोटे किसी भी व्यक्ति से अधिक है। दरअसल, अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस एक पॉडकास्ट में बोलते हुए ट्रंप के साथ की गई अपनी अंतर्राष्ट्रीय यात्राओं का जिक्र किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आप ट्रंप के साथ इन 23 घंटों की अंतर्राष्ट्रीय यात्राओं में से किसी एक पर जाएं। अगर आप भाग्यशाली हैं, तो वह दो

घंटे सोएंगे। यदि आप बदकिस्मत हैं, तो वह एयर फ़ोर्स वन में घूम रहे होंगे, और आपको परेशान कर रहे होंगे क्योंकि आप सो गए हैं। जेडी वेंस ने कहा कि यह किंवदंती कि राष्ट्रपति ट्रंप कभी नहीं सोते, 100 प्रतिशत सच है। उनके साथ यात्रा के दौरान जो भी नींद लेने की हिम्मत करता है, उसे एक क्लासिक कम ऊर्जा वाले प्रहार से भून देते हैं। वे आधी रात को गपशप करने के लिए अधमरे प्रेस वालों को भी बिस्तर से खींचकर ले जाएंगे। ये हैं मेरे राष्ट्रपति, अब तक के सबसे मेहनती ट्रोल राष्ट्रपति।

**ट्रंप में अविश्वसनीय ऊर्जा है...:** जेडी वेंस ने 79 वर्षीय ट्रंप की प्रशंसा करते हुए कहा, वे इस कार्यकाल के लिए चार साल के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति हैं और वे जितना संभव हो सके उतना काम करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, लेकिन वे वास्तव में कम सोते हैं और फिर भी उनमें उन लोगों की तुलना में अधिक ऊर्जा है जिन्हें मैं जानता हूं जो उनसे 40 साल छोटे हैं और यही है, मेरा मतलब है, आप लोगों को इसके बारे में बात करते हुए सुनते हैं। आपको आश्चर्य होता है कि यह कितना सच है। मेरा विश्वास करो, मैंने इसे अंदर से देखा है। उनमें अविश्वसनीय ऊर्जा है।

उल्लेखनीय है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप कम सोने को लेकर अक्सर चर्चा में रहते हैं। जैसा कि राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड ने कहा है, अमेरिकी राष्ट्रपति बिल्कुल अथक हैं और वे बहुत कम नींद लेकर काम चला लेते हैं। सीएनएन की मुख्य व्हाइट हाउस संवाददाता कैटलन कॉलिन्स के अनुसार, ट्रंप रात में सोते नहीं हैं और रात में लोगों से बात करने के लिए फोन करते हैं। अटॉर्नी जनरल पाम बोंडी ने भी कहा कि मुझे नहीं पता कि वह यह कैसे करते हैं।

# ट्रंप प्रशासन ने अश्वेतों के आंदोलन पर तेज की जांच

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका का न्याय विभाग जांच कर रहा है कि क्या ब्लैक लाइव्स मैटर आंदोलन के नेता 2020 में प्रदर्शन के दौरान दान देने वालों से मिले करोड़ों डॉलर का गलत इस्तेमाल कर सकते हैं। आंदोलन से परिचित कई लोगों ने यह जानकारी दी। पिछले कुछ हफ्तों में संघीय कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने ब्लैक लाइव्स मैटर ग्लोबल नेटवर्क फाउंडेशन और अन्य ब्लैक-नेतृत्व वाली संस्थाओं के खिलाफ कानूनी नोटिस और एक तलाशी वारंट जारी किया। ये संगठन 2020 में नस्लीय अन्याय के खिलाफ राष्ट्रीय आंदोलन में शामिल थे। यह स्पष्ट नहीं है कि इस जांच का परिणाम आपराधिक मामला बनकर सामने आएगा या नहीं, लेकिन इसकी वजह से आंदोलन पर फिर से लोगों का ध्यान में आ गया है। यह जांच ऐसे समय में हो रही है, जब हाल ही में नागरिक अधिकार समूहों ने चिंता जताई है कि ट्रंप प्रशासन उन प्रगतिशील और वामपंथी समूहों को निशाना बना सकता है, जो उसकी आलोचना करते हैं। इनमें ब्लैक लाइव्स मैटर, ट्रांसजेंडर अधिकार आंदोलन और आईसीई विरोधी प्रदर्शनकारी शामिल हैं। न्याय विभाग के प्रवक्ताओं ने गुरुवार को इस पर कोई टिप्पणी नहीं की। एक सूत्र ने बताया कि यह जांच बाइडन प्रशासन के दौरान शुरू हुई थी, लेकिन अब ट्रंप प्रशासन में इसे नए सिरे से शुरू किया जा रहा है। दूसरे सूत्र ने पुष्टि की कि बाइडन प्रशासन के समय भी आरोपों की समीक्षा की गई थी।

# टिकटॉक डील को चीन की मंजूरी, अमेरिका संग समझौते से खुला रास्ता

**वाशिंगटन, बीजिंग, एजेंसी।** टिकटॉक विवाद को लेकर चीन और अमेरिका के बीच एक बार फिर नई उम्मीद जगी है। गुरुवार को बुसान में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात के बाद दोनों देशों ने कई अहम मुद्दों पर प्रगति दिखाई, हालांकि, चीन ने शॉर्ट वीडियो एप टिकटॉक के हस्तांतरण समझौते को मंजूरी दे दी है। अमेरिकी ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेंट ने उम्मीद जताई कि यह डील आने वाले हफ्तों में आगे बढ़ेगी, जिससे मामले का समाधान होगा। यह डील टिकटॉक के अमेरिकी ऑपरेशंस को अमेरिका और वैश्विक निवेशकों के एक समूह को बेचने से संबंधित है।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस बिक्री योजना को राष्ट्रीय सुरक्षा की आवश्यकताओं को पूरा करने वाला घोषित किया था, जिसमें एल्गोरिदम को अमेरिकी कंपनी की ओर से मॉनिटर किए जाने की बात कही गई है। इस नई इकाई में चीनी मूल की कंपनी बाइटडांस के पास 20ढ्ढ से कम हिस्सेदारी होगी। वह सात बोर्ड सदस्यों में से एक को नामित कर पाएगी।

**चीन की क्या है रणनीति?:** मुलाकात के बाद चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा चीन टिकटॉक से जुड़े मुद्दों को अमेरिका के साथ मिलकर उचित तरीके से हल करेगा। हालांकि, मंत्रालय ने यह स्पष्ट नहीं किया कि टिकटॉक की अमेरिकी इकाई के भविष्य पर क्या फैसला लिया गया है। अमेरिकी ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेंट ने हाल ही में कहा था कि दोनों देश टिकटॉक के स्वामित्व को लेकर एक निर्णायक डील के करीब हैं। ट्रंप प्रशासन लंबे समय से यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहा है कि टिकटॉक का अमेरिकी संचालन अमेरिकी निवेशकों के नियंत्रण में जाए ताकि राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े खतरे कम हों। अमेरिकी कांग्रेस पहले ही एक कानून पारित कर चुकी है, जिसके तहत

टिकटॉक को अमेरिका में बैन किया जा सकता है अगर उसने अपनी मालिकाना हिस्सेदारी चीनी कंपनी बाइटडांस से अलग नहीं की। ट्रंप ने राष्ट्रपति बनने के बाद टिकटॉक पर बैन लगाने की प्रक्रिया रोक दी थी, ताकि एक ऐसा समाधान निकाला जा सके जो ऐप को अमेरिका में जारी रखने के साथ-साथ डेटा सुरक्षा के मानकों पर खरा उतरे।

टिकटॉक की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। प्यू रिसर्च सेंटर की एक रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका में 30 वर्ष से कम आयु के 43ढ्ढ वयस्क टिकटॉक से नियमित रूप से खबरें प्राप्त करते हैं, जो किसी भी अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की तुलना में अधिक है। हालांकि, अमेरिका में टिकटॉक पर बैन को लेकर राय बंटी हुई है। सर्वेक्षणों में करीब एक-तिहाई अमेरिकियों ने ऐप पर प्रतिबंध का समर्थन किया है, जबकि उतने ही लोग इसके खिलाफ हैं।

फिलहाल, दोनों देशों के बीच बातचीत का नया दौर टिकटॉक के भविष्य को लेकर उम्मीद जगाता है। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर यह डील तय हो जाती है, तो यह चीन-अमेरिका के बीच टेक्नोलॉजी युद्ध को ठंडा करने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित हो सकता है।

### डेटा और एल्गोरिदम नियंत्रण असली मुद्दा

टिकटॉक विवाद के पीछे असली मुद्दा डेटा और एल्गोरिदम नियंत्रण का है। चीन का कहना है कि टिकटॉक का अनुशंसा एल्गोरिदम चीन के कानून के तहत उसके नियंत्रण में रहेगा। वहीं अमेरिका की मांग है कि ऐप को पूरी तरह अमेरिकी स्वामित्व में आना चाहिए ताकि डेटा लीक या जासूसी की कोई गुंजाइश न रहे। विश्लेषक बॉनी ग्लेसर, जो जर्मन मार्शल फंड की इंडो-पैसिफिक प्रोग्राम निदेशक हैं, का कहना है कि यह मामला राष्ट्रपति शी जिनपिंग के लिए बहुत बड़ा मुद्दा नहीं है, लेकिन वह ट्रंप को इस समझौते का श्रेय लेने देने में कोई हर्ज नहीं मानते। उन्होंने कहा सवाल यह है कि क्या यह डील अमेरिकी कानून के अनुरूप है और क्या इससे अमेरिकी नागरिकों के डेटा की सुरक्षा सुनिश्चित होगी।

# सरदार वल्लभ भाई पटेल की याद में दौड़ा बोकारो

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोकारो।** सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर शुक्रवार को बोकारो जिले में राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में रन फॉर यूनिटी का भव्य आयोजन किया गया। यह दौड़ गरगा पुल स्थित सरदार पटेल की प्रतिमा स्थल से आरंभ होकर बोकारो परिसदन तक संपन्न हुई। इस अवसर पर डीसी अजय नाथ झा, एसपी हरविंदर सिंह, विभिन्न वरीय प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी, स्वयंसेवी संगठन और आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।

कार्यक्रम की शुरूआत गरगा पुल चास, लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा स्थल के समीप तस्वीर पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर नमन से हुई। इसके बाद प्रतिभागियों ने एकता और अखंडता की शपथ ली। डीसी ने उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए कहा कि हम भले ही अलग-अलग प्रांतों से आते हैं, हमारी भाषा अलग-अलग है और हम विचार अलग रखते हैं, लेकिन जब राष्ट्र की बात होती है, तो हम सब अखंड हैं - एक हैं। सरदार वल्लभभाई पटेल ने जिस दूर दृष्टि से देश को एक सूत्र में पिरोया, वह हम सबके लिए प्रेरणा का स्रोत है। हमें उनके आदर्शों को अपनाना चाहिए और एकता व अखंडता को बनाए रखना चाहिए।

मौके पर एसपी हरविंदर सिंह ने कहा कि, सरदार पटेल ने देश को एकजुट करने का जो कार्य किया, वह ऐतिहासिक है। उन्होंने हमें सिखाया कि एकता के माध्यम से ही प्रगति संभव है। इसी भावना को सशक्त करने के लिए रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया है, ताकि हम सभी एकजुट होकर देश की प्रगति में अपना-अपना योगदान दें।

कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में युवाओं, नागरिकों और अधिकारियों ने जोश और उत्साह के साथ दौड़ लगाई। पूरे मार्ग पर एक भारत, श्रेष्ठ भारत और हम सब एक हैं जैसे नारों से माहौल देशभक्ति से ओत-प्रोत हो गया। मौके पर डीपीएलआर मेनका, एसी मो. मुमताज अंसारी, एसडीओ चास प्रांजल ढ़ांडा,एनडीसी प्रभाष दत्ता, डीपीआरओ रवि कुमार, मुख्यालय डीएसपी अनिमेष गुप्ता,सिटी डीएसपी आलोक रंजन, जिला खेल पदाधिकारी हेमलता बुन, पंकज दूबे समेत अन्य पदाधिकारी - कर्मी उपस्थित थे।

## जगतजननी माता जगधात्री पूजा की धूम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बोकारो। बोकारो में आज जगतजननी माता जगधात्री पूजा की धूम देखने को मिली। श्रद्धालुओं में मां के प्रति अटूट आस्था और भक्ति का माहौल नजर आया। मां जगधात्री को देवी दुर्गा का ही एक रूप माना जाता है, जो जगत की रक्षा करने वाली और मनुष्यों के कष्टों का निवारण करने वाली देवी हैं। बांग्ला मास के कार्तिक शुक्ल नवमी तिथि पर बंगाली समुदाय विशेष रूप से इस पूजा का आयोजन करता है। इसी क्रम में बोकारो के सेक्टर एक स्थित विवेकानंद मठ में भी माता जगधात्री की भव्य पूजा अर्चना की गई, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े।

मां का यह स्वरूप शांत, कल्याणकारी और जगतजननी के रूप में पूजित है। झारखंड, पश्चिम बंगाल और ओडिशा में यह पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। बोकारो में बंगाली समुदाय पिछले चार वर्षों से माता जगधात्री पूजा का आयोजन कर रहा है।

# जनता दरबार में आमजनों की समस्याओं से अवगत हुए उपायुक्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन द्वारा कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्होंने जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की समस्याओं को सुना एवं अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों का जल्द से जल्द जाँच कराते हुए उचित समाधान कराया जाएगा।

जनता दरबार में गोविंदपुर स्थित बहादुरपुर से आए कंचन कुमार ओझा ने अपनी मां के कैंसर के इलाज हेतु राशन कार्ड में नाम जोड़ने तथा आयुष्मान कार्ड निर्माण कराने का आवेदन उपायुक्त को सौंपा। कोलाकुसमा से आए युगल किशोर सिंह ने पिता के नाम का टाइटल सुधार तथा जाति राजपूत अंतरण से संबंधित आवेदन सौंपा। टुंडी से आए फागु सिंह ने कुबरी टांड मौजा में भूमि का दाखिल खारिज पर रोक लगाने से संबंधित आवेदन दिए। निरसा के विद्यासागर कॉलोनी से आए बसंत बर्मन ने खतियानी जमीन पर हो रहे अवैध कब्जा को हटाने हेतु उपायुक्त को आवेदन सौंपा।

इसके अलावा जमीन विवाद, अपार्टमेंट से संबंधित विवाद, सरकारी जमीन से अवैध कब्जा हटाने, आर्म्स लाइसेंस, आबुआ आवास, मकान आवंटन, बीपीएल कोटा से नामांकन, रैयती जमीन पर अवैध कब्जा, शिक्षा विभाग की जमीन की बाउंड्रीवाल समेत विभिन्न समस्याओं एवं शिकायत से उपायुक्त अवगत हुए। उपायुक्त ने लोगों को पूर्ण भरोसा दिलाया कि आपकी समस्याओं को दूर करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। जिला प्रशासन विधि सम्मत आपकी हर समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेगा।

# लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल को दी श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोकारो।** वर्ष 2014 में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से 31 अक्टूबर को पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई जाती है। जिला अध्यक्ष जयदेव राय के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने गरजा पुल स्थित सरदार बल्लभ भाई पटेल की मूर्ति पर फूल चढ़ाकर भारत के लौह पुरुष को श्रद्धांजलि दी। भाजपा कार्यकताओं द्वारा चेक पोस्ट, चास से प्रतिमा स्थल तक पैदल मार्च निकाला गया। जयदेव राय ने कहा कि देश को अखंड भारत बनाने में इनकी बहुत बड़ी भूमिका रही। कई रियासतों को जोड़ कर इन्होंने भारत को अखंड किया।

यह देश का दुर्भाग्य है कि मौका परस्त राजनीति करने वाले लोगों ने इन्हें प्रधानमंत्री बनने न दिया। आज अगर वे प्रधानमंत्री होते तो न पाकिस्तान होता न बांग्लादेश न चीन जमीन कब्जा कर पाता न देश में कोई विवाद रहता।

मौके पर संजय त्यागी,मुकेश राय, रामलाल सोरेन,बिनोद कुमार,माथुर मंडल, सुभाष सिंह, परिदा सिंह, एंजेला सिंह,राजीव कंठ,वीरभद्र प्रसाद सिंह, अनिल सिंह पन्ना लाल कांदु, धनंजय चौबे ,अमर स्वर्णकार, अरविंद राय,झंटू दे, राजेश घोषाल,संजय कुमार शर्मा, राजू गुप्ता, हराधन झरियात, दिलीप पाल,विनय कुमार,हरिशंकर सिंह, मनोज सिंह,मनोरंजन प्रसाद, अभिनव कुमार, गगन दास,सोनू कुमार करमचंद गोप, रमन कुमार रंजन कुमार राय, अजय कुमार ओझा, रवि कुमार आदि मौजूद रहे।

## मनाया गया राष्ट्रीय एकता दिवस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद मंडल में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक अखिलेश मिश्र द्वारा मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, धनबाद में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम के दौरान मंडल रेल प्रबंधक ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि हम सभी का कर्तव्य है कि राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं आंतरिक सुरक्षा को सशक्त बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करें, अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करें तथा देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ अपना योगदान दें। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक द्वारा रन फॉर यूनिटी को हरी झंडी दिखाकर मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, धनबाद से रेलवे स्टेडियम, धनबाद तक रवाना किया गया। इस अवसर पर मंडल अन्य अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे ।

# सेफ्टी इज द कॉस्ट इफेक्टिव पर बीएसएल करे काम: डीसी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोकारो।** जिला प्रशासन ने बीएसएल की सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर सख्त रुख अपनाया है। लगातार हो रही औद्योगिक घटनाओं के मद्देनजर शुक्रवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में डीसी अजय नाथ झा एवं एसपी हरविंदर सिंह ने बीएसएल प्रबंधन के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। बैठक में वीडियो संवाद के माध्यम से बीएसएल के प्रभारी निदेशक आलोक वर्मा भी शामिल हुए। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की।

बैठक के दौरान डीसी ने जोर देते हुए कहा कि सेफ्टी इज द कॉस्ट इफेक्टिव - बीएसएल करें काम की भावना के साथ कार्य संस्कृति को ढ़ालने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि, बीएसएल है तो सुरक्षा है - इस विश्वास को हर कर्मी के मन में जगाना होगा। सुरक्षा केवल एक विभाग की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे संगठन की प्राथमिकता है।

उन्होंने वह भी निर्देश दिया कि किसी भी स्तर पर कोई भी कर्मी अनसेफ एक्ट नहीं करें। इसके लिए निगरानी तंत्र को मजबूत किया जाए और प्लांट के भीतर सुरक्षा अधिकारी नियमित निरीक्षण करें।

बैठक में यह सुनिश्चित करने को कहा कि प्लांट में उपयोग हो रही सभी मशीनों की मरम्मति कार्य निर्धारित अवधि में पूरी की जाए। किसी भी मशीन का संचालन केवल अतिकुशल कर्मियों द्वारा ही किया जाएगा। डीसी ने कहा कि श्रमिक सुरक्षा हेतु सरकार द्वारा निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का कड़ाई से पालन किया जाए।

डीसी ने बीएसएल प्रबंधन से कहा कि ठेका कर्मियों के साथ समान व्यवहार किया जाए और उन्हें भी स्थायी कर्मियों के समान सुरक्षा सुविधाएं दी जाएं। उन्होंने ठेका कर्मियों के बेहतर उपचार और बीमा योजना के लिए पॉलिसी तैयार करने का निर्देश दिया, ताकि दुर्घटना की स्थिति में उन्हें तत्काल चिकित्सा और आर्थिक सहायता मिल सके।

वीडियो संवाद में बीएसएल के प्रभारी निदेशक आलोक वर्मा ने बताया कि कंपनी आगामी कुछ महीनों में श्रमिकों की सुरक्षा के लिए करोड़ों रुपये खर्च करने जा रही है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा नीतियों में व्यापक सुधार किए जा रहे हैं। सीसीटीवी फुटेज अब कम से कम सात दिनों तक सुरक्षित रखी जा रही है। साथ ही, सेफ्टी किट की खरीद प्रक्रिया प्रगति पर है। जो सेफ्टी किट स्थायी कर्मियों को दिए जाते हैं, वहीं सेफ्टी किट ठेका श्रमिकों को भी उपलब्ध कराया जाएगा।

हाल के दिनों में बीएसएल प्लांट में हुई घटनाओं पर प्रशासन ने गंभीर चिंता व्यक्त की है। डीसी - एसपी ने कहा कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सुरक्षा प्रबंधन में लापरवाही पाए जाने पर जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। द्वय पदाधिकारियों ने कहा कि सुरक्षा से कोई समझौता नहीं होगा।

# सदर अस्पताल के माध्यम से संचालित होगा रेड क्रास का ब्लड सेंटर: उपायुक्त

## सिविल सर्जन करेंगे संपूर्ण मॉनीटरिंग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोकारो।** शुक्रवार को उपायुक्त अजय नाथ झा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में रेड क्रास सोसाइटी, बोकारो की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। मौके पर पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, एसडीओ प्रांजल ढ़ांडा, सिविल सर्जन डा. ए बी प्रसाद, नोडल पदाधिकारी पियूष, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डा. सुमन गुप्ता, जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा, जिला शिक्षा अधीक्षक अतुल कुमार चौबे, प्रभारी पदाधिकारी डा. मैथिली, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, सोसाइटी के चेयरमैन बी डी मिश्रा, सचिव एस एन राय समेत सभी सदस्यगण उपस्थित थे। बैठक में रेड क्रास के ब्लड सेंटर की वर्तमान स्थिति, संचालन व्यवस्था, लाइसेंस प्रक्रिया एवं थैलेसिमिया पीड़ितों को रक्त उपलब्धता जैसे मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। क्रमवार उपायुक्त ने सभी बिंदुओं की अद्यतन जानकारी ली और जरूरी दिशा- निर्देश दिया। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि जब तक रेड क्रास ब्लड सेंटर का लाइसेंस नवीनीकरण और आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण नहीं होती, तब तक इसका संचालन सदर अस्पताल बोकारो के एक्सटेंशन के रूप में किया जाएगा। इस व्यवस्था से ब्लड सेंटर का कार्य सुचारु रूप से चलता रहेगा और आमजन को रक्त आपूर्ति में किसी प्रकार की बाधा नहीं आएगी।

उपायुक्त ने निर्देश दिया कि ब्लड सेंटर की संचालन व्यवस्था, सुरक्षा मानक एवं एसओपी का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सिविल सर्जन बोकारो को दी गई है। सिविल सर्जन को प्रतिदिन की रिपोर्ट उपायुक्त कार्यालय को भेजनी होगी और किसी भी गड़बड़ी पर तत्काल कार्रवाई करनी होगी।

रेड क्रास ब्लड सेंटर की कार्यप्रणाली एवं नियमावली की समीक्षा के लिए तीन सदस्यीय टीम का गठन करने का निर्देश गिया। यह टीम रेड क्रास के संचालन, रिकॉर्ड प्रबंधन, रक्त परीक्षण की प्रक्रिया और दाताओं के पंजीकरण से संबंधित सभी बिंदुओं की जांच करेगी। टीम का उद्देश्य पारदर्शिता बढ़ाना और संचालन में सुधार के लिए व्यावहारिक सुझाव प्रस्तुत करना होगा।

रेड क्रास बोकारो की प्रशासनिक व्यवस्था को दुरुस्त करने हेतु उपायुक्त ने अनुमंडल पदाधिकारी चास को तत्काल प्रभाव से रेड क्रास बोकारो का प्रशासक नियुक्त किया है। प्रशासक रेड क्रास की संपूर्ण गतिविधियों की निगरानी करेंगे तथा संचालन से जुड़ी प्रत्येक गतिविधि की जानकारी जिला प्रशासन को देंगे।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि किसी भी ब्लड सेंटर में रैपिट किट से ब्लड जांच नहीं की जाएगी। यदि किसी संस्थान में इस प्रकार की जांच पाई जाती है तो उस ब्लड सेंटर का लाइसेंस तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि रक्त परीक्षण की प्रक्रिया पूर्ण वैज्ञानिक और प्रमाणित विधियों से की जानी चाहिए, ताकि जनस्वास्थ्य को कोई खतरा नहीं हो। उन्होंने नये सदस्यों को भी रेड क्रास से जोड़ने को लेकर अभियान चलाने का निर्देश दिया।

थैलेसिमिया से पीड़ित बच्चों और रोगियों को रक्त की कमी का सामना नहीं करना पड़े, इसके लिए 3 चिकित्सकों का पैनल बनाएं। यह टीम प्रत्येक मामले में रोगी की रक्त आवश्यकता का आंकलन करेगी और समय पर रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करेगी। उपायुक्त ने कहा कि थैलेसिमिया पीड़ित बच्चे समाज की जिम्मेदारी हैं, और उनके लिए रक्त की आपूर्ति प्राथमिकता आधारित व्यवस्था के तहत की जाएगी।

रेड क्रास एवं अन्य ब्लड सेंटरों में प्रोफेशनल डोनर्स एवं अवांछित तत्वों की गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। उपायुक्त ने सख्त निर्देश दिए कि यदि किसी व्यक्ति द्वारा आर्थिक लाभ के लिए बार-बार रक्तदान करने जैसी गतिविधि पाई जाती है, तो उस पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा, प्रत्येक डोनर का वेरिफाइड रिकॉर्ड रखना अनिवार्य किया गया है।

ब्लड सेंटर जैसे संवेदनशील सार्वजनिक संस्थान में पारदर्शिता और मानक संचालन प्रक्रिया का पालन सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। कोई भी व्यक्ति या संस्था नियमों से समझौता नहीं कर सकती। प्रशासन का उद्देश्य है कि जनता को सुरक्षित रक्त समय पर और नैतिक प्रक्रिया से उपलब्ध हो। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक ब्लड सेंटर की मासिक समीक्षा रिपोर्ट तैयार की जाए और ब्लड बैंक संचालन से संबंधित सभी सूचनाएं जिला स्वास्थ्य समिति को नियमित रूप से भेजी जाएं।

# मेहनत का कोई शार्ट कट नहीं : उपायुक्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो जिला को मैट्रिक, इंटर परीक्षा परिणाम में राज्य के टॉप श्री जिलों में स्थान दिलाने के उद्देश्य से उपायुक्त अजय नाथ झा की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में एक अति महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के सभी सरकारी माध्यमिक, उच्च माध्यमिक विद्यालयों एवं स्थापना अनुमति प्राप्त विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों ने हिस्सा लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा 2026 में विद्यार्थियों के परिणाम को बेहतर बनाना था। मौके पर अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, सहायक परियोजन पदाधिकारी अविनव सिन्हा समेत अन्य उपस्थित थे।

बैठक को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि बोकारो को राज्य के टॉप श्री जिलों में लाने के लिए सभी शिक्षकों और विद्यालय प्रबंधन को समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करना होगा। विद्यार्थियों को यह समझाना आवश्यक है कि मेहनत का कोई शॉर्टकट नहीं होता। उन्होंने सभी प्रधानाध्यापकों को निर्देश दिया कि वे अपने विद्यालयों में अध्ययन वातावरण को सुदृढ़ करें और प्रत्येक छात्र तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षण पहुंचाना सुनिश्चित करें।

उपायुक्त ने कहा कि प्रत्येक प्रखंड स्तर पर सभी विषयों के डेडिकेटेड शिक्षकों का पैनल तैयार किया जाए, ताकि आवश्यकता पड़ने पर किसी विद्यालय में शिक्षण सहयोग उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने निर्देश दिया कि शिक्षकों का यह पैनल छात्रों की टेस्ट सीरीज, प्रि-टेस्ट और परिचर्चा सत्रों में भी सक्रिय भूमिका निभाए।

बैठक में बताया गया कि जिले के सभी विद्यालयों में आगामी 6 नवंबर से टेस्ट सीरीज प्रारंभ की जाएगी। प्रत्येक टेस्ट में किसी एक विषय के 2 पाठों से प्रश्न पूछे जाएंगे। इस प्रकार कुल पांच टेस्ट सीरीज आयोजित की जाएंगी, जबकि छठी टेस्ट सीरीज में पूरे पाठ्यक्रम से प्रश्न शामिल होंगे।

कहा कि प्रत्येक टेस्ट के बाद उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जाए और उसी दिन अपराह्न में कक्षा चर्चा कर छात्रों को फीडबैक दिया जाएगा। इससे बच्चों को अपनी गलतियों को समझने और सुधारने का अवसर मिलेगा।

उपायुक्त ने सभी विद्यालयों को निर्देश दिया कि टेस्ट सीरीज के परिणामों का छात्र वार-विद्यालय वार विश्लेषण किया जाए और उसी के आधार पर मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की जाए।

उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी टेस्ट में सभी बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए और अनुपस्थित विद्यार्थियों से कारण पूछा जाए।

उपायुक्त ने प्रधानाध्यापकों से कहा कि विद्यार्थियों को प्रि-टेस्ट और परिचर्चा सत्रों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जाए, ताकि वे परीक्षा के प्रारूप से भलीभांति परिचित हो सकें। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ाएंगे और परिणामों में सकारात्मक बदलाव लाएंगे।

## ऊर्जा बचत और जल संरक्षण पर किसानों को मिला प्रशिक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोकारो।** चंदनकियारी व चास प्रखंड अंतर्गत जरेडा झारखंड नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण की ओर से आदर्श ग्राम योजना के तहत कृषि में ऊर्जा संरक्षण को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पंचायत के प्रतिनिधियों एवं कृषक मित्रों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

जरेडा की ओर से निशा कुमारी, कृष्णा कुमार, शिवानी कुमारी, सुशील प्रसाद और होलिका कुमारी ने ऊर्जा के महत्व पर प्रकाश डाला और ऊर्जा संरक्षण में अपना योगदान बढ़ाने के लिए उपस्थित किसानों को प्रेरित किया। चंदनकियारी गम्हरिया, खेड़ाबेड़ा, पोलकीरी, देवग्राम, सहारजोरी, वोही चास प्रखंड में चिकसिया, बेलुंजा में आयोजित किया गया।

# बोकारो स्टील प्लांट में राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोकारो।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर 31 अक्टूबर को देशभर में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया जाता है। इस मौके पर बोकारो इस्पात संयंत्र द्वारा भी राष्ट्रीय एकता दौड़ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी द्वारा उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाने के साथ हुई। तत्पश्चात उन्होंने गांधी चौक से इस्पात भवन तक आयोजित राष्ट्रीय एकता दौड़ को फ्लैग-ऑफ किया। सतर्कता जागरूकता सप्ताह की श्रृंखला में राष्ट्रीय एकता दौड़ में बोकारो इस्पात नगर के विद्यालयों के छात्र-छात्राओं, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल तथा बीएसएल सतर्कता विभाग की टीम ने मुख्य महाप्रबंधक (सतर्कता) एवं एसीवीओ ज्ञानेश झा के नेतृत्व में भाग लिया।

# भाजपा को झटका देने की तैयारी में झामुमो

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** घाटशिला विधानसभा उपचुनाव को लेकर रणनीतिक बढ़त हासिल करते हुए सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा ने भाजपा में सेंधमारी की है। पूर्व शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के निधन से खाली हुई इस सीट पर 11 नवंबर को मतदान और 14 नवंबर को मतगणना होगी। इसी बीच, झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने भाजपा को बड़ा झटका देते हुए उसके कई प्रमुख नेताओं को गुरुवार को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। पूर्वी सिंहभूम जिला परिषद उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा सहित स्थानीय मंडल अध्यक्ष समेत कई नेता झामुमो में शामिल हो चुके हैं।

यह घटनाक्रम उपचुनाव से ठीक पहले भाजपा में अफरा-तफरी की स्थिति पैदा कर रहा है। दरअसल, भाजपा नेताओं में आक्रोश की बढ़त प्रत्याशी का चयन है। भाजपा ने पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन के बेटे बाबूलाल सोरेन को प्रत्याशी बनाया है। यह फैसला पार्टी के पुराने नेताओं को रास नहीं आया।

स्थानीय स्तर पर भाजपा के कई वरिष्ठ नेता नाराज हैं, क्योंकि वे खुद या उनके समर्थक टिकट की दौड़ में थे। इसी असंतोष का फायदा उठाते हुए झामुमो ने इन नेताओं को लुभाया। इससे पूर्वी सिंहभूम में झामुमो की पकड़ मजबूत होने के साथ-साथ पार्टी को मनोवैज्ञानिक बढ़त मिली है।

भाजपा में आंतरिक कलह चरम पर है। झामुमो के एक वरिष्ठ नेता के मुताबिक भाजपा से और कई नेता शामिल होने की कतार में हैं। पार्टी के समक्ष उनका आवेदन आया है। विचार करने के बाद इसपर निर्णय होगा। यह केवल शुरूआत है और उपचुनाव तक भाजपा के कई नेताओं का पलायन संभव है।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इंटरनेट मीडिया पर पोस्ट किया है - घाटशिला की जनता ने विकास और न्याय का साथ चुना है। घाटशिला झामुमो का पारंपरिक गढ़ रहा है, जहां 2019 और 2024 में रामदास सोरेन ने भाजपा को हराया था। उपचुनाव में मुख्य लड़ाई झामुमो-भाजपा के बीच है। जेएलकेएम ने भी अपना प्रत्याशी खड़ा किया है।

उधर, भाजपा ने ऐसे नेताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की तैयारी कर ली है, जो पार्टी प्रत्याशी के खिलाफ भितरघात में लगे हैं। पार्टी ने इस बाबत रणनीति बनाई है और वैसे कार्यकर्ताओं-नेताओं को चिन्हित किया जा रहा है। दल छोड़ने वाले नेताओं को पार्टी निष्कासित भी कर चुकी है। फिलहाल क्षेत्र में बूथ स्तरीय रणनीति बनाई जा रही है। यह उपचुनाव झारखंड सरकार की लोकप्रियता की परीक्षा है।

## कमिटी ने चाईबासा ब्लड बैंक का किया निरीक्षण

**चाईबासा।** चाईबासा में थैलेसिमिया पीड़ित बच्चों के एचआईवी संक्रमित पाए जाने के मामले में जाँच के लिए स्वास्थ्य विभाग की विशेष सचिव डॉ० नेहा अरोड़ा के नेतृत्व में आज उच्च स्तरीय जाँच कमिटी चाईबासा सदर अस्पताल पहुंची है। कमिटी के द्वारा ब्लड बैंक की जाँच पड़ताल कर रही है। थैलेसिमिया पीड़ित बच्चों के एचआईवी संक्रमित पाए जाने के मामले में सरकार ने जाँच के लिए विभाग की विशेष सचिव डॉ० नेहा अरोड़ा के नेतृत्व में छह सदस्यों की उच्च स्तरीय जाँच कमिटी बनाई है, जिसे सात दिनों में रिपोर्ट देना है। विशेष सचिव डॉक्टर अरोड़ा ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए पश्चिमी सिंहभूम के सिविल सर्जन डॉक्टर सुशांत कुमार माझी ब्लड बैंक के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर दिनेश सवैया और प्रयोगशाला प्राविधिक मनोज कुमार पर कार्रवाई की गई है। डॉ अरोड़ा ने बताया कि राज्य के सभी ब्लड बैंक्स पर किट से जांच नहीं करने के निर्देश दिए गए हैं और एलाइजा टेस्ट के जरिए ही जांच करने का आदेश दिया गया है। उन्होंने बताया कि एलाइजा टेस्ट की सुविधा और मैनपॉवर भी सभी ब्लड बैंक्स को उपलब्ध कराया जा रहा है।

## जनता दरबार का आयोजन

**बोकारो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को आयोजित जनता दरबार में उपायुक्त अजय नाथ झा ने आम जनता से जुड़ी समस्याओं पर क्रमवार सुनवाई की। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे 52 से ज्यादा लोगों की क्रमवार शिकायतों पर सुनवाई किया। साथ ही संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को अग्रसारित करते हुए अविलंब जांच कर समाधान करने का निर्देश दिया।

जनता दरबार में सहकारिता विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व संबंधित विवाद, चास नगर निगम, सामाजिक सुरक्षा आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए थे। उपायुक्त ने समाहरणालय के नीचले तल्ले पर जाकर जनता दरबार में अपनी समस्या लेकर पहुंचें दिव्यांगजनों की भी समस्या सुनी। उन्होंने समस्याओं के निराकरण को लेकर एसी व एनडीसी को जरूरी दिशा निर्देश दिया।

उपायुक्त के निदेर्शानुसार जनता दरबार का आयोजन सभी प्रखंड सह अंचल कार्यालयों में भी किया गया, जहां प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी द्वारा स्थानीय स्तर पर प्राप्त आवेदनों की सुनवाई की गई।

# बीजीएच में चिकित्सकों एवं अधिकारियों के साथ संवाद सत्र

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के सतर्कता विभाग द्वारा ह्वसतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 के अंतर्गत बोकारो जनरल अस्पताल में चिकित्सकों एवं अधिकारियों के साथ एक संवादात्मक सत्र का आयोजन किया गया। यह सत्र बीजीएच के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित हुआ, जिसका उद्देश्य चिकित्सा सेवाओं में पारदर्शिता, निष्ठा एवं उत्तरदायित्व की भावना को और अधिक सुदृढ़ करना था। कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक (सतर्कता) एवं एसीवीओ ज्ञानेश झा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आनंद कुमार, डॉ. अनिंदो मंडल, डॉ. इंद्रनील चौधरी सहित अन्य वरीय चिकित्सक, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

मुख्य महाप्रबंधक एवं एसीवीओ ज्ञानेश झा ने उपस्थित प्रतिभागियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई तथा अपने संबोधन में ईमानदारी, पारदर्शिता और नैतिक मूल्यों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अपने विचार एवं अनुभव साझा किए। सत्र के दौरान उप महाप्रबंधक (सतर्कता) शनि रंजन एवं वरीय प्रबंधक (सतर्कता) चित्रा पराशर ने बीजीएच में सामग्री क्रय एवं सेवा संबंधी अनुबंधों पर आधारित प्रेजेंटेशन और केस स्टडी प्रस्तुत की। संवाद सत्र के दौरान चिकित्सकों एवं अधिकारियों ने सतर्कता से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर सार्थक विचार-विमर्श किया। इस सत्र में कुल 41 प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम का समापन उपमहाप्रबंधक कैरोल शर्मा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

इसी तरह बी एस एल के नगर सेवा के पब्लिक हेल्थ विभाग के द्वारा नेचर ग्रीन एजेंसी के सहयोग से सेक्टर 5 हटिया क्षेत्र में एक व्यापक स्वच्छता अभियान : स्वच्छोत्सव चलाया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र की सफाई, कचरा प्रबंधन एवं स्थानीय नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना था। अभियान के दौरान लक्ष्य आधारित क्षेत्र की सफाई सुनिश्चित की गई जिसमें सड़क, सार्वजनिक स्थल और बाजार क्षेत्र की गहन सफाई की गई।

स्वत्वाधिकारी,
प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी.कॉर्प.लि. के लिए
भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लॉट नंबर 31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित।
संपादक कमल किशोर,
नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार),
स्थानीय संपादक:
मनोज विशाल
फोन नंबर:
9431145865,
8210783623,
आर.एन.आई. पं